# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक




रांची में आयोजित होने वाले भारत-वेस्टइंडीज टी-20 मैच को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते पुलिस अधिकारी


• बोकारो, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 141 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित


## संक्षिप्त समाचार

### महिला कैदी से रेप मामले में तीन पुलिसकर्मियों पर एफआइआर

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** हजारीबाग डिटेंशन सेंटर में बंद महिला कैदी से दुष्कर्म करने के मामले में तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। डालसा ने अपनी रिपोर्ट में महिला कैदी के साथ दुष्कर्म करने का उल्लेख किया है। दूसरी पाली में हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को इस बात की जानकारी दी गई।

### उपराष्ट्रपति के संभावित दौरे को लेकर तैयारी तेज

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** उपराष्ट्रपति के संभावित देवघर आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक कर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा, विधि-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गयी। बैठक में संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### फूफा-भतीजे को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** तिसरी थाना क्षेत्र में सोमवार को एक सड़क हादसे में भतीजे करण तुरी की मौत हो गई। वॉक पर निकले करण और उनके फूफा लाटो तुरी को चंदौरी-बरहमसिया मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लाटो तुरी गंभीर रूप से घायल हैं। बिहार के बिसौली निवासी लाटो तुरी अपने ससुराल चंदौरी गांव आए थे। सोमवार को वे अपने भतीजे करण तुरी (पिता सिकंदर तुरी) के साथ वॉक पर निकले थे। बरहमसिया के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

### महिला ने बच्चे संग नदी में कूदने का किया प्रयास

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मानगो पुल पर सोमवार को एक महिला ने अपने बच्चे के साथ स्वर्णरेखा नदी में कूदने की कोशिश की। राहगीरों ने उसे देखा और तुरंत बचा लिया। इससे पुल पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला बच्चे को लेकर पुल के किनारे पहुंची थी। छलांग लगाने के प्रयास के दौरान लोगों ने फुर्ती दिखाते हुए उसे रोक लिया। राहगीरों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया।

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** इसरी रेलवे फाटक से करीब 500 मीटर पहले रेलवे ट्रैक पर सोमवार को एक महिला का शव बरामद किया गया। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मृतका की उम्र करीब 20 से 25 वर्ष बताई जा रही है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 11:02 बजे दीक्षाभूमि एक्सप्रेस के लोको पायलट ने पारसनाथ स्टेशन के ऑन-ड्यूटी स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि अप लाइन के किलोमीटर संख्या 316/27 के पास एक महिला का शव पड़ा है।

### अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच को लेकर टिकटों की बिक्री शुरू

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम में 9 अक्टूबर को होने वाले भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच को लेकर क्रिकेट प्रेमियों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। मैच का गवाह बनने और अपने पसंदीदा सितारों को लाइव खेलते देखने के लिए सोमवार, 5 अक्टूबर से ऑफलाइन टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है। टिकट पाने की होड़ का आलम यह है कि झारखंड के कोने-कोने और विभिन्न जिलों से पहुंचे फैंस बीते रविवार की रात से ही स्टेडियम परिसर के आसपास डटे हुए हैं।

रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में 207 विद्यार्थियों को मिली उपाधि, पांच टॉपरों को गोल्ड मेडल

# तकनीक को शक्ति, विवेक को मार्गदर्शक बनाएं : राज्यपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में हुआ। इस क्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। दीक्षांत समारोह में 207 सफल विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान दी गई। वहीं विभिन्न संकायों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले पांच मेधावी छात्रों को गोल्ड मेडल भी दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल शैक्षणिक यात्रा का पड़ाव नहीं है बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा की नई जिम्मेदारी की शुरुआत है। दीक्षांत समारोह में युवाओं से तकनीकी दक्षता, वैज्ञानिक सोच और नैतिक मूल्यों के साथ राष्ट्र सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और गुरुजनों को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड के युवाओं में देश सेवा का स्वाभाविक उत्साह और चुनौतियों का सामना करने का साहस रहा है। इस ऊर्जा को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक कौशल से जोड़कर सही




दिशा देने की जरूरत है। राज्यपाल ने कहा कि आज सुरक्षा व्यवस्था के सामने साइबर अपराध, डिजिटल धोखाधड़ी, डेटा सुरक्षा, वित्तीय अपराध, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग, डीपफ़ेक, वॉयस क्लोनिंग, भ्रामक सूचनाओं और साइबर हमलों जैसी नई चुनौतियां हैं। इनसे निपटने के लिए युवाओं को तकनीकी ज्ञान के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विश्लेषण क्षमता और निरंतर सीखने की आदत विकसित करनी होगी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों को तकनीक को अपनी शक्ति और विवेक को अपना मार्गदर्शक बनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के क्षेत्र में तकनीक का इस्तेमाल कानून, मानव गरिमा, नागरिक अधिकार और निजता का सम्मान करते हुए होना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड के किसी जिले या क्षेत्र की पहचान साइबर अपराध से नहीं जुड़नी चाहिए। जब देश में साइबर अपराध की रोकथाम की चर्चा हो तो झारखंड का नाम अग्रणी राज्यों में लिया जाना चाहिए। उन्होंने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि वे इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। श्री ने विश्वविद्यालय में साइबर अपराध, अपराध मनोविज्ञान, महिला एवं बाल सुरक्षा, वित्तीय अपराध, नशीले पदार्थों की रोकथाम, आपदा प्रबंधन और आधुनिक पुलिसिंग जैसे विषयों पर समाधानपरक शोध को बढ़ावा देने की जरूरत बताई। उन्होंने पुलिस प्रशासन, रक्षा एवं तकनीकी संस्थानों और उद्योग जगत के साथ अकादमिक संबंध मजबूत करने और विद्यार्थियों को फील्ड ट्रेनिंग, इंटर्नशिप व केस स्टडी के अधिक अवसर देने पर जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय की आधारशिला पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री स्वर्गीय मनोहर पर्रिकर ने रखी थी। उनकी सादगी, कर्मठता और राष्ट्र सेवा की भावना विश्वविद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत है। विश्वविद्यालय को सुरक्षा शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान मजबूत करने की दिशा में लगातार काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है। सुरक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित युवा देश के विकास के लिए जरूरी सुरक्षा, स्थिरता और विश्वास का वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफलता मिलने पर विनम्र रहें और चुनौतियों के समय अपने नैतिक मूल्यों से समझौता न करें। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनके लिए खुला आकाश है और वे जितनी ऊंची उड़ान भरना चाहें, भर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्षेत्र में युवाओं को नवाचार की जरूरत होगी और इसके लिए ऊर्जा, सोच और कुछ नया करने की इच्छा जरूरी है। उन्होंने युवाओं से भविष्य में कितनी भी प्रतिष्ठा हासिल करने के बावजूद 'राष्ट्र प्रथम' की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फॉरेंसिक साइंस, साइबर सिक्योरिटी और डिजिटल क्रांति के दौर में युवाओं से अपनी क्षमताओं का उपयोग राष्ट्र निर्माण में करने की अपील की। संजय सेठ ने युवाओं को कार्य में पारदर्शिता बनाए रखने और भ्रष्टाचार से दूर रहने की सलाह दी। साथ ही नशा मुक्त भारत के अभियान में भी युवाओं से सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य फॉरेंसिक विज्ञान संस्थान के निदेशक व सेवानिवृत्त आईपीएस जीके गोस्वामी सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति राहुल पुरवार, रजिस्ट्रार डॉ. हेमेंद्र कुमार भगत सहित शिक्षक, अधिकारी, विद्यार्थी और उनके अभिभावक मौजूद रहे।

## झारखंड में सरकारी डॉक्टर 9-10 अक्टूबर को काला बिल्ला लगाकर देखेंगे मरीज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** बिहार या केंद्र सरकार की तर्ज पर झारखंड के सरकारी चिकित्सकों को भी डीएसीपी देने सहित कई मांगों को लेकर झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेस एसोसिएशन ने अपने पूर्व घोषित चरणबद्ध आंदोलन में मामूली बदलाव किया है। अब राज्यभर के सरकारी डॉक्टर्स 9 और 10 अक्टूबर को काला बिल्ला लगाकर मरीजों का इलाज करेंगे। इससे पहले 8 अक्टूबर तक सोशल मीडिया पर जनता के बीच यह संदेश जागरूकता के रूप में फैलाएंगे। सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सरकारी डॉक्टर यह आक्रोश दिखाने की कोशिश करेंगे कि आखिर राज्य के डॉक्टरों को क्यों कार्य बहिष्कार तक का फैसला लेना पड़ा। वहीं सोमवार को झासा के सदस्यों ने अपनी मांगों वाला मेमोरेंडम राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और अपर मुख्य सचिव के साथ-साथ झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजा। झासा के सदस्य डॉ केएम सिंह ने कहा कि मेमोरेंडम में झासा द्वारा की जा रही सभी मांगों का जिक्र है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रमुख मांग है कि झारखंड के सरकारी चिकित्सकों को केंद्र या बिहार सरकार की तर्ज पर डीएसीपी का लाभ दिया जाए। डॉ केएम सिंह ने कहा कि अपने पूर्व घोषित चरणबद्ध आंदोलन पर झासा और आईएमए कायम है। राज्यभर के सरकारी अस्पतालों में 21 अक्टूबर को धरना प्रदर्शन होगा और मांगें पूरी नहीं होने पर 22 अक्टूबर से सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी छोड़ राज्यभर में सभी सरकारी-निजी स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप कर दी जाएंगी।

## सीएम हेमंत सोरेन ने किया योगदा आश्रम का दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजनीति और अध्यात्म का एक अनूठा संगम देखने को मिला है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने राजधानी रांची के चुटिया स्थित ऐतिहासिक योगदा सत्संग आश्रम का दौरा किया। इस वीआईपी दौरे ने राजनीतिक गलियारों के साथ-साथ आध्यात्मिक हलकों में भी खासी सुर्खियां बटोरी हैं। आश्रम पहुंचने पर मुख्यमंत्री दंपति का आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने आश्रम के वरिष्ठ संतों स्वामी ईश्वरानंद जी और स्वामी निर्मलानंद जी से शिष्टाचार मुलाकात की। संतों ने मुख्यमंत्री को आश्रम की हालिया आध्यात्मिक गतिविधियों, सामाजिक सेवा कार्यों और शिक्षा के क्षेत्र में चल रहे अभियानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दौरे के दौरान सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने उस पावन स्थल का



गहराई से अवलोकन किया, जहां महान आध्यात्मिक गुरु और क्रिया योग के प्रचारक श्री श्री परमहंस योगानंद जी का सान्निध्य रहा था। इस दौरान उन्होंने निम्नलिखित प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने उस ऐतिहासिक कक्ष का मुआयना किया, जहां गुरुजी निवास करते थे। यहां योगानंद जी द्वारा उपयोग में लाई गईं चारपाई, उनके चरण-चिन्ह और अन्य व्यक्तिगत वस्तुएं (जैसे उनके वस्त्र, छाता और एक पवित्र गुलाब का फूल) आज भी पूरी तरह सुरक्षित हैं। गैलरी में मुख्यमंत्री ने परमहंस योगानंद जी के जीवन से जुड़े दुर्लभ फोटोग्राफ्स, उनके द्वारा रचित विश्व प्रसिद्ध साहित्य (जैसे योगी कथामृत), शिष्यों की पुस्तकें और उनके सम्मान में जारी किए गए विशेष डाक टिकटों को बहुत बारीकी से देखा। मुख्यमंत्री ने आश्रम परिसर में स्थित ध्यान मंदिर, शांत वातावरण वाले उद्यानों, स्मृति मंदिर और उस ऐतिहासिक लीची वेदी का भी परिभ्रमण किया जहां बैठकर योगानंद जी घंटों ध्यान साधना किया करते थे।

## प्रदेश भाजपा के नए प्रभारी गजेंद्र पटेल का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड भाजपा के नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारियों के सोमवार को रांची पहुंचने पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सह झारखंड प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल तथा प्रदेश के दोनों सह प्रभारी सौरभ सिंह और निवेदिता सिंह के आगमन पर एयरपोर्ट परिसर ढोल-नगाड़ों और पार्टी कार्यकर्ताओं के जयघोष से गूंज उठा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने झारखंड की समृद्ध लोक संस्कृति और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुरूप तीनों नेताओं का फूल-मालाओं, पुष्पवर्षा, ढोल-नगाड़ों और पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में नए संगठनात्मक नेतृत्व को लेकर उत्साह




और उमंग देखने को मिली। प्रदेश प्रभारी गजेंद्र सिंह पटेल के साथ सह प्रभारी सौरभ सिंह, जो छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अध्यक्ष हैं तथा बिहार विधान परिषद की सदस्य निवेदिता सिंह भी झारखंड पहुंचीं। पार्टी नेताओं ने कहा कि नए प्रभारी और सह प्रभारियों के नेतृत्व में झारखंड में संगठन को और मजबूत करने तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट करने की दिशा में काम किया जाएगा। स्वागत करने वालों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा, राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, नवीन जायसवाल, गणेश मिश्रा, अमर कुमार बाउरी, शालिनी बैसिखियार, सरोज सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, विरंची नारायण, सीमा सिंह, सन्नी टोप्पो, संदीप वर्मा, सूरज शाहदेव, वरुण साहू, धीरज महतो, जितेंद्र वर्मा, जितेंद्र पटेल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अवैध कोयला परिवहन करते पांच हाइवा जब्त

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र में अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच कोयला लदे हाइवा वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ पुलिस, सीसीएल सिक्योरिटी और एसआईएसएफ की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर की। कार्रवाई के बाद अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम को क्षेत्र में अवैध तरीके से कोयले के परिवहन की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर टीम ने अभियान चलाकर संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पांच कोयला लदे हाइवा वाहनों को पकड़ा। सभी वाहनों को जब्त कर बालूमाथ थाना क्षेत्र के अमरवाडीह पिकेट लाया गया है।

## पिकनिक से लौटे पीएम श्री स्कूल के 30 बच्चे बीमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** खूंटी जिला के कर्रा प्रखंड स्थित पीएम श्री उच्च विद्यालय तिलमी के करीब 30 बच्चों की तबीयत अचानक बिगड़ने से स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। शैक्षणिक भ्रमण से लौटने के बाद बच्चों में उल्टी, दस्त, तेज बुखार और पेट दर्द की शिकायत सामने आई। इसके बाद कई बच्चों को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक ने इसकी पुष्टि की है। दरअसल 3 अक्टूबर को विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर तोरपा प्रखंड के डोड़मा स्थित गुरुकुल और रानीफॉल ले जाया गया था। भ्रमण के दौरान बच्चों ने खुद भी भोजन बनाया था। वहीं पिकनिक स्थल के आसपास ठेलों से खाद्य सामग्री खाने की बात भी सामने आई है। हालांकि बच्चों के बीमार पड़ने की वास्तविक वजह अभी स्पष्ट नहीं है और स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है। रविवार शाम से बच्चों की तबीयत बिगड़नी शुरू हुई और 5 अक्टूबर की सुबह तक उल्टी, दस्त, बुखार और पेट दर्द की शिकायत वाले बच्चों की संख्या बढ़ गई। प्रभावित बच्चों में अधिकांश तिलमी गांव के रहने वाले हैं। इसके अलावा मासको और बरवादाग गांव के भी कुछ बच्चों के बीमार होने की जानकारी है। मामले की पुष्टि करते हुए खूंटी के सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक ने बताया कि डॉक्टरों की टीम ने बच्चों की निगरानी करते हुए इलाज किया।

## यूसीआइएल ने हीरक जयंती वर्ष मनाया, भारत के यूरेनियम खनन और प्रसंस्करण क्षमता के छह दशक पूरे होने का जश्न

कुमार विनय

**जादूगोड़ा(जमशेदपुर)।** परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम(पीएसयू), यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(यूसीआईएल) ने अपना हीरक जयंती वर्ष मनाया। चार अक्टूबर 1967 को इसके गठन और भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में इसके योगदान के छह दशक पूरे होने का यह प्रतीक है। परमाणु ऊर्जा आयोग की सदस्य-वित्त, सीमा जैन ने कल रात जादूगोड़ा में हुए समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पायलट संयंत्र तथा परमाणु ऊर्जा विभाग से सहायता प्राप्त संस्थान, साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स, के प्रस्तावित नई डार्क मैटर प्रयोगशाला के स्थल का दौरा किया। इसके अलावा अपनी तरह की पहली पत्रकार कार्यशाला ने मीडिया प्रतिनिधियों को यूसीआईएल के कार्यकलापों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। स्कूली छात्रों के लिए एक विशेष डीएई प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी ने परमाणु ऊर्जा के औद्योगिक और सामाजिक अनुप्रयोगों को प्रदर्शित किया। इस समारोह के दौरान यूरेनियम खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में यूसीआईएल की विकसित होती क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया तथा भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में इसके ऐतिहासिक और निरंतर योगदान पर प्रकाश डाला गया। परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने 4 अक्टूबर 2026 को अपना हीरक जयंती वर्ष मनाया। यह अवसर यूरेनियम के खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में इसकी छह दशकों की यात्रा तथा भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाते हुए इसके योगदान को दिखलाता है। जादूगोड़ा में आयोजित हीरक जयंती वर्ष समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, तकनीकी कर्मियों, कर्मचारियों, मीडिया प्रतिनिधियों तथा अन्य हितधारकों ने एक साथ भाग लिया। इस अवसर पर यूसीआईएल की संस्थागत यात्रा के एक महत्वपूर्ण पड़ाव का स्मरण किया गया तथा भविष्य की संभावनाओं और साझा जिम्मेदारियों पर भी विचार किया गया। हीरक जयंती वर्ष समारोह में परमाणु ऊर्जा आयोग की सदस्य-वित्त सीमा जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने जादूगोड़ा स्थित सी, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) केंद्र में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन पायलट संयंत्र(टीडीपीपी) तथा जादूगोड़ा की भूमिगत खदान के 815 मीटर के स्तर पर डार्क मैटर प्रयोगशाला के प्रस्तावित नए स्थल का भी दौरा किया। इस अवसर पर बोलते हुए परमाणु ऊर्जा आयोग की सदस्य-वित्त सुश्री जैन ने कहा, यूसीआईएल का हीरक जयंती वर्ष वैज्ञानिक क्षमता, संस्थागत अनुभव और राष्ट्र के प्रति छह दशकों की समर्पित सेवा का उत्सव है। यह डॉ. होमी जहांगीर भाभा और उन अग्रणियों को सम्मानपूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करने का भी अवसर है, जिन्होंने भारत की यूरेनियम खनन एवं प्रसंस्करण क्षमताओं की नींव रखी। धरती की गहराइयों से लेकर व्यापक परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम तक, यूसीआईएल ने यूरेनियम खनन एवं प्रसंस्करण में स्वदेशी क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण और जिम्मेदार भूमिका निभाई है। इन छह दशकों के दौरान, यूसीआईएल के कर्मियों की पीढ़ियों ने कठिन परिस्थितियों और चुनौतीपूर्ण वातावरण में कार्य करते हुए इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्रयास को निरंतर बनाए रखने के लिए उल्लेखनीय समर्पण और दृढ़ता का परिचय दिया है। जैसे-जैसे भारत परमाणु ऊर्जा की एक विस्तारित भूमिका की ओर देख रहा है, यह महत्वपूर्ण पड़ाव उन लोगों, प्रौद्योगिकियों और प्रणालियों को पहचानने का भी अवसर है, जिन्होंने इस यात्रा को निरंतर आगे बढ़ाया है और भविष्य की ओर आत्मविश्वास के साथ देखने का अवसर प्रदान करता है। परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव एवं परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डॉ. अजित कुमार मोहंती ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा, ल्हीरक जयंती वर्ष यूसीआईएल के योगदान को मान्यता देने तथा भारत के परमाणु ऊर्जा मिशन की दिशा में आगे बढ़ते हुए निरंतर नवाचार और क्षमता निर्माण के महत्व की पुनः पुष्टि करने का अवसर है। हीरक जयंती वर्ष कार्यक्रम की एक प्रमुख विशेषता नरवापहाड़ स्थित सूचना केंद्र में आयोजित पत्रकार कार्यशाला थी। इसके साथ ही, डीएई की इकाइयों और संस्थानों से विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों एवं उनके अनुप्रयोगों को प्रदर्शित करने वाली डीएई प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। इस कार्यशाला ने इसमें भाग लेने वाले मीडिया प्रतिनिधियों को भारत के परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के पीछे कार्यरत विज्ञान, प्रौद्योगिकी और लोगों के और करीब आने का अवसर प्रदान किया। इसने मीडिया प्रतिनिधियों को वैज्ञानिकों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ संवाद करने तथा उन प्रौद्योगिकियों, प्रणालियों और अनुप्रयोगों की गहन समझ प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया, जो व्यापक परमाणु एवं विकिरण प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। मीडिया प्रतिनिधियों ने यूसीआईएल की यूरेनियम खनन एवं मिलिंग सुविधाओं का दौरा किया। इस दौरान उन्हें खनन कार्यों, अयस्क के रखरखाव एवं प्रसंस्करण प्रणालियों तथा परिचालन स्थलों पर अपनाई जाने वाली प्रौद्योगिकियों और कार्य-पद्धतियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। यूसीआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. कचम आनंद राव ने कहा, हीरक जयंती वर्ष यूसीआईएल परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए गर्व का महत्वपूर्ण पड़ाव है। छह दशकों से अधिक की अवधि में यूसीआईएल ने यूरेनियम खनन एवं प्रसंस्करण के क्षेत्र में लगातार विशेषज्ञता और बुनियादी ढांचे का विकास किया है तथा प्रौद्योगिकी, सुरक्षा और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है।

CMYK

# दुर्गापूजा को ले खैरा थाना में शांति समिति की बैठक

**बैठक में अंचल अधिकारी आशीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पूजा को ले आवश्यक दिशा-निर्देश दिए**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खैरा/जमुई।** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को खैरा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचल अधिकारी आशीष कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी शेखर सुमन एवं थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पूजा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की।

**बैठक में अधिकारियों ने पूजा समितियों के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों से आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की**

उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने पूजा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था एवं जुलूस के दौरान निर्धारित नियमों का पालन करने की बात कही। उन्होंने पूजा समितियों से पंडालों में पर्याप्त रोशनी, अग्निशमन व्यवस्था तथा आपात स्थिति में पुलिस-प्रशासन से समन्वय बनाए रखने को कहा।अधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहेगा।

असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बैठक में पूजा समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रोटरी गिरिडीह के एक्यूप्रेशर एवं नेचुरोपैथी कैंप में पहले दिन 30 लोगों का उपचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह की ओर से आयोजित पांच दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं नेचुरोपैथी कैंप का सोमवार को रोटरी नेत्र चिकित्सालय में शुभारंभ हुआ। कैंप 8 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें राजस्थान से पहुंचे थैरेपिस्ट रबींद्र विश्नोई, राजेंद्र विश्नोई, उम्मेद सिंह एवं सौरभ बंसल द्वारा लोगों की शारीरिक समस्याओं के समाधान के लिए एक्यूप्रेशर, सुजोक एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जा रहा है। कैंप के पहले दिन कुल 30 लोगों का उपचार किया गया। चिकित्सकीय टीम ने उपचार के बाद मरीजों को अगले चार दिनों तक कैंप में आने की सलाह दी। आयोजकों के अनुसार, कैंप में बिना दवा के प्राकृतिक चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उपचार किया जा रहा है। कैंप के सफल संचालन में रोटरी गिरिडीह के अध्यक्ष अमित गुप्ता, सचिव मनीष वर्णवाल, कैंप संयोजक अमित अग्रवाल, विकास बगड़िया, अभिषेक जैन, विकास बसईवाला, देवेंद्र सिंह सहित अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## समाचार सार

### खो-खो में गार्नेट हाउस का दबदबा, एमेरल्ड

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धरियाडीह स्थित ओपेन माइंड वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन उत्साह और रोमांच के बीच किया गया। प्रतियोगिता में एमेरल्ड, सफायर, गार्नेट और टोपाज हाउस की छात्राओं ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। मैदान में छात्राओं के शानदार प्रदर्शन और दमदार टीम समन्वय ने मुकाबले को रोमांचक बना दिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की प्राचार्य चंद्रमल्लिका घोष चौधुरी ने फीता काटकर किया। इसके बाद विभिन्न हाउस की टीमों के बीच मुकाबले शुरू हुए। छात्राओं ने बेहतरीन फुटवर्क, त्वरित निर्णय क्षमता और शानदार रणनीति का प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबले के बाद गार्नेट हाउस ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि एमेरल्ड हाउस उपविजेता और टोपाज हाउस द्वितीय उपविजेता रहा।प्रतियोगिता के समापन पर प्राचार्य ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खो-खो जैसे पारंपरिक भारतीय खेल बच्चों में त्वरित निर्णय लेने की क्षमता, अनुशासन, टीम भावना, शारीरिक सक्रियता और आपसी समन्वय विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा और क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर देते हैं। प्राचार्य ने प्रतियोगिता की सफलता के लिए कोच कर्मवीर पांडेय, ऋतिक कुमार एवं श्रुति के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षकों की मेहनत और छात्राओं की लगन के कारण प्रतियोगिता सफल रही। वहीं कोच कर्मवीर पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। मैदान में जीत किसी एक टीम को मिलती है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मौके पर एकेडेमिक हेड मोहम्मद शहरयार, बरनाली पॉल, विनय राय सहित कोच कर्मवीर पांडेय, ऋतिक कुमार एवं श्रुति मौजूद रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। सेवा ज्योति यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा।

### सेवा ज्योति यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा, मंडलों की बैठकों में बनी रणनीति

**07 अक्टूबर को झंडा मैदान में जुटेंगे कार्यकर्ता व आमजन**



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स।** भाजपा नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आगामी 07 अक्टूबर को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित होने वाली ह्यसेवा ज्योति यात्राह्ल को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में गिरिडीह महानगर जिला अंतर्गत विभिन्न मंडलों में महत्वपूर्ण तैयारी बैठकें आयोजित कर कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई और अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की रणनीति बनाई गई। लेदा मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय की अध्यक्षता में बजटो में हुई। वहीं हरलाडीह एवं पीरटांड़ मंडल की संयुक्त बैठक खुखरा में अजय सिंह एवं सोमनाथ पांडेय की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित हुई। दोनों बैठकों में महानगर जिला अध्यक्ष रंजित कुमार राय, जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद मंडल एवं भाजपा नेता मनोज साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में नेताओं ने कहा कि 07 अक्टूबर को झंडा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में हर बूथ से कार्यकताओं एवं आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यकता९ओं से आह्वान किया गया कि वे पूरी ताकत के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर सेवा ज्योति यात्राह्ल को ऐतिहासिक बनाएं। इस दौरान कार्यक्रम की तैयारियों, कार्यकताओं की भूमिका और जनसंपर्क अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन उत्सव तैयारी बैठक के साथ ही ह्यसेवा संकल्प अभियान के तहत बजटो स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में ह्यआंगन उत्सव का आयोजन किया गया। जिला मंत्री सह सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद मंडल के नेतृत्व तथा जिला अध्यक्ष रंजित कुमार राय एवं मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय की उपस्थिति में आंगनबाड़ी केंद्र के नन्हे-मुन्ने बच्चों के बीच फल एवं चॉकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविकाओं एवं सहायिकाओं को उनके समर्पण और योगदान के लिए अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी कार्यक्रम में मनोज साव, शरद भक्त, नारायण पांडेय, रामबाबू साव, सुरेश मोहली, प्राणवल्लभ भक्त सहित लेदा, हरलाडीह एवं पीरटांड़ मंडल के महामंत्री, उपाध्यक्ष, मंत्री, कार्यसमिति सदस्य एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अलीगंज चौक पर जाम से राहगीर हलकान, पैदल चलना भी मुश्किल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता अलीगंज/जमुई।** अलीगंज बाजार और मुख्य सड़क मार्ग पर जाम की समस्या से आम लोग त्रस्त हैं। जमुई-नवादा सड़क पर स्थित इस व्यस्त चौक पर हर दिन वाहन और राहगीरों की भीड़ उमड़ती है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि स्कूली वाहन, एंबुलेंस और पर्यटक वाहन तक फंस जाते हैं। यह चौक आसपास के ग्रामीण इलाकों का मुख्य संपर्क बिंदू है। यहां अस्थायी बस स्टैंड होने के कारण बस पकड़ने वालों की आपाधापी रहती है। पर्यटक मार्ग होने से बड़ी संख्या में बाहरी वाहन भी गुजरते हैं।

# आस्था व विश्वास का केन्द्र है अलीगंज प्रखंड क्षेत्र का औलिया बाबा का मजार

**बडी संख्या मे हिन्दु व मुसलमान भाईयो आते है बाबा के दरबार माथा टेकने**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता अलीगंज/जमुई ।** जिले के अलीगंज प्रखंड के कोदवरिया पंचायत के भलुआना गाव के समीप दक्षिण पहाड़ पर औलिया बाबा का मजार है जो हिन्दुओं और मुसलमानों के लिए कई वर्षों से आस्था व विश्वास का केन्द्र बना हुआ है। यह पहाड़ के पश्चिम गिरीडीह और कौआकोल सटा हुआ है तो पूरब जमुई-खैरा सीमा को छू रखा है जो नक्सलियों और अपराधियों के लिए सेफ जोन माना जाता है। यह पहाड़ कई जिलों की सीमाओं को छूता है। औलिया बाबा मजार भक्तजनों का असीम विश्वास व भक्ति का केन्द्र बिंदु बना हुआ है। मजार के बारे में कई पुराने लोग बताते हैं कि लगभग 250 वर्षो से पूजा-अर्चना की जा रही है। वहीं बाबा का मजार चारों तरफ जंगल से घिरा हुआ है और पहाड़ की सबसे ऊंची चोटी पर उनका मजार स्थित है। पुरानी गाथा है कि कुछ लकड़हारे लकड़ी लाने के लिए जंगल जाया करते थे जिन्होंने देखा कि एक सफेद पैजामा-कुर्ता और उजले घोड़े की सवारी कर जंगलों का भ्रमण करते थे और उसकी जंगली जानवरों से रक्षा करते थे। कुछ लोगों का दुख-दर्द भी सुनते थे। कई लोगों की मन्नतें भी पूरी हुई और स्वप्न देकर पहाड़ की सब से ऊंची चोटी पर ही रूक गए और वहीं समाधि ले लिये। तबसे भक्त यहा पूजा-अर्चना कर अपनी मन्नतें मागते हैं। लोगों का ऐसा मानना है कि सच्चे दिल से बाबा के दरबार मन्नतें मागने वालों की मुरादें पूरी होती है। बाबा का मजार लगभग 200 फीट ऊंची पहाड़ पर है जो पहाड़ के बीचोबीच हरे-भरे पेड़ पौधों की लहराते वृक्षों की नीचे टेढ़ी-मेढ़ी नुकीले पथरों की बीच जाने का रास्ता है। पहले जुम्मे और जुम्मेरात शुक्रवार व गुरूवार को रात में बड़ी संख्या में महिला व पुरूष बाबा का दर्शन करने के लिए पहाड़ पर ठहरते हैं। बाबा के प्रसाद के रूप में मिठाई, बतासा, पेड़ा व सिरनी चदरा हरा कपड़ा चढ़ाया जाता है और खस्सी की बली दी जाती है। बाबा का पूजा भादव महीना छोड़कर सभी दिन होती है और बकरे की बलि दी जाती है जो सोमवार,गुरूवार और शुक्रवार की बलि दी जाती है। बाकी दिनो पुजा अर्चना किया जाता है। यह पहाड के सबसे उची चोटी पर बाबा का मजार अवस्थित है। यहा इलाके साथ दुर -दुर से लोग मिन्नत पुरी होने पर बाबा के दरबार मे चादपोशी के साथ शादी विवाह के बाद बकरे (खससी) का बलि देने के लिए बडी संख्या मे आते है।

# सेवा ज्योति यात्रा को लेकर भाजपा ने झोंकी ताकत



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 7 अक्टूबर को गिरिडीह के झंडा मैदान में आयोजित होने वाली सेवाज्योति यात्रा को सफल बनाने को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियां तेज कर दी हैं।

इसी क्रम में सोमवार को पीरटांड़ के खुखरा में भाजपा की ओर से बैठक सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों एवं मंडल पदाधिकारियों का सम्मान करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष रंजीत राय, वरिष्ठ नेता मनोज साहू समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में सेवा ज्योति यात्रा को सफल बनाने के साथ आगामी उपचुनाव को लेकर भी संगठन की रणनीति पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रंजीत राय ने कहा कि आगामी उपचुनाव में उम्मीदवार का चेहरा नहीं, बल्कि कमल का निशान महत्वपूर्ण होगा।

# गिरिडीह अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक में दुर्गापूजा को ले प्रशासन अलर्ट

**सौहार्द बनाए रखने की अपील**



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गापूजा पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को गिरिडीह अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार ने की।

बैठक में पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं सामाजिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओ धीरेन्द्र कुमार ने पूजा समितियों एवं आम लोगों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने पूजा पंडालों में सुरक्षा मानकों का पालन, विद्युत सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था तथा पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवकों की तैनाती सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

साथ ही डीजे पर प्रतिबंध का पालन कराने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित नहीं करने की अपील की गई। एसडीओ ने कहा कि अफवाह फैलाने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रैश ड्राइविंग पर नियंत्रण, नाबालिगों के वाहन चलाने पर रोक तथा पर्व के दौरान शराब व अन्य मादक पदार्थों के सेवन एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह तैयार है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की गई। बैठक में सीओ जीतेन्द्र प्रसाद, एसडीपीओ जीतवाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह, बेंगाबाद बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू, नगर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, मुफस्सिल थाना प्रभारी ज्ञान रंजन सिंह समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, पूजा समितियों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। उपस्थित सदस्यों ने दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# 250 से अधिक लोगों की हुई निःशुल्क स्वास्थ्य जांच

**लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट व आविष्कार डायग्नोसिस का संयुक्त शिविर**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गिरिडीह।** लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट एवं आविष्कार डायग्नोसिस के संयुक्त तत्वावधान में सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में 250 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।शिविर में ब्लड शुगर, कैल्शियम, कोलेस्ट्रॉल एवं ईसीजी की जांच निःशुल्क की गई। वहीं केएफटी, एलएफटी, विटामिन बी12, विटामिन डी3 एवं थाइरोइड जैसी महत्वपूर्ण जांचों पर 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी गई। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322 एके रीजन चेयरपर्सन लायन धर्म प्रकाश ने बताया कि क्लब का सेवा सप्ताह चल रहा है। इसी के तहत शिविर का आयोजन किया गया। पूरे सप्ताह विभिन्न सामाजिक एवं जनसेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। क्लब अध्यक्ष लायन राहुल बर्मन ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना क्लब की प्राथमिकता है। आज की तनावपूर्ण जीवनशैली को देखते हुए क्लब जल्द ही मेंटल हेल्थ अवेयरनेस कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। उन्होंने कहा कि समय पर स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से कई बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लायन राजेश कुमार गुप्ता, सचिव डॉ. सुमन कुमार, कोषाध्यक्ष लायन मसरूर आलम सिद्दीकी, लायन डॉ. विकास लाल, लायन मुकेश आनंद, लायन रवि राज, लायन दशरथ प्रसाद, लायन सुदीप गुप्ता, लायन शत्रुघ्न सिंह, लायन शब्बीर आलम, लायन अरविंद कुमार सहित कई सदस्य मौजूद रहे। शिविर को सफल बनाने में आविष्कार डायग्नोसिस के संचालक दिवेन तिवारी सहित संस्थान के कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नवी मुंबई में गिरिडीह के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**तीन पदक जीत बढ़ाया जिले का मान**



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवी मुंबई के अन्नासाहेब पाटिल मेमोरियल हॉल में 3 एवं 4 अक्टूबर को आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में गिरिडीह, झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में अनमोल ने स्वर्ण पदक, अनुशील ने रजत पदक और आरुषी दीप ने कांस्य पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में झारखंड के अलावा असम, मध्य प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से टीम में खुशी का माहौल है। यूनिवर्स कराटे मार्शल आर्ट्स एकाडेमी ऑफ झारखंड के सचिव सह कोच सोनू कुमार ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हरियाली का संदेश लेकर सर जेसी बोस विद्यालय पहुंचे लायंस क्लब के सदस्य

**लायंस सर्विस वीक के तहत लगाए गए 25 छायादार पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प**




**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स सं.।** लायंस सर्विस वीक के तहत लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट की ओर से सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर जेसी बोसविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में 25 छायादार पौधे लगाए गए।

साथ ही लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया गया। मौके पर क्लब के अध्यक्ष राहुल बर्मन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की शुरूआत प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर से करनी चाहिए। पौधरोपण महज एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी सबसे खूबसूरत विरासत बन सकता है। उन्होंने बताया कि पौधों के रोपण के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि ये पौधे भविष्य में विशाल वृक्ष बनकर समाज और पर्यावरण को लाभ पहुंचा सकें। लायंस क्लब ऑफ गिरिडीह एलीट की ओर से कहा गया कि पर्यावरण संरक्षण क्लब की सेवा गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# चौपारण में डीजल कटिंग का अवैध कारोबार चरम पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण हजारीबाग।** प्रखंड क्षेत्र में डीजल कटिंग के कथित अवैध कारोबार को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि दनुवा घाटी से लेकर महुदी तक विभिन्न स्थानों पर टैंकरों से डीजल कटिंग कर उसे छोटे वाहनों के माध्यम से अन्य जगहों पर खपाने का धंधा चल रहा है। इसी क्रम में बिना नंबर के एक लाल रंग के टेंपो में 20 से अधिक गैलन डीजल ले जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, टैंकरों से डीजल निकालकर गैलन में भरने और फिर उसे निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने का काम कथित रूप से किया जाता है। हालांकि, इस पूरे मामले की वास्तविकता और इसमें शामिल लोगों की भूमिका जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। बिना नंबर के टेंपो में बड़ी मात्रा में डीजल ले जाने की सूचना सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर भी चर्चा तेज हो गई है। लोगों ने प्रशासन से इस तरह के कथित अवैध कारोबार की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर जल्द कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवेशन की तैयारी को लेडेकोरेटर्स एसोसिएशन ने कसी कमर

**13 प्रखंडों का होगा दौरा, 1 नवंबर को सोनबाद में जुटेंगे जिलेभर के डेकोरेटर्स**



**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स सं.।** जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को गुप्ता टेंटहाउस में अध्यक्ष बब्लू सानू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आगामी अधिवेशन की तैयारियों, संगठन के विस्तार और प्रखंडवार संपर्क अभियान को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अधिवेशन की तैयारी को लेकर गिरिडीह जिले के सभी 13 प्रखंडों का दौरा कर डेकोरेटर्स व्यवसायियों से संपर्क किया जाएगा। साथ ही आगामी 1 नवंबर को चन्द्रलोक रिसोर्ट, सोनबाद में जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन की भव्य बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित अधिवेशन में गिरिडीह जिले के सभी 24 जिला डेकोरेटर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ झारखंड प्रदेश के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। अधिवेशन को सफल बनाने के लिए अभी से व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू करने पर जोर दिया गया। बैठक में अध्यक्ष बब्लू सानु, महासचिव विकास गुप्ता, सचिव मोहम्मद सिराज, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज, विरेन्द्र कुमार, मुस्ताकीम, राजेश पंडित एवं उदय कान्त समेत अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने, प्रखंडवार संपर्क अभियान चलाने और अधिवेशन में अधिक से अधिक सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर आपसी समन्वय पर विशेष बल दिया गया।

# सेवा ज्योति यात्रा की तैयारियों पर बरही भाजपा ने कसी कमर

**बरही हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाजपा के ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के तहत आगामी 7 अक्टूबर को प्रस्तावित 'सेवा ज्योति यात्रा' की तैयारियों को लेकर सोमवार को बरही विधायक आवास में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी सह पूर्व विधायक किशुन दास और जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह उपस्थित रहे। बैठक में अतिथियों ने यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। किशुन दास ने कार्यकताओं से जनसंपर्क अभियान तेज कर यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# हजारीबाग डिटेंशन सेंटर में महिला से दुष्कर्म मामले की हाईकोर्ट में सुनवाई, तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग डिटेंशन सेंटर में रह रही एक महिला से दुष्कर्म के मामले में सोमवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। सरकार ने यह भी बताया कि मामले में तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। इससे पहले जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), हजारीबाग की ओर से मामले से संबंधित सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में पेश की गई थी। डालसा, हजारीबाग की ओर से कोर्ट में पेश सीलबंद रिपोर्ट में डिटेंशन सेंटर में बंद महिला के साथ दुष्कर्म की बात कही गई है। रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में शपथ पत्र दाखिल किया गया। इसमें एफआईआर दर्ज होने, तीन पुलिसकर्मियों के निलंबन और जांच जारी रहने की जानकारी दी गई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि डिटेंशन सेंटर में रहने के दौरान पीड़ित महिला को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कोर्ट ने महिला की स्थिति और जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। सुनवाई के दौरान महिला को बांग्लादेश भेजे जाने का मुद्दा भी सामने आया। राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि महिला को बांग्लादेश भेजा जाना था। इस संबंध में वर्ष 2023 से केंद्र सरकार और विदेश मंत्रालय को पत्र भेजे जा रहे हैं, लेकिन अब तक वहां से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। इस मामले में केंद्र सरकार को अपना जवाब दाखिल करना है। सुनवाई के पहले सत्र में संबंधित सचिव कोर्ट में उपस्थित हुए। उनकी ओर से बताया गया कि बांग्लादेश सरकार से वर्ष 2021 में ही संपर्क किया गया था, लेकिन वहां से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इस बिंदु पर हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। पहले सत्र की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता रोहित राय ने आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए कोर्ट से समय मांगा। इसके बाद मामले की सुनवाई दूसरे सत्र में हुई। राज्य सरकार की ओर से दाखिल शपथ पत्र में अब तक की कार्रवाई की जानकारी दी गई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार के अधिवक्ता को राज्य सरकार की ओर से उठाए गए बिंदुओं पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले में अब केंद्र सरकार के जवाब और राज्य सरकार की ओर से की गई कार्रवाई पर कोर्ट की नजर है। सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अंकित अपूर्वा ने पक्ष रखा।

## मांडू थाना में शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मांडू(रामगढ़)।** आगामी दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर मांडू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक पंकज कुमार ने की। मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार सहित जनप्रतिनिधि, पूजा समिति के सदस्य, समाजसेवी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था तथा आपसी भाईचारा कायम रखने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने पूजा समितियों एवं आम लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की। पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि कलश स्थापना के दिन से प्रतिदिन शाम सात बजे दुर्गा मंदिर परिसर में आरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा।

# मनाया गया श्री गुरु नानक देव का ज्योति ज्योत दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कुज्जू / रामगढ़।** श्री गुरु नानक देव का ज्योति ज्योत दिवस गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा कुज्जू में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा के ग्रंथी जसवंत सिंह ने शब्द-कीर्तन, पाठ एवं अरदास कर संगत को निहाल किया। इस दौरान ग्रंथी जसवंत सिंह ने गुरु नानक देव के जीवन एवं उपदेशों पर प्रकाश डालते हुए। बताया गया कि गुरु नानक देव जी सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं महान आध्यात्मिक संत थे। उनका जन्म 1469 में तलवंडी (वर्तमान ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ था। उन्होंने मानवता को एक ईश्वर में विश्वास, नाम सिमरन, ईमानदारी से मेहनत करने और जरूरतमंदों के साथ बांटकर खाने का संदेश दिया। उन्होंने जात-पात, ऊंच-नीच और धार्मिक भेदभाव का विरोध करते हुए प्रेम, समानता एवं भाईचारे का मार्ग दिखाया। गुरु नानक देव जी ने अपनी यात्राओं के माध्यम से समाज में सत्य, सेवा और सद्भाव का संदेश फैलाया तथा जीवनभर मानव कल्याण के लिए कार्य किया। गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी पूरी मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम, शांति और भाईचारे को मजबूत किया जा सकता है। अरदास के पश्चात संगत के बीच गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रधान अरविंदर सिंह बग्गा, खजांची मनजीत सिंह होरा, इकबाल सिंह, बिल्लू सिंह, सुरेंद्र सिंह भाटिया, मनजीत सिंह बग्गा, अरविंदर सिंह होरा, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह, चरणजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, राजवीर सिंह भाटिया, जसमीत सिंह, राजवीर सिंह सलूजा, अनमोल सिंह भाटिया सहित काफी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे मौजूद थे।

# भर्ती कैंप में 64 युवाओं का अंतिम चयन, 18 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्टेड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गिरिडीह।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग (झारखंड सरकार) के तत्वावधान में जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, गिरिडीह द्वारा सोमवार को 'भर्ती कैंप-2026' का आयोजन किया गया। कैंप का उद्घाटन जिला नियोजन पदाधिकारी मनोज मंजीत ने किया। इस दौरान निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों ने युवाओं के नियोजन के लिए चयन प्रक्रिया पूरी की। कैंप में कुल 64 अभ्यर्थियों का अंतिम रूप से चयन किया गया, जबकि 18 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शॉर्टलिस्टेड उम्मीदवारों को आगामी साक्षात्कार के बाद नियुक्ति का अवसर मिलेगा। कंपनीवार चयन की स्थितिः

**अंतिम रूप से चयनित (64 अभ्यर्थी):** शर्मिन टैलेंट प्राइवेट लिमिटेड (हायरिंग फॉर जनस) में 18, दुसकी स्टालियन एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सर्विसेज (डीएसईटीएस) प्राइवेट लिमिटेड में 16, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड में 12, बिरसा सुपर सिक्योरिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड में 12 तथा फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी में 6 युवाओं का चयन हुआ।

**शॉर्टलिस्टेड (18 अभ्यर्थी):** फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी में 10, क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड में 5 तथा जय मां तारा सिक्योरिटी गार्ड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में 3 अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि भर्ती कैंप के सफल संचालन में नियोजनालय के अधिकारियों व कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। उन्होंने जानकारी दी कि अगला भर्ती कैंप आगामी 30 अक्टूबर 2026 को आयोजित किया जाएगा।

# सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## दुर्गा पूजा को लेकर बगोदर-सरिया में शांति समिति की बैठकः डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बगोदर-सरिया।** शारदीय नवरात्र एवं दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को बगोदर-सरिया अनुमंडल स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। अनुमंडल पदाधिकारी संतोष गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में पूजा समितियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ पर्व के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीओ ने पूजा समितियों एवं आम लोगों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि दुर्गा पूजा के दौरान डीजे पर प्रतिबंध का हर हाल में पालन कराया जाए। पूजा पंडालों का निर्माण सुरक्षा मानकों के अनुरूप खुला एवं मजबूत रखने, आवश्यकतानुसार अस्थायी विद्युत कनेक्शन लेने तथा विद्युत सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने को कहा गया। पंडालों में अग्निशमन एवं आपातकालीन सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त संख्या में वालंटियर्स की तैनाती तथा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी नजर एसडीओ ने सोशल मीडिया को लेकर भी सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को प्रसारित अथवा साझा न करें। सोशल मीडिया के माध्यम से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने या अफवाह फैलाने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और नियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में रैश ड्राइविंग पर नियंत्रण, नाबालिगों को वाहन चलाने से रोकने तथा पूजा के दौरान शराब एवं अन्य मादक पदार्थों के सेवन और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीओ ने कहा कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा असामाजिक तत्वों और उपद्रवी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि या अफवाह की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में बगोदर-सरिया अनुमंडल के सभी बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी, पूजा समितियों के प्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी सदस्यों ने दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# उपायुक्त ने की छात्रवृत्ति अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत प्री/पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति की अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने से संबंधित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति को अवगत कराया कि प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए कुल 17,122 नए आवेदन ई-कल्याण पोर्टल पर प्राप्त हुए हैं, जिनका संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा भौतिक सत्यापन के उपरांत अनुमोदन किया गया है। समिति द्वारा सभी आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई।वहीं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्राप्त 1,656 पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने से संबंधित प्रस्तावों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। समिति द्वारा सभी पात्र आवेदनों को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला कोषागार पदाधिकारी, डीआईओ, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने इलाजरत बच्चों का हाल-चाल जाना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी।** कर्रा प्रखंड क्षेत्र के तिलमी स्थित उच्च विद्यालय के कुछ बच्चों के अस्वस्थ होने की जानकारी पर उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्रा पहुंचकर इलाजरत बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की तथा मौके पर चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को बच्चों का बेहतर इलाज सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने चिकित्सकों को बच्चों की समुचित जांच के उपरांत आवश्यक उपचार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने चिकित्सकों की टीम से बच्चों के स्वास्थ्य एवं उपचार के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय के अन्य बच्चों से भी जानकारी लेने का निर्देश दिया, ताकि यदि किसी अन्य बच्चे में भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या के लक्षण पाए जाते हैं तो समय रहते उसकी जांच कर आवश्यक उपचार सुनिश्चित कराया जा सके।

# सीएम हेमंत सोरेन की मां पर टिप्पणी के मामले में भाजपा विधायक पर एफआइआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन को लेकर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। रंका थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की लिखित शिकायत के आधार पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम समेत अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गासेदाग गांव निवासी श्रवण सिंह खरवार ने रंका थाने में लिखित शिकायत दी थी। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने एक वीडियो में मुख्यमंत्री की मां रूपी सोरेन के संबंध में आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणी की। शिकायतकर्ता के मुताबिक, यह टिप्पणी ऐसे समय की गई, जब रूपी सोरेन की तबीयत खराब थी और वह अस्पताल में भर्ती थीं। शिकायतकर्ता ने कहा है कि कथित टिप्पणी से उन्हें व्यक्तिगत रूप से ठेस पहुंची और इससे अनुसूचित जनजाति समुदाय की भावनाएं भी आहत हुई हैं। उन्होंने पुलिस को कथित वीडियो की रिकॉर्डिंग पेन ड्राइव में उपलब्ध कराने की बात कही है। शिकायत में भारतीय न्याय संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि कथित टिप्पणी वाला वीडियो 28 सितंबर को एक यूट्यूब चैनल पर प्रसारित हुआ था और बाद में सोशल मीडिया पर भी प्रसारित हुआ। शिकायतकर्ता ने इसी वीडियो को आधार बनाकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी की ओर से शिकायत में लगाए गए आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। पुलिस जांच के बाद ही कथित टिप्पणी के पूरे संदर्भ और मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की स्थिति स्पष्ट होगी।

# देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बरारी /कटिहार।** बरारी थाना क्षेत्र में दिवा गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर बरारी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान पूर्णिया जिले के केनगर थाना क्षेत्र स्थित चकला मुशहरी वार्ड संख्या-4 निवासी राजू ऋषि (24) पिता स्व. फुलेश्वर ऋषि के रूप में हुई है। वह वर्तमान में बरारी थाना क्षेत्र के झीकटिया बस्ती स्थित अपने ससुराल में रह रहा था। थानाध्यक्ष सुमेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध हथियार लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद दिवा गश्ती के दौरान एसआई कौशल कुमार एवं एसआई राजनेता कुमार ने पुलिस टीम के साथ कार्रवाई की। संदिग्ध युवक को पकड़कर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया। उससे हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि हथियार उसके पास कहां से आया और वह इसे किस उद्देश्य से लेकर घूम रहा था। साथ ही उसके आपराधिक इतिहास का भी सत्यापन कराया जा रहा है।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बीज उत्पादन प्रशिक्षण लेने जलालगढ़ रवाना हुए किसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** आत्मा योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए जिले के विभिन्न प्रखंडों के प्रगतिशील किसानों का दल सोमवार को कृषि विज्ञान केंद्र जलालगढ़ पूर्णिया के लिए रवाना हुआ। जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किसानों के दल को रवाना किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम पांच से नौ अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। इसका मुख्य विषय दलहन एवं तिलहन फसलों का बीज उत्पादन है। इसमें कटिहार सदर प्राणपुर, डंडखोरा,हसनगंज और कदवा प्रखंड के प्रगतिशील किसान भाग ले रहे हैं। जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों के उन्नत, गुणवत्तापूर्ण और वैज्ञानिक बीज उत्पादन की तकनीक से व्यावहारिक रूप से अवगत कराना है। कृषि विज्ञान केंद्र जलालगढ़ के विशेषज्ञ वैज्ञानिक किसानों को बीज उत्पादन की उन्नत तकनीक, फसल प्रबंधन, गुणवत्ता नियंत्रण,बीज प्रसंस्करण और भंडारण समेत विभिन्न तकनीकी पहलुओं की जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा मिलने से जिले में दलहन और तिलहन फसलों की उत्पादकता व गुणवत्ता में सुधार होगा। इससे किसानों की आय बढ़ाने के नए अवसर भी मिलेंगे।

# अडानी फाउंडेशन के संगिनी मार्ट पहल ने ग्रामीण महिलाओं उद्यमी को बनाया आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सिंदरी।** एसीसी, विविधीकृत अडानी पोर्टफोलियो की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कंपनी, अडानी फाउंडेशन के साथ मिलकर सिंदरी में सतत आजीविका पहलों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बना रही है। छतातांड गांव की 45 वर्षीय निवासी और चार बच्चों की मां निशु देवी अपने पति की सीमित कृषि आय के कारण लगातार आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही थीं। परिवार को दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में कठिनाई होती थी और बच्चों की शिक्षा के लिए संसाधन जुटाना चिंता का विषय बना रहता था। उनकी परिस्थिति को देखते हुए अडानी फाउंडेशन ने संगिनी मार्ट पहल के तहत उन्हें सहयोग प्रदान किया और आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़ा। उचित मार्गदर्शन और समर्थन के साथ निशु देवी एक नियमित आय का स्रोत विकसित करने और आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने में सफल रहीं। आज निशु देवी प्रति माह 7,000 से 8,000 रूपये तक की आय अर्जित कर रही हैं, जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस अतिरिक्त आय ने कृषि पर निर्भरता कम की है और सबसे महत्वपूर्ण रूप से उन्हें अपने बच्चों की उच्च शिक्षा का सहयोग करने में सक्षम बनाया है। निशु देवी की यह यात्रा दर्शाती है कि अडानी फाउंडेशन की आजीविका संबंधी पहलें किस प्रकार ग्रामीण परिवारों के लिए चुनौतियों को अवसरों और स्थिरता में बदल रही हैं।

## बंगाल से स्मैक लेकर दासग्राम पहुंचे तस्कर को पुलिस ने दबोचा

**बारसोई (कटिहार)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आबादपुर थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दासग्राम में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को 10.56 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पकड़ा गया युवक देर रात पश्चिम बंगाल से स्मैक की खेप लेकर दासग्राम पहुंच रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे रंगे हाथ धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दासग्राम निवासी मोहिल के रूप में की गई है। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 10.56 ग्राम स्मैक के अलावा एक डिजिटल तराजू, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1,070 रुपये नकद बरामद किए गए। पुलिस इन उपकरणों का उपयोग स्मैक की खरीद-बिक्री में किए जाने की आशंका जता रही है। आबादपुर थानाध्यक्ष मोहम्मद शादाब ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेलवे प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **सीनि. डीईएन/सी/हावड़ा। ई-निविदा सं.: 245 _2026-27, दिनांक 01.10.2026, कार्य का विवरणः** हावड़ा मंडलः सीनि. डीईएन/सी/एचडब्ल्यूएच के अधीन ठेकेदारों के निजी पीक्यूआरएस पोर्टलों (2 अदद) एवं गैंट्री द्वारा स्थान-एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई-अप-1.365-1.965=0.6 किमी, 2.000-2.743=0.743 किमी, एचडब्ल्यूएच-बीएलवाई अप कॉर्ड-6.00-8.66=2.66 किमी, बीडीसी-एसकेजी-डाउन-40.500-46.902=6.402 किमी, बीडीसी-केडब्ल्यूएई-डाउन-17.144-20.034=2.89 किमी, केडब्ल्यूएई-एजेड-डाउन-142.00-148.00=6.00 किमी, 150.00-153.00=3.00 किमी, केएन-एसएनटी-डाउन-27.022-30.294=3.272 किमी, 39.063-41.914=2.851 किमी, केएन-एसएनटी-अप-70.24-70.93=0.69 किमी, एसएनटी-एनएचटी-अप-70.93-71.683=0.753 किमी में टीएसआर (पी)-29.861 टीकेएम तथा अन्य कोई भी आनुषंगिक कार्यों का निष्पादन। **अनुमानित लागत :** रु. 8,73,81,723.03; **बयाना राशिः** रु. 17,47,600। **निविदा प्रपत्र की कीमतः** शून्य। **समापन अवधिः** 12 महीने। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 26.10.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा के बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-366/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# दिनदहाड़े युवा अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कटिहार।** नगर थाना क्षेत्र के पटेल चौक के पास कुम्हार टोली की मुख्य सड़क पर सोमवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने युवा अधिवक्ता अलीमुद्दीन अंसारी उर्फ गुड्डू अंसारी (35), निवासी रोजितपुर, की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना करीब साढ़े दस बजे की बताई जा रही है। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाइक सवार चार लोगों ने अधिवक्ता को घेरकर पहले मारपीट की और चाकू से वार किया। उनके गिरने के बाद हमलावरों ने सिर में गोली मार दी और फरार हो गए। घटना का लाइव वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ हमलावर अधिवक्ता को घेरते नजर आ रहे हैं। पुलिस वीडियो की पुष्टि कर रही है। मृतक के रिश्तेदारों ने कुछ लोगों पर हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। उनके अनुसार, दो-तीन महीने पहले विवाद को लेकर गुड्डू अंसारी और आरोपियों के बीच बहस हुई थी और उन्हें गोली मारने की धमकी भी दी गई थी। इसी पुरानी रंजिश में हत्या की आशंका जताई जा रही है। नगर थाना पुलिस ने घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है। सदर एसडीपीओ विशाल आनंद ने बताया कि सीसीटीवी और वीडियो फुटेज की जांच की जा रही है। एसपी परिचय कुमार ने कहा कि घटना को चार लोगों ने अंजाम दिया है और 24 घंटे के अंदर गिरफ्तारी होगी।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (प. बं.) (नीलामी संचालन अधिकारी) ने मालदा मंडल के तहत विभिन्न ट्रेनों में ट्रेन साइड वेंडिंग की संविदा प्रदान करने के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किया है। **नीलामी सूचीपत्र सं.: टीवीएस-एमएलडीटी-26-2 । नीलामी शुरूः** दिनांक 15.10.2026 को 11.00 बजे। **सिक्वेंस सं., लॉट सं./श्रेणी, ट्रेन सं.** निम्नलिखित हैं: एए/1; एमएमएस-मोबजेन-284860-1-26-1, 13404-13403। एए/2; एमएमएस-मोबजेन-6718-1-26-2, 13415-13416। एए/3; एमएमएस-मोबजेन-98464-1-26-1, 13419-13420। प्रत्याशित बोलीदाताओं से आगे के विवरण के लिए आईआरईपीएस ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (MLD-213/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पीडीएस डीलरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

## प्रति चालान तीन क्विंटल अनाज कम देने और एजीएम के मनमाने रवैये का आरोप

### प्रदेश महासचिव की वार्ता रही बेअसर, मांगें पूरी होने तक वितरण ठप रखने का ऐलान



हड़ताल के कारण दुकान पर लगा ग्राहकों का भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा**। एजीएम द्वारा कम मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध कराने और घटिया गुणवत्ता के अनाज वितरण के विरोध में हिलसा प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेता सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सदन कुमार और अशोक कुमार के नेतृत्व में डीलरों ने काम बंद कर धरना-प्रदर्शन शुरू किया। इस संबंध में डीलरों के शिष्टमंडल ने हिलसा के अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत कराया।संघ के अध्यक्ष सदन कुमार ने आरोप लगाया कि राज्य खाद्य निगम के एजीएम पिंकू झा द्वारा प्रत्येक डीलर को प्रति चालान करीब तीन क्विंटल कम खाद्यान्न दिया जाता है। साथ ही आपूर्ति किए जाने वाले अनाज की गुणवत्ता भी खराब रहती है। विरोध करने पर डीलरों के साथ कथित तौर पर जबरन रवैया अपनाया जाता है।संघ नेताओं का कहना है कि एजीएम वर्ष 2020-21 से हिलसा में पदस्थापित हैं और कई वर्षों से डीलरों को कम वजन देकर उनका मानसिक एवं आर्थिक शोषण किया जा रहा है। प्रदेश डीलर संघ के महासचिव अंबिका यादव ने भी हिलसा पहुंचकर एजीएम से वार्ता की, लेकिन समाधान नहीं निकलने पर प्रदेश संघ के आह्वान पर हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया।धरने में मुन्ना कुमार, गणेश शंकर विद्यार्थी, चंद्रपाल वर्मा, रामाशीष प्रसाद, नरेश चैधरी, पिंटू कुमार, सोनू कुमार, बिंदेश्वरी प्रसाद, जवाहरलाल, राजेंद्र पासवान, नीरज कुमार, धर्मेंद्र कुमार, इंद्रदेव पासवान, जीतू कुमार, वीरेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, श्याम प्रसाद, सत्यानंद सिंह, अशोक प्रसाद और सुजीत कुमार समेत कई डीलर मौजूद रहे।

# नीतीश कुमार से जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव ने की शिष्टाचार मुलाकात

### संगठन की मजबूती और विकास कार्यों को लेकर चर्चा



मुख्यमंत्री को चित्र देते प्रदेश सचिव मो. सकीबुल हसन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यसभा सांसद एवं जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से सोमवार को पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मो. सकीबुल हसन ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान मो. सकीबुल हसन ने तस्वीर का फ्रेम भेंट कर नीतीश कुमार को सम्मानित किया। मुलाकात के दौरान संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ राज्य के विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। मो. सकीबुल हसन ने नीतीश कुमार की कार्यशैली और नेतृत्व की सराहना करते हुए उन्हें अपना अभिभावक बताया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के विकास और आधुनिक निर्माण के लिए लगातार कार्य करने वाले लोकप्रिय नेता हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार ने विकास के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि जदयू को मजबूत करने और सरकार की विकास योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से कार्य कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने संगठन को और मजबूत बनाने तथा सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता जताई।

## एक नजर

### नालंदा में 2250 लंबित मामले चिह्नित

**बिहारशरीफ**। न्यायालयों में लंबित मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से समाधान कराने के उद्देश्य से नालंदा में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 3.0 शुरू किया गया है। पटना उच्च न्यायालय और बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश में यह अभियान एक अक्टूबर 2026 से संचालित है। इसके तहत बिहारशरीफ और हिलसा न्यायालयों में अब तक करीब 2250 मामलों को चिन्हित किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह न्यायाधीश राजेश कुमार गौरव ने बताया कि चिन्हित मामलों के पक्षकारों तक सूचना पहुंचाने के लिए पारा विधिक स्वयंसेवकों के माध्यम से नोटिस तैयार कराने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से जुड़े पक्षकार मध्यस्थता के जरिए कम समय और कम खर्च में विवाद का समाधान कर सकते हैं। अभियान की सफलता के लिए जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। बिहारशरीफ न्यायालय में लंबित मामलों के पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय तथा हिलसा न्यायालय से जुड़े पक्षकार तालुका विधिक सेवा समिति, हिलसा के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। प्राधिकार ने लोगों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की है।

### जन-सुनवाई में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने सोमवार को आयोजित जन-सुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों व पंचायतों से पहुंचे 36 फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत को नियमानुसार जांच कर त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन-सुनवाई में भूमि पर दखल-कब्जा, मालगुजारी रसीद, शहीद के पैतृक गांव में शहीद द्वार निर्माण व विद्यालय का नामकरण, वृद्धावस्था पेंशन, धान की फसल नष्ट करने, मकान का ताला तोड़ने, भूमि विवाद, विद्युत बिल सुधार तथा नल-जल योजना से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। भूमि संबंधी मामलों के लिए अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। पेंशन मामलों के निष्पादन की जिम्मेदारी सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग को दी गई। धान की फसल से जुड़े मामले में एसडीओ हिलसा, जबकि भूमि विवाद में डीसीएलआर हिलसा को जांच का निर्देश मिला।

### दो पियक्कड़ समेत तीन गिरफ्तार

**इस्लामपुर**। खुदागंज थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर दो पियक्कड़ समेत एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, वारंटी की गिरफ्तारी के लिए अहमदाबाद गांव में छापेमारी की गई, जहां से जानकी चैधरी को गिरफ्तार किया गया। वहीं, खुदागंज बाजार से सागर कुमार को नशे की हालत में पकड़ा गया। इसके अलावा पनहर गांव से मुनील कुमार को भी नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया।दोनों आरोपितों की मेडिकल जांच कराई गई। जांच में नशे की पुष्टि होने के बाद उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शराब के सेवन और वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### बाइक स्टार्ट करते समय झटके से गिरा चौकीदार, सीने में घुसी लोहे की छड़

**इस्लामपुर**। इस्लामपुर थाना में पदस्थापित चौकीदार संत कुमार हादसे में गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सीने में लोहे का छड़ घुस जाने से उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। बताया जाता है कि फरीदपुर गांव निवासी संत कुमार बाइक से इस्लामपुर थाना ड्यूटी के लिए जा रहे थे। इसी दौरान इसलामपुर मठिया स्थित रेलवे क्रासिंग के पास अचानक उनकी बाइक बंद हो गई। बाइक को दोबारा स्टार्ट करने के दौरान अचानक झटका लगा, जिससे संत कुमार असंतुलित होकर सड़क किनारे जमीन पर गिर पड़े। वहां मकान निर्माण के लिए लोहे के छड़ रखे हुए थे। गिरने के दौरान एक छड़ उनके सीने में घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

# भाजपा हरनौत नगर मंडल की बैठक, बूथ मजबूती की बनी रणनीति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हरनौत**। भारतीय जनता पार्टी हरनौत नगर मंडल की मासिक बैठक सोमवार को मंडल कार्यालय में नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल प्रवासी सह जिला मंत्री अमरेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत हरनौत नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने की रणनीति तैयार की गई। पार्टी को बूथ स्तर पर और अधिक मजबूत करने को लेकर भी कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श किया गया।जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, डॉ. आशुतोष कुमार और जिला मंत्री अमरेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ताओं को अपने क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प में प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है।मौके पर नगर महामंत्री कृष्ण मोहन, नगर उपाध्यक्ष वरुण कुमार पाण्डेय, नगर मंत्री राजेश कुमार, अरुण कुमार पाण्डेय, श्रीकृष्ण सिंह, विद्यासागर समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय पोषण माह में गर्भवती महिलाओं की हुई गोद भराई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सरमेरा**। राष्ट्रीय पोषण माह के तहत सोमवार को सरमेरा प्रखंड कार्यालय में गर्भवती महिलाओं के लिए गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गर्भवती महिला सपना कुमारी की गोद भराई की रस्म निभाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा प्रसव पूर्व आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।सीडीपीओ अंजू कुमारी ने कहा कि गर्भावस्था में मां के स्वास्थ्य का सीधा प्रभाव गर्भस्थ शिशु के विकास पर पड़ता है। इसलिए भोजन में हरी सब्जियां, दाल, दूध समेत अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मियों की सलाह के अनुसार आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां लेने पर भी जोर दिया गया। महिलाओं को समय पर टीकाकरण कराने तथा किसी भी परेशानी पर तत्काल चिकित्सक या स्वास्थ्य कर्मी से संपर्क करने की सलाह दी गई। नवजात की देखभाल, जन्म के बाद मां का दूध पिलाने और बच्चों को समय पर पूरक आहार देने की जानकारी भी दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। रंगोली व पोषण संदेशों के माध्यम से भी जागरूकता फैलायी गई। मौके पर बीडीओ रौशन भूषण, सीओ आराधना कुमारी, बीपीआरओ स्मिता वर्मा, महिला पर्यवेक्षक अर्चना कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

# रहुई थाना पुलिस ने विभिन्न मामलों के 22 आरोपितों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र में अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रहुई थाना पुलिस ने रविवार की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों में विभिन्न कांडों में वांछित आरोपियों के साथ-साथ अजामानतीय, इश्तेहार और कुर्की वारंट के आरोपी शामिल हैं।थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर समकालीन अभियान के तहत थाना क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। 4 अक्टूबर की रात अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर कुल 22 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें पांच विभिन्न कांडों में वांछित थे, जबकि 15 आरोपित अजामानतीय वारंट में वांछित थे। इसके अलावा एक आरोपी इश्तेहार वारंट और एक आरोपी कुर्की वारंट में वांछित था। छापामारी दल में थानाध्यक्ष ललित विजय के अलावा दरोगा संतोष कुमार सुमन, सिद्धार्थ आनंद,. उपेंद्र कुमार, श्रीराम शर्मा तथा सिपाही धर्मेंद्र कुमार सिंह शामिल थे।

## नवादा

# आभा आइडी निर्माण की प्रगति की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। 5 अक्टूबर 2026 को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक का आभा आईडी निर्माण एवं इसकी प्रगति की समीक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कार्यक्रम समन्वयक, स्वास्थ्य नीतू कुमारी द्वारा बताया गया कि जिले में अब तक लगभग 13.5 लाख आभा आईडी का निर्माण किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने जिले में शत-प्रतिशत नागरिकों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आभा आईडी प्रत्येक नागरिक के डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित एवं सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करें। जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिले के विद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर बच्चों का आभा आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बीएचएम एवं बीसीएम को निर्देश दिया कि एनसीडी स्क्रीनिंग के दौरान सभी एएनएम के माध्यम से संबंधित लाभार्थियों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित कराएं। साथ ही, सभी बीएचएम एवं बीसीएम को आभा आईडी निर्माण कार्य की नियमित रूप से निगरानी करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी अस्पतालों में ओपीडी के दौरान आने वाले मरीजों का आभा आईडी निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके लिए अस्पताल स्तर पर आवश्यक तैयारियां एवं व्यापक जागरूकता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# छह माइल के पास बाइक सवार तीन लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकबरपुर (नवादा)**। अकबरपुर अंचल क्षेत्र के नेमदारगंज थाना अंतर्गत छह माइल के समीप रविवार की शाम करीब सात बजे विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में गुजर रहे ओवरलोडेड ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोग दुर्घटनाग्रस्त हो गए। दुर्घटनाग्रस्त लोगों की पहचान नहीं हो सके। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता संजीव सिंह एवं ग्रामीणों के प्रयास से सभी घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए नवादा अस्पताल भेजा गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि खखनुआ की ओर से विपरीत दिशा में ओवरलोडेड ट्रकों के लगातार परिचालन के कारण इस मार्ग पर हादसे का खतरा बढ़ गया है। रविवार की घटना के बाद लोगों में इसको लेकर काफी आक्रोश देखा गया।
ग्रामीणों ने बताया कि शाम ढलने के बाद रात तक बड़ी संख्या में ओवरलोडेड ट्रक विपरीत दिशा से गुजरते हैं। इससे सामने से आने वाले छोटे वाहनों और बाइक सवारों को सड़क पर जगह बनाने में काफी परेशानी होती है। कई बार बड़े वाहनों को देखकर बाइक सवारों को अचानक किनारे हटना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन और यातायात पदाधिकारियों से मांग पर विपरीत दिशा से चल ओभरलोड वाहन चलने से रोक लगा दिया।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने कसा शिकंजा

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के परमा पंचायत स्थित समढ़ी गांव में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है। खाता संख्या 216, खेसरा संख्या 1883 और 1633 की लगभग 2300.77 वर्गफीट भूमि को मुक्त कराने के लिए आगामी 7 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। यह मामला गांव के जितेंद्र कुमार द्वारा लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत दर्ज कराई गई शिकायत के बाद सामने आया था। जांच में कुल 22 लोगों द्वारा पक्के मकान, छज्जे और चाहरदीवारी बनाकर अवैध कब्जा करने की पुष्टि हुई है। अंचल अधिकारी रईस आलम ने सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर तय समय से पहले कब्जा हटाने का निर्देश दिया है। चेतावनी दी गई है कि खुद न हटाने पर बुलडोजर चलाकर निर्माण ध्वस्त किया जाएगा और इसका खर्च भी वसूला जाएगा। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है।

# इलाज के दौरान विवाहिता की मौत

### शव वाहन न मिलने से तीन घंटे तक स्ट्रेचर पर पड़ा रहा पार्थिव शरीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान एक विवाहिता की मौत हो गई। मृतका की पहचान गयाजी जिले के टेकना फार्म निवासी कुंदन कुमार की 25 वर्षीय पत्नी राधा कुमारी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, राधा बीते कुछ दिनों से सिरदला थाना क्षेत्र के कर्मा खुर्द स्थित अपने मायके आई हुई थी। सोमवार को अचानक उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। परिजन आनन-फानन में उसे अनुमंडलीय अस्पताल रजौली लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने ईसीजी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद अस्पताल परिसर में व्यवस्था की लापरवाही भी सामने आई। मृतका का शव लगभग तीन घंटे तक स्ट्रेचर पर ही पड़ा रहा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से शव को गयाजी स्थित बीएमपी कैंप के समीप ससुराल भेजने के लिए वाहन की गुहार लगाई, जिस पर चिकित्सकों ने टोल-फ्री नंबर 102 पर संपर्क करने की सलाह दी। परिजनों का आरोप है कि डायल 102 पर संपर्क करने पर दूसरे जिले में सेवा उपलब्ध कराने से स्पष्ट इनकार कर दिया गया। परिजनों में शामिल अजय सिंह ने बताया कि राधा विगत कुछ महीनों से अस्वस्थ थी। उसका इलाज वेल्लोर, दिल्ली और पटना में भी कराया गया था। अचानक तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल लाते समय ही उसकी सांसें थम चुकी थीं। मृतका अपने पीछे पति, एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गई है। परिजनों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में शव वाहन की व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। सुविधा के अभाव में गरीब परिवारों को निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ता है, जिससे उन पर भारी आर्थिक बोझ पड़ता है।

# कौआकोल में लम्पी त्वचा रोग के खिलाफ टीकाकरण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय परिसर अवस्थित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय कौआकोल में सोमवार को मवेशियों खासकर गायों में फैलने वाले गंभीर लम्पी त्वचा रोग से बचाव को लेकर टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई। अभियान को सफल एवं प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए पशु चिकित्सालय परिसर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न पंचायतों में तैनात टीकाकर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान क्षेत्र के पशुओं को लम्पी रोग से सुरक्षित रखने तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक रणनीति बनाई गई। अभियान के तहत पंचायतवार टीकाकर्मियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है।बैठक में अधिकारियों ने टीकाकर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में घर-घर जाकर पशुओं का टीकाकरण करें। साथ ही पशुपालकों को लम्पी त्वचा रोग के लक्षण, संक्रमण से बचाव तथा पशुओं की देखभाल के उपायों के प्रति भी जागरूक करें।अधिकारियों ने अभियान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने तथा अधिक से अधिक पशुओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मौके पर कौआकोल के टीभीओ डॉ० शम्भू शरण, छबैल के टीभीओ डॉ० राजेश कुमार, टीकाकरण कर्मी संतोष कुमार, मिथलेश कुमार, आलोक कुमार आरपिन आदि मौजूद रहे।

# उदासीन संगत अमावां में गुरु परम महोत्सव की धूम

**रजौली**। रजौली स्थित उदासीन संगत अमावां की पवित्र आध्यात्मिक भूमि पर आज गुरु परम महोत्सव अत्यंत धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति-भाव के साथ मनाया गया। महोत्सव का शुभारंभ गुरु चरणों में विधिवत पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और पावन मूलमंत्र के स्मरण के साथ हुआ। इस दौरान संपूर्ण संगत परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और श्रद्धालुओं ने गुरु-परंपरा के प्रति अपनी अटूट आस्था व्यक्त की।इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु दीक्षा ग्रहण कर सत्य, धर्म, सेवा, सदाचार और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके साथ ही अमावां की प्राचीन संत परंपरा, जगतगुरु श्री श्रीचंद्र भगवान, बाबा भगत भगवान जी तथा बाबा हरिदास जी की स्मृतियों को नमन करते हुए उनकी आध्यात्मिक विरासत को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।समारोह में नानकशाही पीठाधीश्वर व राष्ट्रीयधर्माचार्य श्री महंत डॉ. स्वामी दयानंद मुनि जी ने कहा कि गुरु परंपरा भारतीय सनातन संस्कृति की आत्मा है। गुरु केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि शिष्य को आत्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने अमावां की ऐतिहासिक धार्मिक धरोहर को प्रमाणिक अभिलेखों और संत-वाणी के माध्यम से सुरक्षित रखने पर बल दिया। कार्यक्रम के समापन पर सनातन धर्म, उदासीन संत परंपरा और गुरु-शिष्य मर्यादा के संरक्षण के सामूहिक संकल्प के साथ देश में सुख, शांति और लोककल्याण की कामना की गई।

# कौआकोल में पुलिस ने किया जुए के अड्डे का पर्दाफाश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। कौआकोल थाना क्षेत्र के बाजार स्थित नीमतल्ला में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पुराने मकान में चल रहे कथित जुए के अड्डे का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मौके से मकान मालिक जवाहर लाल समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी के दौरान नकद रुपये, ताश की गड्डियां, मोबाइल फोन, शराब व बीयर की खाली बोतलें तथा 14 मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह के अनुसार,कौआकोल बाजार के नीमतल्ला निवासी 73 वर्षीय जवाहर लाल के पुराने मकान में जुआ खेले जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने रविवार की रात करीब 10 बजे मकान में छापेमारी की। बाहर से मकान में ताला लगा था,लेकिन अंदर से लोगों के हो-हल्ले और ताश खेलने की आवाज सुनाई दे रही थी। पुलिस के प्रवेश करने पर एक कमरे में आठ लोग गोल घेरा बनाकर ताश पर रुपये का दांव लगाते मिले। पुलिस की पूछताछ में कथित तौर पर यह बात सामने आई कि मकान मालिक जुआ खेलने के लिए प्रति व्यक्ति 300 रुपये एंट्री फीस लेता था। वहीं, जुए में रुपये हारने वाले लोगों को ब्याज पर पैसे दिए जाने तथा इसके बदले मोटरसाइकिल सहित अन्य सामान गिरवी रखने की बात भी सामने आई है। छापेमारी के दौरान जुआ स्थल से 14 ताश की गड्डियां, बोर्ड से 5,500 रुपये नकद, विभिन्न लोगों के पास से लगभग 5000 नकदी, पांच मोबाइल फोन तथा 14 मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

# उद्यमिता विकास से किसानों की आय बढ़ाने पर बल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर,पटना के तत्वावधान में "उद्यमिता विकास के माध्यम से किसानों की आजीविका एवं आय में सुधार" के उद्देश्य से तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार से कृषि विज्ञान केंद्र,सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा में शुरू हुआ। जिसका उद्घाटन पटना के वरीय वैज्ञानिक डॉ. धीरज कुमार सिंह एवं डॉ. अनिर्बान मुखर्जी तथा कृषि विज्ञान केंद्र, नवादा के विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे,डॉ. शशांक शेखर, अंगद कुमार, अनिल कुमार, रजत रंजन एवं मनोज कुमार की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. धीरज कुमार सिंह ने किसानों को उद्यमिता विकास के माध्यम से आजीविका एवं आय बढ़ाने के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी। डॉ. अनिर्बान मुखर्जी ने किसानों को किसान उत्पादक संगठन के गठन, संचालन और उससे मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोहित कुमार एवं पंकज कुमार तथा कृषि विज्ञान केंद्र के पिन्टू पासवान एवं श्रवण कुमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इनके द्वारा किसानों के समन्वय, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं परियोजना से संबंधित गतिविधियों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। कार्यक्रम में सिरदला एवं मेसकौर प्रखण्ड के पाण्डेय बिगहा, जन्हौल, चौगांव एवं कोपिन गांवों के चयनित 15 महिलाएं समेत 45 किसान शामिल हुए।

# निमाटांड विद्यालय में गूंजी सृजन की गूंज

**रजौली**। उत्क्रमित मध्य विद्यालय निमाटांड रजौली के प्रांगण में सोमवार को बच्चों की सृजनात्मक ऊर्जा और उमंग का एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जहां 'हैंडीक्राफ्ट सॉइल आर्ट' यानी माटी कला प्रतियोगिता का शानदार आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सह संकुल समन्वयक राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम ने नन्हे-मुन्ने बच्चों को अपनी सुप्त कलात्मक क्षमताओं को धरातल पर उतारने का एक जीवंत अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता के दौरान पूरा विद्यालय परिसर बच्चों के उत्साह और कलात्मक रंगों से सराबोर नजर आया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ने माटी कला के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि गीली मिट्टी को आकार देने की प्रक्रिया बच्चों में केवल रचनात्मकता का विकास नहीं करती, बल्कि उनके शारीरिक संतुलन, भावनात्मक अभिव्यक्ति और सूक्ष्म मोटर कौशल को भी सुदृढ़ बनाती है। मिट्टी से जुड़कर सीखना बच्चों के सर्वांगीण विकास की एक मजबूत नींव तैयार करता है। प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने अपनी अद्वितीय कल्पनाशीलता का प्रदर्शन करते हुए मिट्टी से आकर्षक खिलौने, पारंपरिक बर्तन और सुंदर मूर्तियां बनाईं। बच्चों के कोमल हाथों द्वारा गढ़ी गई इन मनमोहक आकृतियों ने वहां मौजूद सभी शिक्षकों व दर्शकों को मुग्ध कर दिया। प्रतियोगिता के सुचारू संचालन और निष्पक्ष मूल्यांकन हेतु गठित निर्णायक मंडल में उच्च प्राथमिक वर्ग के लिए वरीय शिक्षक सच्चिदानंद प्रसाद,अनोज कुमार व शिक्षिका अंजू कुमारी शामिल थे।

### जिला अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं एवं सर्जरी प्रदर्शन को लेकर स्वास्थ्य सचिव ने की राज्यस्तरीय समीक्षा

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने का मंत्री ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य के जिला अस्पतालों में मरीजों को सुलभ, त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने विभाग के डिजिटल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देश के आलोक में अनावश्यक रेफरल में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों तथा जिलों में रेफरल व्यवस्था की वर्तमान स्थिति की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बीएमएसआईसीएल के प्रबंध निदेशक सुब्रत कुमार सेन, स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारी, सभी जिलों के सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, अस्पताल उपाधीक्षक, अस्पताल प्रबंधक, इमरजेंसी प्रभारी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल हुए। बैठक के दौरान जिला अस्पतालों के समग्र प्रदर्शन, आईपीडी में मरीजों के दाखिले, ईएचआर लिंकेज, एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी सेवाओं, विभागवार एवं जिलावार सर्जरी, आयुष्मान भारत योजना की प्रगति, रेफरल व्यवस्था तथा चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और उपयोग की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि सितंबर 2026 में राज्य के जिला अस्पतालों में कुल 49,450 मरीज आईपीडी में भर्ती हुए। जून में यह संख्या 26,443 और जुलाई में 36,680 थी जबकि अगस्त में 49,973 मरीज भर्ती हुए थे। इससे स्पष्ट है कि जिला अस्पतालों में आईपीडी सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है। सितंबर में आईपीडी दाखिले के मामले में मधेपुरा 8,037 मरीजों के साथ पहले स्थान पर रहा। इसके बाद बांका में 2,488, मुंगेर में 2,327, अररिया में 2,065 और सहरसा में 1,709 मरीज भर्ती हुए। वहीं जहानाबाद, शिवहर, भागलपुर, जमुई और नवादा में आईपीडी दाखिले अपेक्षाकृत कम पाए गए।

मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को डिजिटल रूप से जोड़ने की भी समीक्षा की गई। सितंबर में पूरे राज्य में 4,413 ईएचआर लिंक किए गए। मधेपुरा में सर्वाधिक 1,787 रिकॉर्ड लिंक हुए। इसके बाद अररिया, पटना, गोपालगंज और वैशाली का प्रदर्शन बेहतर रहा। दूसरी ओर कटिहार में एक भी रिकॉर्ड लिंक नहीं होने तथा सहरसा, सिवान, सुपौल और सारण में बहुत कम प्रगति पर स्वास्थ्य सचिव ने नाराजगी जताते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। सितंबर माह में जिला अस्पतालों के एक्सीडेंट एंड इमरजेंसी विभागों में कुल 2,05,566 मरीजों का पंजीकरण हुआ। भोजपुर में सर्वाधिक 16,570 मरीजों ने इमरजेंसी सेवा प्राप्त की। इसके बाद सिवान, अररिया, वैशाली और मधेपुरा का स्थान रहा। वहीं लखीसराय, शेखपुरा, सहरसा, कटिहार और पटना में इमरजेंसी पंजीकरण अपेक्षाकृत कम दर्ज किया गया। स्वास्थ्य सचिव ने निर्देश दिया कि जिला अस्पतालों में 24×7 इमरजेंसी सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और मरीजों को समय पर आवश्यक जांच एवं उपचार मिले। बैठक में जून से सितंबर 2026 के बीच जिला अस्पतालों में विभिन्न विभागों में हुई सर्जरी की भी समीक्षा की गई। प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में सर्जरी की संख्या जून के 2,156 से बढ़कर सितंबर में 6,131 हो गई। जनरल सर्जरी में यह संख्या 174 से बढ़कर 1,420 तथा ऑर्थोपेडिक्स में 25 से बढ़कर 1,408 हो गई। सितंबर में ईएनटी की 300, नेत्र रोग की 222 तथा दंत रोग से संबंधित 224 सर्जरी भी की गईं। जिला अस्पतालों में सर्जरी की संख्या में लगातार उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। जून में 2,428 सर्जरी हुई थीं, जो जुलाई में बढ़कर 5,650, अगस्त में 8,209 और सितंबर में 9,705 हो गईं। इस प्रकार जून की तुलना में सितंबर में सर्जरी की संख्या लगभग चार गुना बढ़ी है।

## हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** डॉक्टरों द्वारा अनुशंसित नंबर 1 ब्रांड, हिमालया बेबीकेयर ने अपने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की है। कॉन्टेस्ट में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं को चुना गया। इनमें चार विजेताओं को 1-1 लाख रुपये मूल्य का सोना और आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपये के सिल्वर वाउचर प्रदान किए गए जिन्हें तनिष्क या कल्याण के कॉइन्स के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। हिमालया बेबी गोल्डन गिफ्ट पैक को खास गोल्ड-एडिशन गिफ्ट पैक के तौर पर पेश किया गया था। इसके जरिए ग्राहकों को 'हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का अवसर मिला। प्रतिभागियों को पैक के अंदर मौजूद लीफलेट को स्क्रैच कर यूनिक कोड प्राप्त करना, क्यूआर कोड स्कैन करना और अपने बच्चे के साथ बिताई अनमोल याद को अपलोड करना था। सभी प्रतिभागियों को 500 रुपये मूल्य की माय बेबी एन्ड मी ई-बुक निःशुल्क दी गई।

## गेंदा खेती से बढ़ेगी किसानों की आय, 40 हजार रुपये तक अनुदान : विजय सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राज्य में गेंदा फूल की खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से उद्यान निदेशालय ने गेंदा फूल उत्पादन एवं प्रसंस्करण योजना शुरू की है। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि योजना के माध्यम से गेंदा फूल की खेती को क्लस्टर आधारित स्वरूप देने के साथ परिवहन, प्रसंस्करण और विपणन को बढ़ावा दिया जाएगा। योजना के तहत 25 हेक्टेयर क्षेत्रफल का क्लस्टर बनाया जाएगा जो एक पंचायत या दो समीपवर्ती पंचायतों में होगा। इसमें रबी और खरीफ मौसम में गेंदा फूल की खेती कराई जाएगी। योजना के लिए आवेदन 15 सितंबर से शुरू हो चुका है और 31 दिसंबर 2026 तक किया जा सकता है। गेंदा फूल की खेती के लिए 80 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर इकाई लागत निर्धारित है, जिस पर 50 प्रतिशत यानी अधिकतम 40 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान मिलेगा। एक किसान न्यूनतम 0.1 और अधिकतम दो हेक्टेयर तक लाभ ले सकता है। किसान के पास भूमि उपलब्ध होना जरूरी है। अपनी भूमि नहीं होने पर निर्धारित एकरारनामा के आधार पर भी लाभ लिया जा सकता है। भूमि दस्तावेज में नाम स्पष्ट नहीं होने पर वंशावली देनी होगी। गेंदा फूल के परिवहन के लिए मालवाहक वाहन खरीद पर भी 50 प्रतिशत तक अनुदान मिलेगा। वाहन की अधिकतम मान्य लागत 3.25 लाख रुपये होगी। अनुदान वास्तविक कीमत या 3.25 लाख रुपये, जो कम हो, उस पर मिलेगा। आवेदन के साथ वाहन का कोटेशन, जमीन के कागजात और खेती संबंधी एकरारनामा अपलोड करना होगा। भूमि स्वामित्व प्रमाण-पत्र तथा भूमिहीन किसानों के लिए एकरारनामा आवश्यक दस्तावेज हैं।

## पांच सूत्री मांगों को लेकर रिटेल फर्टिलाइजर एंड फार्मर्स वेलफेयर फाउंडेशन ने किया धरना-प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** गर्दनीबाग में सोमवार को रिटेल फर्टिलाइजर एंड फार्मर्स वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में खुदरा विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं एवं पांच सूत्री मांगों को लेकर विशाल एकदिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उर्वरक विक्रेताओं ने अपनी समस्याओं को सरकार एवं संबंधित विभाग के समक्ष मजबूती से रखा। धरना के क्रम में फाउंडेशन ने सरकार के समक्ष अपनी पांच सूत्री मांगों को रखा जिसमें एफओआर के तहत उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठान तक सरकारी दर पर उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित करने, उर्वरक अनुज्ञप्ति के साथ अन्य कृषि उत्पादों के होल्डिंग- व्यवसाय को लेकर खुदरा विक्रेताओं को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए और उन्हें उचित राहत देने, सभी कंपनियों द्वारा ब्लॉक स्तर के विक्रेताओं के समक्ष निर्धारित उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित शामिल हैं। फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव रंजन ने कहा कि खुदरा उर्वरक विक्रेता किसानों तक खाद-बीज एवं कृषि सामग्री पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं परंतु वर्तमान व्यवस्था में उन्हें लगातार कई तरह की व्यावहारिक एवं आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बावजूद सरकार एवं संबंधित कंपनियों द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य सरकार के खिलाफ जाना नहीं बल्कि खुदरा उर्वरक विक्रेताओं की जायज समस्याओं का समाधान कराकर किसानों और विक्रेताओं के हित में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित कराना है। कहा कि अगर सरकार द्वारा इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आगे राज्यव्यापी आंदोलन को और व्यापक रुप देने के लिए बाध्य होगा।

## खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं : आर. दुरैस्वामि




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबन्ध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने आज बेंगलुरू स्थित श्री कांतीरवा स्टेडियम में 'अखिल भारतीय एलआईसी खेल 2026-27' का उद्घाटन किया। अखिल भारतीय एलआईसी खेल भारतीय जीवन बीमा निगम का वार्षिक खेलकूदों का आयोजन है, जो चार दिनों की अवधि के लिए आयोजित किया जा रहा है। इन खेल प्रतियोगिताओं में छः खेल विधाएं सम्मिलित हैं जिनमें कैरम, शतरंज, टेबल टेनिस, बैंडमिंटन, वॉलीबॉल तथा एथलेटिक्स का समावेश है। उद्घाटन समारोह में एस. गिरिजा, कार्यकारी निदेशक, प्रदीप पी. शेणै, कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण), लता माडम्पत्त, कार्यकारी निदेशक (कार्मिक), सरवना रमेश एस., क्षेत्रीय प्रबन्धक, दक्षिण-मध्य क्षेत्र तथा आर.के.यादव, वरिष्ठ मण्डल प्रबन्धक, बेंगलुरू मण्डल उपस्थित थे।

## राजस्व न्यायालयों में ऑफलाइन काम नहीं होगा, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई : सचिव

### डीसीएलआर अपने अंचल में आने वाले प्रमुख मामलों का करें गहन अध्ययन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव जय सिंह ने स्पष्ट किया है कि विभाग की ऑनलाइन व्यवस्था के बावजूद किसी भी स्तर पर ऑफलाइन कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा। राजस्व मामलों में ऑफलाइन प्रक्रिया अपनाए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारियों को कानून और नियमों की जानकारी के साथ विभाग की ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल रिकॉर्ड और डेटा संरचना की भी पूरी समझ होनी चाहिए। राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सोमवार से नवपदस्थापित अपर समाहर्ताओं एवं भूमि सुधार उप समाहर्ताओं के लिए पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम शुरू हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र को संबोधित करते हुए सचिव श्री सिंह ने अधिकारियों को राजस्व न्यायालयों के संचालन, आदेश पारित करने की प्रक्रिया, ऑनलाइन सेवाओं और अंचल स्तर पर कार्यों की निगरानी को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीसीएलआर का अधिकांश कार्य विभिन्न मामलों में आदेश पारित करने से संबंधित होता है। इसलिए अधिकारियों को अपने-अपने अंचलों में सबसे अधिक आने वाले मामलों का गहन अध्ययन करना चाहिए। किसी मामले में आदेश पारित करने से पहले यदि किसी बिंदु पर स्पष्टता की आवश्यकता हो तो वरीय अधिकारियों से सलाह लें। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व से संबंधित कानूनों और नियमों में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए नियमित अध्ययन और मेहनत करने की सलाह दी। सचिव ने कहा कि राज्य के सभी राजस्व न्यायालयों का फिजिकल वेरिफिकेशन शुरू किया जाएगा।

## लोकतंत्र नहीं बचेगा तो चुनाव का क्या मतलब : तेजस्वी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए महागठबंधन की ओर से बिहार में आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र ही नहीं बचेगा तो चुनाव का क्या मतलब रह जाएगा। सोमवार को पोलो रोड स्थित आवास पर महागठबंधन के नेताओं के साथ बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने आंदोलन की रूपरेखा की जानकारी दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में हुई महागठबंधन की बैठक में लिए गए निर्णय के तहत चुनाव आयोग के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन का कार्यक्रम तय किया गया है। इसी क्रम में 6 अक्टूबर को नई दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों की ओर से लोकतंत्र बचाओ मार्च निकाला जाएगा। वहीं, बिहार में 7 अक्टूबर को सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश मार्च और 8 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालयों पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 8 अक्टूबर को पटना में उनके नेतृत्व में विधायक, विधान पार्षद और महागठबंधन के नेता शहीद स्मारक स्थल से राजभवन तक लोकतंत्र बचाओ मार्च निकालेंगे। इसके अलावा राष्ट्रपति से मिलने का समय मांगा गया है। समय मिलने पर महागठबंधन के नेता राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर चुनाव आयोग से संबंधित अपनी शिकायतों से अवगत कराएंगे। तेजस्वी यादव ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग के कामकाज को लेकर विपक्ष लगातार सवाल उठाता रहा है।

## दारोगा परीक्षा रद्द, हाथ में तिरंगा और जुबान पर नारे लगाते सड़कों पर उतरे अभ्यर्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार पुलिस दारोगा भर्ती परीक्षा रद्द किए जाने के बाद अभ्यर्थियों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को पटना में बड़ी संख्या में अभ्यर्थी सड़क पर उतर आए। गर्दनीबाग में चल रहे धरना-प्रदर्शन के बीच प्रदर्शनकारियों ने गांधी मैदान से जेपी गोलंबर तक मार्च निकाला। हाथों में तिरंगा, बैनर और पोस्टर लिए अभ्यर्थी परीक्षा रद्द किए जाने के फैसले के खिलाफ नारे लगाते हुए आगे बढ़े। प्रदर्शनकारी गांधी मैदान में जुटे और वहां से जेपी गोलंबर की तरफ बढ़े। उनके हाथों में तिरंगा था और वे अपनी मांगों को लेकर लगातार नारेबाजी कर रहे थे। कई पोस्टरों पर भर्ती प्रक्रिया और संबंधित आयोग के खिलाफ नारे लिखे थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि परीक्षा रद्द होने से उनके सामने फिर से अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से इस भर्ती की तैयारी कर रहे थे और परीक्षा रद्द होने के बाद उनकी परेशानी बढ़ गई है। मार्च जब जेपी गोलंबर के पास पहुंचा तो पुलिस ने बैरिकेडिंग कर दी। प्रदर्शनकारियों को आगे जाने से रोकने के लिए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने अभ्यर्थियों से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने की अपील भी की। सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस के साथ आरएएफ के जवानों को भी लगाया गया है। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए हैं।

## मुजफ्फरपुर, गया, पूर्णिया समेत नौ शहरों में बनेंगे आधुनिक बस टर्मिनल, मिलेंगी एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में दिल्ली-मुंबई जैसे महानगरों की तर्ज पर विश्वस्तरीय बस टर्मिनल बनाने की योजना अब धरातल पर उतरने जा रही है। इस संबंध में मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में हुई उच्चस्तरीय बैठक में 9 जिलों के बस डिपो के डिजाइन को मंजूरी दे दी गई है। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार जिन 9 स्थानों के डिजाइन को हरी झंडी मिली है, उनमें मुजफ्फरपुर, गया, बिहारशरीफ, राजगीर, दरभंगा, पूर्णिया, मोतिहारी, तारापुर और मुंगेर जिले शामिल हैं। मंजूरी के बाद अब जल्द ही आरएफपी तैयार कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इन नए बस टर्मिनलों को अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। यहां वातानुकूलित प्रतीक्षालय, डिजिटल डिस्प्ले सूचना प्रणाली, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, पर्याप्त पार्किंग, यात्री सहायता केंद्र, दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, एटीएम, दीदी की रसोई और ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन जैसी व्यवस्थाएं होंगी। निगम ने आगे बताया कि प्रस्तावित पांच मंजिला टर्मिनलों के ग्राउंड फ्लोर पर बसों की पार्किंग और वर्कशॉप की व्यवस्था होगी जबकि ऊपरी तलों पर निगम का कार्यालय, कैफेटेरिया, दुकानें, एसी एवं नॉन एसी वेटिंग रूम, बस चालकों और संवाहकों के लिए डॉर्मेटरी, गेस्ट रूम, महिला फीडिंग रूम, बैंक्वेट हॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, होटल और एंटरटेनमेंट जोन विकसित किए जाएंगे।

## इएसआइसी बिहटा चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल बिहटा, पटना के कालेज ऑडिटोरियम में नए शैक्षणिक सत्र के एमबीबीएस छात्रों के स्वागत और मागदर्शन के लिए एक दिवसीय ओरिएन्टेशन प्रोग्राम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नए छात्र-छात्राओं को चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रम, नियमों, अनुशासन और एक आदर्श डॉक्टर बनने की यात्रा से अवगत कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, सी. ए. निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक एवं संस्थान के डीन और वरिष्ठ संकाय सदस्यों द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्थान के डीन ने अपने स्वागत भाषण में नए छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा एक पेशा नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत, समर्पण और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि ईएसआईसी बिहटा चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्रीय निदेशक ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम का देश में सामाजिक सुरक्षा में योगदान के संबंध में सभी को अवगत कराते हुए बीमित श्रमिकों को करूणा एवं संवेदनशीलता के साथ ईलाज हेतु प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंनें ई0एस0आई0सी0 के अन्तर्गत अन्य नकद लाभ से संबंधित योजना के बारे में भी जानकारी प्रदान की।

## 871 कुशल युवा संचालकों को मिलेगा 'डिजिटल मित्र' केंद्र, छह से ऑनलाइन आवेदन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** सात निश्चय-3 के निश्चय-1 'दोगुना रोजगार-दोगुना आय' के तहत कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) को विस्तार दिया जा रहा है। इसके तहत सात निश्चय-2 की अवधि समाप्त होने के समय कार्यरत रहे 871 कुशल युवा कार्यक्रम संचालकों को प्रथम चरण में एक-एक कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) केंद्र आवंटित किया जाएगा। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 6 अक्टूबर 2026 से शुरू होगी। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अनुसार कुशल युवा कार्यक्रम (डिजिटल मित्र) के संचालन को मंत्रिपरिषद ने 12 अगस्त 2026 को स्वीकृति दी थी। इसके बाद बिहार कौशल विकास मिशन की ओर से 19 अगस्त 2026 को जारी स्वीकृत्यादेश के तहत केंद्रों के संचालन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। संचालकों को बिहार वित्त (संशोधित) नियमावली-2024 के तहत नामांकन एवं बिहार कौशल विकास मिशन के शासी निकाय की ओर से निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप केंद्र संचालन की स्वीकृति दी गई है। प्रथम चरण में सात निश्चय-2 की अवधि समाप्त होने के समय कार्यरत सभी 871 संचालकों को एक-एक केंद्र आवंटित किया जाएगा।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग ने पटना जंक्शन का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग द्वारा पटना जं. का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 10 का एक छोर से दूसरी छोर तक निरीक्षण किया गया तथा यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सर्कुलेटिंग एरिया, फुट ओवर ब्रिज, टिकट काउंटर, एस्कलेटर आदि का निरीक्षण कर यात्री सुविधा, संरक्षा आदि का जायजा लिया। महाप्रबंधक ने पटना जं. पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किये जाने वाले स्टेशन पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की तथा उच्च गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य एवं उन्नत यात्री सुविधा की उपलब्धता पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक द्वारा प्लेटफॉर्म सं.-10 पर खड़ी पटना-न्यूजलपाईगुड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस का भी निरीक्षण किया गया तथा यात्रियों से संवाद कर उनसे फीडबैक लिये। निरीक्षण के दौरान दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### सहकारिता मंत्री ने की दरभंगा एवं सारण प्रमंडलों की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

## धान अधिप्राप्ति, फसल सहायता, गोदाम निर्माण और सहकारी सेवाओं में तेजी लाने पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने दरभंगा एवं सारण प्रमंडल अंतर्गत धान अधिप्राप्ति की तैयारियों, बिहार राज्य फसल सहायता योजना के लंबित मामलों, गोदाम निर्माण तथा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को वित्तीय एवं अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री ने नवंबर माह में धान अधिप्राप्ति प्रारंभ होने के पूर्व खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के साथ समन्वय बैठक कर राज्य खाद्य निगम की भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कहा कि अधिप्राप्ति से पूर्व सभी प्रकार की तैयारियां सुनिश्चित कर ली जाय। इस क्रम में भंडारण क्षमता को सुदृढ़ करना एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में दरभंगा प्रमंडल में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 2,41,105.15 मीट्रिक टन तथा सारण प्रमंडल में 2,49,323.12 मीट्रिक टन धान की अधिप्राप्ति की गई। दोनों प्रमंडलों में लक्ष्य के क्रमशः 99.71 प्रतिशत एवं 99.88 प्रतिशत की उपलब्धि दर्ज की गई। समीक्षा में अधिप्राप्त धान के समतुल्य चावल की राज्य खाद्य निगम को आपूर्ति की स्थिति भी देखी गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी अधिप्राप्ति सत्र के लिए सभी स्तरों पर पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए तथा अधिप्राप्ति एवं चावल की आपूर्ति से संबंधित कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। बिहार राज्य फसल सहायता योजनाः मंत्री ने खरीफ 2025 के अंतर्गत पात्र किसानों के मामलों में क्षेत्रीय निरीक्षण एवं बहुस्तरीय सत्यापन की प्रगति की समीक्षा की।

## बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद प्रत्याशी दिलीप कुमार ने किया नामांकन

### जीतेंगे तो हर प्रखंड में बनाएंगे स्नातक भवन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से राजद समर्थित उम्मीदवार दिलीप कुमार उर्फ दिलीप पटेल ने सोमवार को पटना आयुक्त कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद दिलीप पटेल ने पटेल सेवा संघ कार्यालय पहुंचकर सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं पटेल सेवा संघ में आयोजित नामांकन सभा में पटेल परिवार के रंजीत पटेल एवं राजेश रंजन के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर सभा को संबोधित करते हुए दिलीप पटेल ने कहा कि अगर चुनाव जीते हैं तो अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर प्रखंड में स्नातक भवन तथा हर जिला में स्नातक रोजगार केंद्र की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा युवाओं का विकास उनको सही समय पर रोजगार मिले उनको बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिले तथा विश्वविद्यालय में जो 3 साल की डिग्री 4 साल में मिल रही है इसको ससमय करना उनकी प्राथमिकता सूची में होगा।

## केवाइपी के नए प्रारूप को लेकर केंद्र संचालकों में आक्रोश

### 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू करने और पुरानी प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कुशल युवा कार्यक्रम के पूर्व से संचालित 1,731 केंद्रों को पुनः शुरू करने तथा उनकी पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण क्षमता बहाल करने की मांग को लेकर सोमवार को बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में केंद्र संचालक बिहार कौशल विकास मिशन परिसर, पटना पहुंचे। केंद्र संचालकों ने विभागीय अधिकारियों से वर्तमान स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास किया, लेकिन संतोषजनक जानकारी और स्पष्ट निर्णय नहीं मिलने से उनमें नाराजगी देखी गई। इसके बाद केंद्र संचालकों ने सामूहिक रूप से विभाग के अपर मुख्य सचिव नवदीप शुक्ला तथा मिशन निदेशक मनीष शंकर के समक्ष अपनी आपत्तियां और मांगें रखीं तथा जवाब मांगा। केंद्र संचालकों ने कुशल युवा कार्यक्रम में प्रस्तावित बदलाव पर भी गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कार्यक्रम को बदलकर 'कुशल युवा डिजिटल मित्र' के रूप में संचालित करने की तैयारी की जा रही है जिसमें 18 वर्ष की आयु, मैट्रिक या इंटर उत्तीर्ण तथा डेढ़ वर्ष के अनुभव जैसी शर्तें रखी गई हैं। संचालकों के अनुसार ऐसी व्यवस्था से पहले से संचालित केंद्रों के संचालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। केंद्र संचालकों का कहना है कि पूर्व से संचालित केंद्रों में भवन, कंप्यूटर प्रयोगशाला, उपकरण, इंटरनेट सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं पर संचालकों द्वारा बड़ी राशि का निवेश किया गया है। ऐसे में पुराने केंद्रों की प्रशिक्षण क्षमता कम करने अथवा उनकी जगह नई व्यवस्था लागू करने से केंद्र संचालकों के सामने गंभीर आर्थिक एवं संचालन संबंधी समस्याएं उत्पन्न होंगी।

# संपादकीय

## एसआईआर -विशेष अभियान शुरू करने का फैसला, अच्छी पहल

देश के कई हिस्सों में हो रहे विरोध-प्रदर्शनों और संदेहों के बीच चुनाव आयोग ने 'स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन' (एसआईआर) के तहत एक विशेष अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर को लेकर विशेष अभियान शुरू करने का फैसला ऐसे समय लिया है, जब उसके खिलाफ देश के कई हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। उसके कई फैसलों को संदेह की नजर से देखा जा रहा है और आयोग को बार-बार स्पष्टीकरण देना पड़ रहा है।सूचियों का मिलान। अभियान के तहत बीएलओ मौजूदा मतदाता सूची का एसआईआर से पहले की सूची से मिलान करेंगे। जिनके नाम पहले थे, पर अब नहीं हैं, उनकी स्थिति घर-घर जाकर जांची जाएगी। चुनाव आयोग और राज्य के चुनाव अधिकारियों के डेटा के मुताबिक, एसआईआर प्रक्रिया के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं में 10.2 प्रतिशत की कमी आई है।बताया जा रहा है कि करीब 13 करोड़ नाम कटे हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि ये सारे लोग योग्य थे और गलत तरीके से बाहर किए गए। 60 लाख से ज्यादा तो ऐसे मतदाताओं के नाम हटे हैं, जिनकी मौत हो चुकी है। आयोग ने हर राज्य में प्रक्रिया पूरी होने के बाद बताया था कि कहां कितने मृत, डुप्लिकेट या स्थानांतरित नाम हैं। लेकिन, संख्या को लेकर बार-बार विवाद हो रहा है। नई और पुरानी, दोनों वोटर लिस्ट के मिलान से पता चलने की उम्मीद है कि कोई वास्तविक नाम तो नहीं छूटा। चुनाव आयोग को इस दर्शन (फिलॉसफी) पर काम करना चाहिए कि एक भी योग्य मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रह जाए। अगर प्रक्रिया जटिल है, तो इसका नुकसान जनता को नहीं होना चाहिए। हर बीएलओ को एक सप्ताह में 20 से 25 मतदाताओं तक पहुंचने का निर्देश दिया गया है। एक महीने में वेरिफिकेशन का काम पूरा होने की उम्मीद लगाई जा रही है। अगले साल कई राज्यों में होने वाले चुनावों को देखते हुए एक समय सीमा निर्धारित करना बेहद जरूरी है। ये सारे मुद्दे और विवाद विधानसभा चुनावों की प्रक्रिया शुरू होने के पहले तक सुलझ जाने चाहिए। यह ठीक नहीं होगा कि जब चुनाव चल रहे हों, तब आयोग की विश्वसनीयता पर अंगुलियां उठ रही हों। इससे आखिरकार संस्था और लोकतंत्र का नुकसान है। विशेष अभियान आयोग के लिए मौका है, जब वह सारे सवालों के जवाब दे सकता है। इसके लिए जरूरी है कि पूरी पारदर्शिता रखी जाए। अगर कोई योग्य नाम पुरानी सूची में था और नए में जगह नहीं पा सका, तो उसके पीछे का कारण भी सामने आना चाहिए। यह अच्छा है कि लिस्ट को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के साथ शेयर किया जाएगा।

# अब तक विरोधियों से ताकत पाते रहे प्रधानमंत्री मोदी क्या चक्रव्यूह तोड़ पाएंगें?

(प्रो. संजय द्विवेदी )

ऐसा लगता है कि सुशासन, विकास और संवाद तीन स्तरों से सत्ता ने सब कुछ साध लिया है। आलोचना हर सरकार की होती है, होनी भी चाहिए। कहीं कुछ भी पूर्ण नहीं है। किंतु दिल्ली में 2014 के बाद आई सरकार ने न सिर्फ अपनी धमक बनाई वरन बदलता हुए हिंदुस्तान भी दिखा। यह अलग ही हिंदुस्तान था।

मोदी है तो मुमकिन है- यह सिर्फ नारा नहीं है, भरोसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 25 सालों के सत्ताकाल में इसे अर्जित किया है। चुनावों में इस भावना को 'मोदी की गारंटी' कहा गया। यही विचार था जो मोदी को संगठन और विचार से बड़ा बना देता है। आज मोदी एक विचार बन चुके हैं। वह विचार है सबको साथ लेकर इस देश को विकसित भारत बनाने का सपना। इस मायने में वे सपनों के सौदागर भी हैं। अच्छे दिन आने वाले हैं से लेकर सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास तक यह सातत्य दिखता है। यह बिल्कुल नई राजनीतिक संस्कृति है और उसका सतत विकास है।



सुशासन, विकास और संवाद है मंत्र

ऐसा लगता है कि सुशासन, विकास और संवाद तीन स्तरों से सत्ता ने सब कुछ साध लिया है। आलोचना हर सरकार की होती है, होनी भी चाहिए। कहीं कुछ भी पूर्ण नहीं है। किंतु दिल्ली में 2014 के बाद आई सरकार ने न सिर्फ अपनी धमक बनाई वरन बदलता हुए हिंदुस्तान भी दिखा। यह अलग ही हिंदुस्तान था। जो आकांक्षाओं से भरा-पूरा था। अवसाद की चादर को फेंक कर कुछ करना चाहता था। आगे बढ़ना चाहता था। मोदी ऐसे हैं जिन्होंने राजनीतिक तंत्र और नेताओं की इज्जत थोड़ी बढ़ाई ही है। इसके पूर्व का समय याद करें तो वह 'नीतिगत जड़ता' का समय था, घोटालों की खबरें से हलाकान देश भ्रष्टाचार के विरुद्ध सड़कों पर था। दिल्ली में एक नई बनी पार्टी (आप) सत्ता में चुकी थी। तभी मोदी उम्मीदों का चेहरा बनकर उभरे और लोगों ने उनमें राष्ट्नायक की छवि देखी। उनका साधारण अतीत भरोसा दे रहा था कि उन्हें लोगों के दर्द पता हैं और वे संकटों के ठोस और वाजिब हल निकालेगें। इस भरोसे ने तीन बार उन्हें केंद्र की सत्ता पर न सिर्फ बिठाया बल्कि तमाम राज्यों में भी भाजपा और राजग की सरकारें बनीं, जिन्हें डबल इंजन की सरकार कहकर संबोधित किया गया।

अति आत्मविश्वास से बचने की जरुरत

गुजरात और दिल्ली के 'सत्ता साकेत' में लगभग ढाई दशक पूरे कर चुके नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को लेकर इस समय विपक्ष और समाज के कुछ हिस्से हमलावर हैं। कुछ मुद्दे तो खुद उनकी सरकार ने दिए तो कुछ विपक्ष प्रायोजित विवाद भी हैं। जिसमें पेपरलीक, एनटीए की नाकामी, इथेनाल और चुनाव आयोग जैसे मुद्दे हैं। नरेटिव की जंग में मोदी का मुकाबला नहीं, किंतु हर बार ऐसा नहीं होता। कई बार अतिआत्मविश्वास भी नुकसानदायक होता है। जनता सब कुछ कर सकती है, किंतु अहंकार स्वीकार नहीं करती। सच तो यह है कि विपक्ष के बिखराव और आपसी खींचतान के बाद भी सरकार न तो सदन चला पाई न सामने से उठ रहे सवालों के उत्तर दे पाई। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या मोदी थक गए हैं या वे घिर गए हैं?

सच्चाई तो यह है कि मोदी और उनकी पार्टी के संगठन का मुकाबला करने की स्थिति में इस समय कोई दल या राजनीतिक समूह नहीं है। भाजपा अब पुरानी पार्टी नहीं रही। इस दौर में उनका जो भौगोलिक और सामाजिक विस्तार हुआ है, वह अभूतपूर्व है। इसके भरोसे ही वह तीन बार केंद्रीय सत्ता में आ सकी, जिसमें दो बार उसे पूर्ण बहुमत मिला तो तीसरी बार भी उसने आत्मविश्वास से भरकर सहयोगियों के साथ सरकार बना ली। सत्ता विरोधी रुझान के बाद भी भाजपा का मुख्य प्रतिद्वंदी दल कांग्रेस 100 सीटों का आंकड़ा पार नहीं कर सका। बावजूद इसके इस चुनाव परिणाम से विपक्ष में यह भरोसा तो बना कि भाजपा के अश्वमेघ के रथ को रोका जा सकता है।

**बंगाल की जीत ने दिया भरोसा** – अल्पमत की सरकार होने के बाद भी केंद्र की सरकार भरोसे से भरी है। बड़े फैसले हो रहे हैं। बंगाल के चुनावों की असंभव सी दिख रही जीत ने भाजपा के काडर में आत्मविश्वास भरा है। इस भरोसे में असम की जीत तो संयुक्त है ही। अब पंजाब और उत्तर प्रदेश के मैदान में डटी भाजपा को यह साबित करना है कि अभी वह चुकी और थकी नहीं है। पंजाब में बहुत कमजोर खिलाड़ी होकर भी वह मैदान को जीतने के लिए जिस तरह उतरी है, वह बात साबित करती है कि उसका यह भरोसा अकारण तो बिल्कुल नहीं है। नई नवेली आम आदमी पार्टी की सरकार वहां (पंजाब में) दूसरे संघर्ष में बन सकती है तो कोई कारण नहीं भाजपा भी ऐसे स्वप्न देखे। वहीं उत्तर प्रदेश में तो उसके पास योगी आदित्यनाथ जैसा फायर ब्रांड लीडर है, जिसके पास 10 सालों का सुनहरा अतीत है। सरकार के नेता पर कोई दाग नहीं है, गुंडों पर लगाम है, सरप्लस एकोनामी है। यानी उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ बदल गया है। भौगोलिकसंदर्भ

**सामाजिक समरसता पर संकट** – फिर क्या कारण हैं कि नरेंद्र मोदी को लेकर तरह-तरह की बातें हो रही हैं। कई जातीय समूह उन पर हमलावर हैं। जबकि इन समूहों द्वारा उठाए जा रहे आरक्षण जैसे विषयों पर राजनीतिक दलों की आम सहमति है। कोई दल इस विषय को छू नहीं सकता। 'समीक्षा' जैसे शब्द पर भी राजनीतिक दल कांप उठते हैं। इस विषय पर मोदी निशाने पर हैं। हालांकि यह ज्यादातर जंग आनलाईन माध्यमों पर ही लड़ी जा रही है किंतु समाज में इसका जहर नहीं फैल रहा है, यह कहना गलत होगा। इस बीच यूजीसी गाइडलाइंस ने अलग कबाड़ा किया। इससे मोदी विरोधियों को आग उगलने का मौका मिला। यह तो भला हो सुप्रीम कोर्ट का कि उसने इन प्रावधानों को रोककर सरकार की लाज बचा ली। सामाजिक समरसता के लिए यह सारे विवाद घातक हैं, किंतु राजनीति का लक्ष्य संधान अगर समाज को बांटकर ही होता हो तो क्या किया जा सकता है? इसके साथ ही शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को लंबे समय तक झेलते रहना भी सरकार के विरुद्ध गया, अंततः प्रधान तिलचट्टों की अनावश्यक सस्ती राजनीति के शिकार होकर विदा हो गए। इससे गुमनाम और जनाधारहीन नई नवेली 'काक्रोच जनता पार्टी' अनावश्यक चर्चा में आ गयी।

इस सबके बाद भी मोदी और भाजपा की शक्ति को कम आंकना गलत होगा। योगी आदित्यनाथ, हेमंत विश्वशर्मा, शुभेंदु अधिकारी, मोहन यादव, विष्णुदेव साय, नायब सिंह सैनी, मोहन मांझी, देवेंद्र फड़नवीस, सम्राट चौधरी जैसी मुख्यमंत्रियों की टीम को कम आंकना नासमझी होगी। नरेंद्र मोदी ने देश के हर क्षेत्र में सभी सामाजिक समूह के नेताओं की पूरी मलिका खड़ी कर दी है। भाजपा के इस सामाजिक विस्तार को समझे बिना आप मोदी की ताकत को नहीं भांप सकते। इसी तरह भाजपा का भौगोलिक विस्तार अप्रतिम है।

**उत्तर प्रदेश में होगा देश का फैसला** – भाजपा 'मोदी समय' में जम्मू से लेकर कन्याकुमारी तक की लोकसभा सीटें जीत चुकी है। भुवनेश्वर से लेकर मुंबई तक भाजपा की तूती बोल रही है। कांग्रेस और विपक्षी दलों के भरसक प्रयासों के बाद भी मोदी देश की जनता की पहली पसंद बने हुए हैं। सरकार के विरुद्ध असंतोष को वे कैसे समाप्त करते हैं, इसकी पहली बड़ी परीक्षा उत्तर प्रदेश के चुनाव मैदान में होनी है। वहां के परिणाम देश की राजनीति को प्रभावित करेंगे। कई विश्लेषक और ज्योतिष गुरु नरेंद्र मोदी को राष्ट्पति भवन भेजने और किसी अन्य को प्रधानमंत्री बनाने में लगे हैं, किंतु ऐसा लगता है कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा स्वयं को ज्यादा आश्वस्त पाती है। प्रधानमंत्री की सक्रियता और दिनचर्या को देखते हुए यह कहना कठिन है कि वे अभी आसानी से हथियार डाल देगें। संगठन और सरकार पर उनकी पकड़ मजबूत है। आज तक विपक्षियों के द्वारा हुए व्यापक विरोध से ही वे शक्ति अर्जित करते रहे हैं। नए समय में हो रहा विरोध क्या उन्हें फिर से शक्तिमान बनाएगा, इसके लिए उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों के परिणामों का इंतजार करना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश का राजनीतिक संदेश देश की भावी दिशा तय करेगा, इसमें दो राय नहीं है। सरकारीएजेंसियां(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं।)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# 4 साल में पहली बार एक सुर में बोले रूस और यूक्रेन, दोनों को पसंद आया मोदी का प्रस्ताव

(नीरज कुमार दुबे )

भारत की पहल की व्यापकता का सबसे बड़ा संकेत यही है कि यह केवल गोलाबारी रोकने तक सीमित नहीं दिखती। इसमें ऊर्जा सुरक्षा, बंदरगाहों, काला सागर में व्यापार और कृषि आपूर्ति जैसे उन क्षेत्रों को जोड़ने की कोशिश है, जिनका सीधा संबंध युद्ध से बाहर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा से है।

चार साल से ज्यादा समय से जंग लड़ रहे रूस और यूक्रेन के मोर्चे भले आज भी आमने-सामने हों, लेकिन शांति के सवाल पर दोनों तरफ से निकली आवाज पहली बार एक ही दिशा में जाती दिखाई दी है। और यह दिशा दी है भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने। यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने भारत के प्रस्ताव को युद्ध समाप्त करने के लिए सामने आए चार प्रस्तावों में सबसे व्यापक बताया है। दूसरी तरफ रूसी राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन ने भी खुलकर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी लगातार इस संघर्ष को खत्म करने का सवाल उठाते रहे हैं और उनके पास दोनों पक्षों को स्वीकार्य समाधान के लिए बहुत अच्छे विचार हैं। देखा जाये तो युद्ध के मैदान में एक-दूसरे पर हमला कर रहे मॉस्को और कीव की तरफ से आई इन टिप्पणियों ने भारत की उस कूटनीतिक पहल को अचानक केंद्र में ला दिया है, जो अब तक बंद कमरों की बातचीत से निकलकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाई देने लगी है।

यह घटनाक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि पहली बार यूक्रेन की ओर से भारत की पहल को सार्वजनिक रूप से इतनी स्पष्ट मान्यता मिली है। सिबिहा के अनुसार भारत ने पहली बार इस प्रक्रिया में भूमिका निभाने की इच्छा का संकेत दिया है। यूक्रेन ऊर्जा क्षेत्र और काला सागर में युद्धविराम पर विचार करने को तैयार है, बशर्ते ऊर्जा तथा बंदरगाह ढांचे पर हमले भी रुकें। साथ ही कीव ने संपर्क रेखा पर बिना शर्त युद्धविराम के विकल्प को भी खुला बताया है।

उधर, भारत की पहल की व्यापकता का सबसे बड़ा संकेत यही है कि यह केवल गोलाबारी रोकने तक सीमित नहीं दिखती। इसमें ऊर्जा सुरक्षा, बंदरगाहों, काला सागर में व्यापार और कृषि आपूर्ति जैसे उन क्षेत्रों को जोड़ने की कोशिश है, जिनका सीधा संबंध युद्ध से बाहर पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा से है। वहीं तुर्किये और मिस्र की पहल मुख्यतः काला सागर तथा अनाज निर्यात से जुड़ी बताई गई है, जबकि अमेरिका की पहल ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले रोकने पर केंद्रित है।

यहीं पुतिन का बयान बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। उन्होंने कहा कि मोदी रूस के साथ अच्छे और मित्रतापूर्ण संबंध होने के बावजूद लगातार युद्ध समाप्त करने का प्रश्न उठाते हैं और दोनों पक्षों के लिए स्वीकार्य समाधान खोजने में उनकी गहरी रुचि है। पुतिन ने मोदी के शांतिपूर्ण तरीके से और जल्द से जल्द संघर्ष समाप्त करने के प्रयासों के लिए आभार भी जताया।

देखा जाये तो मोदी की यह भूमिका अचानक पैदा नहीं हुई। वर्ष 2022 में ही उन्होंने कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। जुलाई 2024 में रूस की यात्रा के दौरान उन्होंने साफ कहा था कि बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती और समाधान युद्धभूमि पर नहीं निकलेगा। 31 अगस्त 2026 को बिश्केक में पुतिन से मुलाकात के दौरान भी उन्होंने अनंत युद्ध से युद्ध की समाप्ति की दिशा में बढ़ने की बात कही थी।

यहीं इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सामरिक संदेश छिपा है। रूस से भारत के गहरे संबंध हैं, जबकि यूक्रेन के साथ भी भारत ने संवाद के रास्ते खुले रखे हैं। ऐसे समय में यदि भारत रूस तक अपनी बात पहुंचा सकता है और यूक्रेन भी उसकी पहल को व्यापक प्रस्ताव मानता है, तो नई दिल्ली के पास संवाद के लिए एक ऐसा कूटनीतिक स्थान बनता है जो कई पश्चिमी शक्तियों के लिए उपलब्ध नहीं है।

दूसरी ओर, इसी कूटनीतिक हलचल के बीच रूस ने अपनी सैन्य शक्ति का भी जबरदस्त प्रदर्शन किया है। दो अक्टूबर को पुतिन ने यूराल क्षेत्र में चल रहे सेंटर-2026 सैन्य अभ्यास के अंतिम चरण का निरीक्षण किया। रूस के अनुसार इस अभ्यास में लगभग 47 हजार सैनिक, 11 प्रशिक्षण क्षेत्र और कैस्पियन सागर शामिल रहे। अंतिम चरण में करीब छह हजार सैनिक उतरे। चीन, बेलारूस, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान, मंगोलिया और पाकिस्तान सहित कई देशों की सेनाएं इसमें शामिल रहीं तथा 55 देशों के प्रतिनिधियों ने अभ्यास देखा।

इस अभ्यास में रूस ने करीब 700 सैन्य उपकरणों, 600 से अधिक मानवरहित विमानों और 60 से अधिक रोबोटिक प्रणालियों का इस्तेमाल दिखाया। पुतिन ने नए जेट-चालित जेरान मानवरहित विमानों का भी निरीक्षण किया, जिनका इस्तेमाल रूस यूक्रेन युद्ध में कर चुका है। इसका अर्थ साफ है कि मास्को युद्ध से मिले अनुभव को अगली पीढ़ी की युद्धक क्षमता में बदल रहा है।

# दो हफ्तों में पवित्र शहरों पर दूसरा हमला- धार्मिक स्थलों पर हमलों को रोकने की तत्काल ज़रूरत

**57 मुस्लिम-बहुल देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओ आई सी) ने मक्का पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे घिनौना बताया। ओ आई सी ने यमन के हूथी आंदोलन को इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराया और पवित्र स्थलों की सुरक्षा के लिए अंतराष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। साथ ही, संगठन ने वैश्विक समुदाय से ऐसी हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता और धार्मिक सद्भाव को खतरा हो सकता है।**

(प्रोफ़ेसर (डॉ.) डी. के. पांडेय)

सऊदी अरब के पवित्र शहरों मक्का और मदीना को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमलों के बाद तनाव बढ़ गया है। सऊदी गठबंधन और ओआईसी ने इसके लिए हूती विद्रोहियों को जिम्मेदार ठहराया, हालांकि हूतियों ने इससे इनकार किया है। अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत ऐसे पवित्र धार्मिक स्थलों पर हमला करना गंभीर युद्ध अपराध माना जाता है। पवित्र धार्मिक शहरों पर दूसरा हमला, 2017 के बाद से सबसे गंभीर हमला, मंगलवार, 29 सितंबर 2026 को स्थानीय समयानुसार सुबह 5.11 बजे हुआ। हूतियों ने मदीना में तैबा पावर डिस्ट्रिब्यूशन स्टेशन को निशाना बनाया, जो इस्लाम के दूसरे सबसे पवित्र स्थल 'अल-मस्जिद अन-नबवी' को बिजली सप्लाई करने वाली एक नागरिक सुविधा है। एक वन-वे अटैक ड्रोन ने एक ट्रांसफ़ॉर्मर को बेकार कर दिया। सऊदी गठबंधन ने बताया कि बड़े ग्रिड पर कोई असर नहीं पड़ा और मस्जिद में बिजली गुल नहीं हुई। गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-माल्की ने पुष्टि की कि मलबे को बरामद कर लिया गया है और ऑपरेशनल रिव्यू से हूतियों की संलिप्तता की पुष्टि हुई है। दो हफ़्ते पहले, मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को स्थानीय समयानुसार शाम 6.50 बजे, सऊदी अरब ने मक्का के दक्षिण में एक हूती ड्रोन को ग्रैंड मस्जिद के ऊपर प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में घुसने से पहले ही रोककर नष्ट कर दिया। 2017 के बाद मक्का पर यह पहली कोशिश थी। सऊदी अधिकारियों ने इस हमले के लिए यमन के हूती विद्रोहियों को ज़िम्मेदार ठहराया; बढ़ते तनाव के बीच इस्लाम के सबसे पवित्र शहर पर यह अपनी तरह की पहली घटना थी। सऊदी एयर डिफेंस ने जेद्दा से लगभग 70 किलोमीटर अंदर ड्रोन को रोक दिया, जिससे वह अपने लक्ष्य तक नहीं पहुँच पाया। सऊदी-नेतृत्व वाले गठबंधन के प्रवक्ता कर्नल तुर्की अल-मलिकी ने बताया कि मक्का के प्रतिबंधित हवाई



क्षेत्र में घुसने से पहले ही ड्रोन को रोक दिया गया था। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि दो पवित्र मस्जिदों और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा एक रेड लाइन (अति-संवेदनशील सीमा) है। उन्होंने इस हमले की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक हरकत बताया, जिसका मकसद इबादत करने वालों में डर पैदा करना और आम नागरिकों को नुकसान पहुँचाना था। सऊदी विदेश मंत्रालय ने इसे कायरतापूर्ण आतंकवादी हमला करार दिया। हूथी आंदोलन (अंसार अल्लाह) ने तुरंत और स्पष्ट रूप से इसकी ज़िम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। 57 मुस्लिम-बहुल देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले संगठन ऑर्गनाइज़ेशन ऑफ़ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओ आई सी) ने मक्का पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे घिनौना बताया। ओ आई सी ने यमन के हूथी आंदोलन को इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराया और पवित्र स्थलों की सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया। साथ ही, संगठन ने वैश्विक समुदाय से ऐसी हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाने का आग्रह किया, जिससे क्षेत्रीय स्थिरता और धार्मिक सद्भाव को खतरा हो सकता है। सऊदी अरब और जी सी सी ने कहा कि इन हमलों ने सभी रेड लाइन्स पार कर ली हैं और यह हालात को गंभीर रूप से बिगाड़ने (ग्रेव एस्केलेशन) जैसा है। मक्का और मदीना को निशाना बनाकर दुनिया भर के लाखों मुसलमानों को जान-बूझकर उकसाया गया है। यू ए ई, बहरीन, कुवैत, जॉर्डन और तुर्की ने भी एकजुटता दिखाते हुए बयान जारी किए। हूथियों ने ज़िम्मेदारी से इनकार करते हुए कहा कि उन्होंने किसी भी पवित्र स्थल को निशाना नहीं बनाया। उन्होंने सऊदी अरब पर आरोप लगाया कि वह मक्का के बारे में पहले किए गए दावे को साबित न कर पाने की अपनी नाकामी को छिपाने की कोशिश कर रहा है। हूथियों ने जुलाई 2026 में सऊदी अरब की समुद्री नाकेबंदी की घोषणा की थी और 2022 में संयुक्त राष्ट संघ की युद्धविराम संधि के टूटने के बाद सीमा-पार हमले फिर से शुरू कर दिए थे। सना और लाल सागर के तट पर उनके नियंत्रण की वजह से वे 900 किलोमीटर से ज़्यादा दूरी तक ड्रोन भेजकर मदीना तक पहुँच सकते हैं। पवित्र मस्जिद के पास बिजलीघर पर हमला करने का मकसद धार्मिक आक्रोश को भड़काना, सऊदी अरब पर दबाव बढ़ाना और ईरान-समर्थित क्षमताओं का प्रदर्शन करना है, ताकि यह दिखाया जा सके कि वे ईरान-अमेरिका-इज़राइल के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान भी सऊदी अरब के अंदरूनी इलाकों तक हमला कर सकते हैं। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन इसका प्रतीकात्मक असर बहुत बड़ा है। इस्लामी दुनिया में, पैगंबर की मस्जिद (मस्जिद-ए-नबवी) को सेवा देने वाले बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने को पवित्रता पर ही हमला माना जाता है।

**धार्मिक स्थलों पर हमलों को रोकने वाले अंतरराष्ट्रीय नियम** – टकराव के दौरान धार्मिक स्थलों को निशाना बनाना युद्ध का एक पुराना और दुखद पहलू रहा है। अंतरराष्ट्रीय कानून में इस मुद्दे पर स्पष्ट नियम हैं, जो सीधे तौर पर ऊपर बताए गए हमलों जैसे मामलों को संबोधित करते हैं। नीचे इन स्थलों के लिए ऐतिहासिक उदाहरण और मुख्य कानूनी सुरक्षा उपाय दिए गए हैं।अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून (आई एच एल) सशस्त्र संघर्षों के दौरान कई तरह से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा करता है। इसका मुख्य सिद्धांत यह है कि ये स्थल नागरिकों की संपत्ति हैं और इन पर तब तक हमला नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि ये सैन्य लक्ष्य न बन जाएं। 1907 के हेग नियमों का अनुच्छेद 27 कहता है कि घेराबंदी और बमबारी के दौरान, धर्म, कला, विज्ञान या धर्मार्थ कार्यों के लिए समर्पित इमारतों, ऐतिहासिक स्मारकों, अस्पतालों... को यथासंभव बचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए, बशर्ते कि उनका उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए न किया जा रहा हो।

# महुदा में दुगार्पूजा को ले शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

सुरक्षा व्यवस्था पर जोर



**महुदा (धनबाद)।** शारदीय नवरात्र और दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को महुदा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी पवन चंद्र पाठक ने की। बैठक में पूजा समितियों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, अग्निशमन, बिजली और प्रकाश व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने पूजा समितियों को पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, पर्याप्त संख्या में स्वयंसेवक तैनात करने और अग्निशामक यंत्र उपलब्ध रखने का निर्देश दिया।

ंडालों में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग प्रवेश और निकासी द्वार बनाने को भी कहा गया। उन्होंने सभी पूजा समितियों को पंडाल और मंदिर परिसर में सूचना पट्ट लगाने तथा थाना प्रभारी से लेकर पुलिस अधीक्षक तक के आवश्यक मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, ताकि आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना दी जा सके।

थाना प्रभारी ने डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध का पालन कराने की बात कही। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तत्काल पुलिस-प्रशासन को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गापूजा प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है। सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं।

## लापरवाह वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई, 30 वाहन जब्त

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर सोमवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में ट्रैफिक पुलिस ने व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया। प्रशिक्षु आईपीएस अंकित सिन्हा के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। अभियान में ट्रैफिक डीएसपी रोहित कुमार साव समेत पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल रहे। जांच के दौरान 30 वाहनों को जब्त किया गया, जबकि बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाहन चलाने वाले छह चालकों के खिलाफ कार्रवाई हुई। नो-पार्किंग में वाहन खड़ा करने, जरूरी दस्तावेज नहीं रखने, गलत दिशा में वाहन चलाने समेत अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर भी चालान किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने लापरवाही से वाहन चलाने वाले ऑटो और टोटो चालकों को विशेष रूप से चिन्हित कर कार्रवाई की।

# केकेएम कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम



**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के तहत केकेएम कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य और एचआईवी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने, मानसिक बीमारियों की पहचान, उपचार और समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व पर जानकारी दी गई।

डॉ. प्रकाश मुर्मू ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए कहा कि मानसिक परेशानी के शुरूआती लक्षणों की पहचान और समय पर चिकित्सकीय सलाह बेहद जरूरी है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और एचआईवी संक्रमण के बीच संबंध पर भी विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचआईवी जागरूकता अभियान के तहत संक्रमण के कारण, बचाव के उपाय, जांच और उपचार की जानकारी दी गई। आईसीटीसी के शिव नारायण प्रसाद यादव ने एचआईवी से संबंधित भ्रांतियों को दूर करने तथा संक्रमण से बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के समीर खां, आईसीटीसी के शिव नारायण प्रसाद, गैर सरकारी संस्था के रोशन कुमार और रिशु गुप्ता सहित कॉलेज के प्राचार्य डॉ. युगल झा, डॉ. सुनील गुप्ता, डॉ. आशीष भारती, डॉ. उपेंद्र कुमार सिंह, प्रो. ज्ञान चंद्र तिर्की और डॉ. मनोहर मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम लोगों को मानसिक स्वास्थ्य, एचआईवी से बचाव, समय पर जांच व उपचार तथा एचआईवी से जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के प्रति जागरूक करना था।

## समाचार सार

### मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर झामुमो की बैठक, अनियमितताओं की शिकायतों पर चर्चा

**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति के निर्देश पर सोमवार को धनुष पूजा स्थित पार्टी कार्यालय में पाकुड़ प्रखंड समिति की बैठक हुई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नए मतदाताओं के पंजीकरण और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी शिकायतों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मुसलेउद्दीन शेख ने की। बैठक में बूथ स्तर पर कार्यरत बीएलए-2, पंचायत पदाधिकारियों और कार्यकताओं से निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली गई। फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से किए गए आवेदनों की संख्या तथा उनकी पावती की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में पार्टी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि कुछ क्षेत्रों में वैध मतदाताओं के नाम उचित सत्यापन के बिना मतदाता सूची से हटाए जाने की शिकायतें सामने आई हैं। वहीं, बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा आवेदन स्वीकार नहीं करने, आवेदन जमा करने के बाद पावती नहीं देने और पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने की शिकायतों पर भी चर्चा हुई। पार्टी ने ऐसे मामलों का बूथवार विवरण तैयार कर जिला समिति को भेजने का निर्णय लिया। 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के नए मतदाताओं के पंजीकरण अभियान की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके अलावा मतदाता सूची में कथित फर्जी और दोहरी प्रविष्टियों तथा बाहरी लोगों के कथित अवैध पंजीकरण से जुड़ी शिकायतों पर तथ्य और प्रमाण जुटाने का निर्देश कार्यकताओं को दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है। बैठक में निर्वाचन पंजीकरण पदाधिकारी को पूर्व में दिए गए आपत्तिपत्रों और स्थानीय स्तर पर हुई प्रशासनिक कार्रवाई की समीक्षा कर समेकित रिपोर्ट जिला समिति को भेजने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड सचिव राजेश सरकार, उपाध्यक्ष आजफरुल शेख, इस्माइल रहमान, संगठन सचिव सत्तार शेख, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मुसर्रफ हुसैन, पूर्व अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष हबीबुर्रहमान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सोमवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और रखरखाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने वेयरहाउस में रखी ईवीएम मशीनों, सीसीटीवी कैमरों और अन्य तकनीकी उपकरणों की स्थिति की जांच की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए निर्वाचन कार्यालय के कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्वाचन नियमों के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी को प्रत्येक माह वेयरहाउस के बाहरी हिस्से और प्रत्येक तीन माह में अंदरूनी व्यवस्था का निरीक्षण करना होता है। निरीक्षण के बाद रखरखाव और तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, रांची को भेजा जाता है। उपायुक्त ने संबंधित कर्मियों को निरीक्षण के दौरान सामने आए बिंदुओं के आधार पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा प्रतिवेदन समय पर विभाग को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, दो माह बाद अज्ञात वाहन चालक पर मामला दर्ज

**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महेशपुर थाना क्षेत्र के गायबथान स्थित तिलका मांझी के पास 28 जुलाई की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हुई युवक की मौत के मामले में रविवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। मृतक के पिता और वादी संतोष कुमार दे ने थाने में आवेदन देकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आवेदन के अनुसार बरमसिया गांव निवासी विशाल कुमार दे 28 जुलाई की रात करीब साढ़े नौ बजे किसी काम से गायबथान स्थित तिलका मांझी के पास गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल विशाल की मौत हो गई। मृतक के पिता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि हादसे के बाद उनकी मानसिक और शारीरिक स्थिति ठीक नहीं थी। इसी कारण थाने में आवेदन देने में विलंब हुआ। पुलिस ने आवेदन के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस दुर्घटना के कारणों और वाहन की पहचान के लिए आवश्यक जानकारी जुटा रही है।

### पीएचडी की उपाधि मिलने पर परियोजना पदाधिकारी को उपायुक्त ने दी बधाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला ग्रामीण विकास शाखा के परियोजना पदाधिकारी माणिक चंद प्रजापति को पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्वों के साथ अध्ययन और ज्ञानवर्धन का क्रम भी जारी रखना चाहिए। अध्ययन और आगे बढ़ने की कोई उम्र नहीं होती। उपायुक्त ने कहा कि अध्ययन और शोध से ज्ञान एवं अनुभव का विस्तार होता है, जिसका सकारात्मक प्रभाव कार्यक्षमता पर भी पड़ता है। उन्होंने माणिक चंद प्रजापति की उपलब्धि को प्रेरणादायी बताते हुए आगे भी अध्ययन और शोध जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। माणिक चंद प्रजापति ने रांची विश्वविद्यालय के सामाजिक विज्ञान संकाय के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। जुलाई 2026 में विश्वविद्यालय की मौखिक परीक्षा में उन्हें पीएचडी उत्तीर्ण घोषित किया गया। उन्होंने ‌मनरेगा के लाभार्थी एवं गैर-लाभार्थी का एक आर्थिक अध्ययन—झारखंड राज्य के रामगढ़ जिला के संदर्भ में‌ विषय पर शोध किया। उपायुक्त ने कहा कि सेवाकाल में प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ उच्च शिक्षा और शोध को आगे बढ़ाना अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणा का विषय है। उन्होंने प्रजापति के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# पाकुड़ में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

स्टार्टअप संस्कृति विकसित करने की पहल




**पाकुड़।** जिले में उद्यमिता, नवाचार और नए व्यवसाय को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को रविंद्र भवन में तेजस जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, स्टार्टअप इंडिया, झारखंड सरकार और झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन उपायुक्त मेघा भारद्वाज, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के सहायक निदेशक दीपक कुमार और झारखंड औद्योगिक आधारभूत संरचना विकास निगम के प्रतिनिधि अनमोल चक्रवर्ती ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को नया व्यवसाय शुरू करने की प्रक्रिया, व्यावसायिक विचार विकसित करने, नवाचार, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, वित्तीय सहयोग, बाजार से जुड़ाव और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने युवाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि पाकुड़ में नए व्यवसाय और नवाचार की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को अपने आसपास की छोटी समस्याओं को पहचानकर उनके सरल और व्यावहारिक समाधान तलाशने चाहिए। उन्होंने कहा कि नया व्यवसाय शुरू करने के लिए हमेशा बड़े निवेश की जरूरत नहीं होती। कम लागत में भी किसी समस्या का प्रभावी समाधान विकसित किया जा सकता है। उपायुक्त ने कृषि और खाद्य उत्पादों के प्रसंस्करण तथा बेहतर बाजार से जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी स्थानीय युवाओं के लिए अवसर तैयार किए जा रहे हैं। सौर पैनल की मरम्मत और रखरखाव का प्रशिक्षण देने की योजना बनाई गई है, ताकि रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ सकें। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि जिले में भारत सरकार के पोर्टल पर वर्तमान में सात नए व्यवसाय पंजीकृत हैं। इनमें से पांच के प्रतिनिधि कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पाकुड़ का चयन देश के 132 जिलों में आयोजित ऐसी कार्यशालाओं के लिए हुआ है। जिला उद्योग केंद्र की ओर से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहयोग दिया जा रहा है।

कार्यशाला में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, पॉलिटेक्निक और महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं, महिलाओं, उद्यमियों, कारीगरों और नवोन्मेषकों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने कौशल विकास, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन, स्थानीय उद्योग और रोजगार सृजन से जुड़े विषयों पर जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले में वर्तमान सात नए व्यवसायों की संख्या बढ़ाकर कम से कम 20 करने की दिशा में सामूहिक प्रयास का आह्वान किया।

# जेवर दुकान लूटकांड का खुलासा करने वाली एसआईटी सम्मानित

**पाकुड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र में ज्वेलरी दुकान में हुई लूट का महज 10 दिनों में खुलासा करने वाली विशेष जांच टीम को सम्मानित किया गया। समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीते 2 सितंबर को अमड़ापाड़ा स्थित किशुन वर्मा ज्वेलर्स में तीन हथियारबंद अपराधियों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच टीम गठित की थी। टीम ने मानवीय सूचना, वैज्ञानिक साक्ष्य और तकनीकी जांच के आधार पर मामले का तेजी से अनुसंधान करते हुए 10 दिनों के भीतर घटना का खुलासा कर दिया।

पुलिस ने लूट में शामिल तीनों आरोपियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था।

सम्मानित होने वालों में महेशपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विजय कुमार, तत्कालीन अमड़ापाड़ा थाना प्रभारी अनुप रौशन भेंगरा, तत्कालीन महेशपुर थाना प्रभारी रवि कुमार, पाकुड़िया थाना प्रभारी मनोज महतो, तत्कालीन रद्दीपुर ओपी प्रभारी अजय कुमार उपाध्याय, तत्कालीन मालपहाड़ी ओपी प्रभारी राहुल गुप्ता, तत्कालीन लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी विवेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार सिंह, सुखदेव साहा, नागेंद्र कुमार, अरविंद राय और बलवंत दुबे समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस अधिकारियों ने टीम की तत्परता और बेहतर समन्वय की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों के बीच कानून का भय पैदा होगा और आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास मजबूत होगा।

# राज्य स्तरीय सीनियर कबड्डी में पाकुड़ उपविजेता, प्रिंस कुमार राय बने सर्वश्रेष्ठ रेडर



**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।।** 20वीं झारखंड राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ जिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। टीम ने पूरे टूनार्मेंट में बेहतर तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया।

क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकुड़ ने खूंटी की टीम को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके बाद सेमीफाइनल में दमदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो को पराजित कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला कोडरमा के खिलाफ हुआ, जिसमें पाकुड़ को हार का सामना करना पड़ा और टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में पाकुड़ के खिलाड़ी प्रिंस कुमार राय ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्हें प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ रेडर चुना गया। उनकी इस उपलब्धि से टीम और जिले में खुशी का माहौल है।

टीम की उपलब्धि पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल में हार-जीत स्वाभाविक है। उपविजेता बनने से निराश होने की जरूरत नहीं है। प्रतियोगिता से मिले अनुभव का लाभ उठाते हुए खिलाड़ी और बेहतर तैयारी के साथ अगले मुकाबलों में विजेता बनने का लक्ष्य रखें। उपायुक्त ने कहा कि पाकुड़ की टीम का फाइनल तक पहुंचना और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उपविजेता बनना जिले के लिए गौरव की बात है। उन्होंने खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

# विद्यालयों में मॉडल युवा ग्रामसभा, विद्यार्थियों ने निभाई जनप्रतिनिधियों की भूमिका



**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महेशपुर प्रखंड के पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय बिरकीट्टी और पीएमश्री उच्च विद्यालय देवीनगर में सोमवार को मॉडल युवा ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रोल प्ले के माध्यम से ग्राम सभा की कार्यप्रणाली और पंचायत स्तर पर लोकतांत्रिक सहभागिता की प्रक्रिया को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

विद्यार्थियों ने मुखिया, पंचायत सचिव, कृषक मित्र, राजस्व कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कर्मियों की भूमिका निभाई। इस दौरान स्थानीय समस्याओं पर चर्चा, सुझाव रखने और सामूहिक निर्णय लेने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। मॉडल युवा ग्रामसभा के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्थानीय स्वशासन और लोकतांत्रिक व्यवस्था की अपनी समझ का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को ग्राम सभा की कार्यप्रणाली, पंचायत व्यवस्था और निर्णय लेने की प्रक्रिया से परिचित कराना था। पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय बिरकीट्टी में कार्यक्रम के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी गणेश भगत तथा पीएमश्री उच्च विद्यालय देवीनगर में पीरामल फाउंडेशन के कर्मी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी अब्दुस सलीम मौजूद रहे। अधिकारियों ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना की।

# सुशांतो सेनगुप्ता के 25वें शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

लोगों ने दी भावभीनी श्रद्धांजली



**निरसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रामकनाली जीटी रोड किनारे लोकप्रिय नेता शहीद सुशांतो सेनगुप्ता, उनके छोटे भाई संजय सेनगुप्ता और कार्यकर्ता डी.डी. पाल की 25वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्प अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में माहौल भावुक रहा और कई लोगों की आंखें नम हो गईं। शहीद सुशांतो सेनगुप्ता की पत्नी सह पूर्व मंत्री अपर्णा सेनगुप्ता, पुत्र आकाश सेनगुप्ता, पुत्रवधू बनी सेनगुप्ता, पौत्र अभिराज व पृथ्वीराज, बेटियां लिपि और शिल्पी सेनगुप्ता, भाई गौतम सेनगुप्ता समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि सुशांतो सेनगुप्ता ने निरसा में जल समस्या को लेकर ‌जल दो या जेल दो‌ का आंदोलन शुरू किया था। उनके अनुसार, विरोधियों ने साजिश के तहत धनबाद से लौटने के दौरान इसी स्थान पर उनकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि 25 वर्ष बाद भी उनका बलिदान भुलाया नहीं जा सकता। मामले की सीबीआई जांच चल रही है और उन्हें न्यायालय पर पूरा भरोसा है। शहीद के भाई गौतम सेनगुप्ता ने कहा कि 25 वर्ष बीतने के बावजूद हत्यारा खुलेआम घूम रहा है। उन्होंने जल्द न्याय की मांग करते हुए कहा कि देरी से लोगों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा कमजोर हो सकता है। भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर ने सुशांतो सेनगुप्ता को मृदुभाषी और जनसमस्याओं के प्रति समर्पित नेता बताया। वहीं चिरकुंडा के पूर्व उपाध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने कहा कि उनके अधूरे सपनों को अपर्णा सेनगुप्ता आगे बढ़ा रही हैं।

# दुर्गापूजा को लेकर शांति समिति की बैठक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश




**पाकुड़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे समिति के सदस्यों से पूजा की तैयारियों और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता प्रशासन की प्राथमिकता है।

पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश और अन्य जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पूजा स्थलों और प्रमुख मार्गों से निर्माण सामग्री हटाने, विसर्जन और अन्य सार्वजनिक आयोजनों के लिए पूर्व अनुमति लेने तथा पूजा समितियों को पर्याप्त स्वयंसेवक तैनात करने को कहा गया। पंडालों में आपातकालीन संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के साथ यातायात, प्रवेश-निकास, विसर्जन मार्ग और अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि पर्व को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग मुख्यालय से की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों और पूजा पंडालों का सत्यापन किया जा रहा है। पर्याप्त संख्या में त्वरित कार्रवाई दल, पुलिस बल और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जा रही है। थाना स्तर पर नोडल पदाधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने पूजा समितियों से निर्धारित जुलूस मार्ग में बिना अनुमति बदलाव नहीं करने की अपील की।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्रों के इस्तेमाल को लेकर उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन अनिवार्य है।

उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अधिकारियों, थाना प्रभारियों और शांति समिति के सदस्यों ने पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग का भरोसा दिया।

संक्षिप्त समाचार

## दमानी की कंपनी के शेयरों का बुरा हाल, बिजनेस अपडेट के बाद लुढ़के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिग्गज निवेशक राधाकिशन दमानी के मालिकाना हक वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर सोमवार को बाजार खुलते ही बिखर गए हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर सोमवार को में 5 पर्सेंट से अधिक की गिरावट के साथ 3601.65 रुपये पर पहुंच गए हैं। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में स्टैंडअलोन रेवेन्यू में अच्छी रिकवरी के बाद भी कंपनी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली है। एवेन्यू सुपरमार्ट्स, रिटेल चेन डीमार्ट ऑपरेट करती



है। मार्केट एक्सपर्ट्स का कहना है कि एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों में अच्छी तेजी देखने को मिल सकती है और इसके शेयर 5723 रुपये तक जा सकते हैं। एवेन्यू सुपरमार्ट्स का स्टैंडअलोन रेवेन्यू चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 19,206 करोड़ रुपये रहा है। सालाना आधार पर कंपनी का स्टैंडअलोन रेवेन्यू 18.4 पर्सेंट बढ़ा है। पहली तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्ट्स की रेवेन्यू ग्रोथ 15.1 पर्सेंट और वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 19 पर्सेंट रही। कंपनी ने दूसरी तिमाही के दौरान 15 नए स्टोर्स जोड़े। एक साल पहले की समान अवधि में एवेन्यू सुपरमार्ट्स ने 8 स्टोर्स ऐड किए थे। वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के आखिर में कंपनी के स्टोर्स की कुल संख्या 518 पहुंच गई है। सालाना आधार पर स्टोर नेटवर्क करीब 20 पर्सेंट बढ़ा है। ब्रोकरेज फर्म सीएलएसए ने एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयरों पर हाई कन्विशन आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। ब्रोकरेज हाउस ने कंपनी के शेयरों के लिए 5723 रुपये का टारगेट दिया है। ब्रोकरेज फर्म बर्नस्टीन ने राधाकिशन दमानी के मालिकाना हक वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स को आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है और कंपनी के शेयरों के लिए 5000 रुपये का टारगेट दिया है। रिटेल चेन डीमार्ट चलाने वाली कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स का कवरेज करने वाले 32 एनालिस्ट्स में से 10 ने कंपनी के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। वहीं, 13 एक्सपर्ट्स ने होल्ड रेटिंग दी है, जबकि 9 एनालिस्ट्स ने कंपनी के

## गोल्ड सस्ता, सिल्वर महंगी: सोने के भाव में 1400 की गिरावट, चांदी 1025 चढ़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को अलग-अलग रुख देखने को मिला। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर दिसंबर डिलीवरी वाला सोना 1,400 रुपये गिरकर 1,49,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। जबकि, दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 1,025 रुपये बढ़कर 2,26,902 रुपये प्रति किलोग्राम पहुंच गई। सोने-चांदी के भाव में इस बदलाव के बावजूद सोने-चांदी के रेट आज ऑल टाइम हाई से काफी सस्ते हैं। एमसीएक्स के आंकड़ों के अनुसार, 29 जनवरी को सोना 1,93,096 रुपये के रिकॉर्ड हाई पर था और तब से लेकर आज की डेट तक 44,046 रुपये तक सस्ता हो चुका है। वहीं, एमसीएक्स सिल्वर का ऑल टाइम हाई 4,20,048 रुपये है और यह 1, 91,146 रुपये सस्ता हो चुका है। अमेरिका में सितंबर के रोजगार आंकड़े उम्मीद से कमजोर रहे। इसके अलावा पिछले दो महीनों के नॉन-फार्म पेरोल आंकड़ों में भी बड़ा संशोधन हुआ। इससे अक्टूबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर बढ़ाने की संभावना कम हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्टूबर में ब्याज दरें बढ़ने की संभावना एक सप्ताह पहले के 64 प्रतिशत से घटकर 22 प्रतिशत रह गई है। कम ब्याज दर की उम्मीद आमतौर पर सोने-चांदी जैसे गैर-ब्याज वाले निवेशों के लिए सकारात्मक मानी जाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी तस्वीर घरेलू स्ष्टङ्क से अलग रही।

इस फेस्टिव सीजन हवाई जहाज से घर जाना हो सकता है काफी महंगा

# 68 प्रतिशत तक बढ़ चुका है किराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप इस फेस्टिव सीजन घर जाने की योजना बना रहे हैं तो आपको हवाई यात्रा के लिए ज्यादा पैसा देना पड़ सकता है। देश के कुछ प्रमुख घरेलू रूट्स पर किराया एक साल पहले की तुलना में 68 प्रतिशत तक बढ़ गया है। भारी डिमांड और फ्यूल की बढ़ती लागत के बीच एयरलाइन कंपनियों ने कुछ रूट्स पर उड़ानें कम कर दी हैं। फ्लाइट्स की संख्या कम होने से किराया में अभी और इजाफा होने की आशंका है। ईटी की एक रिपोर्ट में ग्लोबल एविएशन एनालिटिक्स फर्म के आंकड़ों के हवाले से बताया गया है कि अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के लिए निर्धारित घरेलू उड़ानों की संख्या एक साल पहले की तुलना में 5 प्रतिशत कम है, जबकि सीट कैपेसिटी में केवल 1.2 प्रतिशत की कमी आई है। एयरलाइंस कम फ्लाइट्स ऑपरेट कर रही हैं लेकिन हर उड़ान में ज्यादा सीटें उपलब्ध करा रही हैं और बड़े विमानों का इस्तेमाल कर रही हैं ताकि कुल क्षमता मोटे तौर पर स्थिर बनी रहे। साथ ही जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी से



एयरलाइंस की लागत बढ़ गई है। 1 सितंबर से 10 नवंबर के बीच दिल्ली-हैदराबाद रूट पर एवरेज वन-वे किराया 68 प्रतिशत, मुंबई-कोलकाता पर 51 प्रतिशत, दिल्ली-गोवा पर 39 प्रतिशत और मुंबई-बेंगलुरु रूट पर 37 प्रतिशत बढ़ा है। कैपेसिटी में बदलाव का मतलब यह नहीं है कि सीटों की भारी कमी है। इसका असर रूट के हिसाब से अलग-अलग है। क्षमता बढ़ा रही हैं जबकि अन्य में उड़ानों की संख्या कम कर रही हैं।

मुख्य विश्लेषक जॉन ग्रांट ने कहा, 'इस तिमाही में घरेलू क्षमता के लिए सबसे व्यस्त दिन 7 दिसंबर होने की उम्मीद है, जिसमें 589,386 सीटें निर्धारित हैं, जो पिछले साल के सबसे व्यस्त दिन की 603,634 सीटों से कम है।' ओएजी का डेटा अलग-अलग मार्केट में अंतर दिखाता है। मुंबई-जामनगर रूट पर क्षमता एक साल पहले की 32,452 सीटों से तीन गुना से ज्यादा बढ़कर 102,520 हो गई है।

### कहां बढ़ सकता है किराया

इसी तरह दिल्ली-नवी मुंबई रूट पर कैपेसिटी 8,158 से बढ़कर 142,600 हो गई है। हालांकि, अहमदाबाद-कोलकाता रूट पर कैपेसिटी 20.9 प्रतिशत और हैदराबाद-जयपुर रूट पर 33.1 प्रतिशत कम हुई है। यात्रियों के लिए यह अहम है क्योंकि कम उड़ानों का मतलब है कि पीक डेट्स पर कम विकल्प। जिन रूट्स पर डिमांड ज्यादा है और उड़ानों की संख्या कम है, वहां किराया तेजी से बढ़ सकता है। फ्यूल की बढ़ती कीमतें भी एयरलाइन कंपनियों पर दबाव बढ़ा रही हैं। घरेलू ्रञ्जस्न की कीमतें 1 अक्टूबर से 16 प्रति लीटर बढ़कर 121 से लगभग 137 प्रति लीटर हो गईं। इससे पहले सितंबर में इसमें 6.28 प्रति लीटर और अगस्त में 5 प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। आईसीआरए के अनुसार, एयरलाइन के ऑपरेटिंग खर्च में फ्यूल की हिस्सेदारी 30-40 प्रतिशत होती है। घरेलू किराए पिछले साल के मुकाबले 30-40 प्रतिशत ज्यादा हैं, जबकि इंटरनेशनल किराए में 30-50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। घरेलू बुकिंग और सर्च मोटे तौर पर स्थिर रहे हैं दिल्ली-मुंबई, दिल्ली-बेंगलुरु, मुंबई-दिल्ली और मुंबई-बेंगलुरु के साथ-साथ बड़े मेट्रो शहरों को पटना और कोच्चि से जोड़ने वाले रूट्स पर भी अच्छी डिमांड है।

## नौकरी छोड़ने के बाद ईपीएफ का ब्याज टैक्स फ्री नहीं होता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** करियर ब्रेक लेने का मतलब यह नहीं है कि आपका खाता बंद हो गया या उसमें ब्याज मिलना रुक गया। अगर पैसा में जमा है, तो वह ब्याज कमाता रहेगा, लेकिन नौकरी छोड़कर ब्रेक लेने वाले लोगों को एक बात समझनी जरूरी है। पांच साल की नौकरी पूरी कर लेने का मतलब यह नहीं कि आगे का हर ब्याज अपने आप टैक्स फ्री हो गया। टैक्स एक्सपर्ट सीएस चांदनी आनंदन के मुताबिक कुछ फैसलों में कहा गया है कि नौकरी खत्म होने के बाद ईपीएफ बैलेंस पर जो ब्याज बनता है, वह टैक्सेबल हो सकता है। यह तब भी हो सकता है, जब कर्मचारी पांच साल की सर्विस पूरी कर चुका हो। यहां असली बात यह है कि पांच साल की सर्विस का नियम और नौकरी छूटने के बाद मिलने वाले ब्याज का टैक्स, दोनों अलग-अलग तरीके से काम करते हैं। इनकम टैक्स एक्ट की धारा 10(12) के तहत नौकरी छोड़ने की तारीख तक जमा हुआ ईपीएफ बैलेंस कुछ शर्तों के साथ टैक्स छूट के लिए पात्र हो सकता है। लेकिन कुछ फैसलों में माना गया है कि नौकरी खत्म होने के बाद जो ब्याज जमा होता है, उसे यही छूट नहीं मिलती। उस ब्याज को इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज माना जाता है और जिस साल वह ब्याज बनता है, उसी साल उस पर टैक्स लगता है।मान लीजिए किसी कर्मचारी के पास नौकरी छोड़ते समय 10 लाख रुपये का बैलेंस है। इसके बाद वह दो साल तक बिना नौकरी रहता है। अब यहां 10 लाख रुपये और ब्रेक के दौरान बने ब्याज को अलग-अलग देखना होता है। अगर बाद में वह नई नौकरी करता है और पांच या ज्यादा साल की लगातार सर्विस पूरी करता है, तो अंतिम विड्रॉल पर जमा बैलेंस छूट के लिए पात्र हो सकता है।लेकिन नियम और शर्तें लागू रहेंगी।

## 10 साल से बैंक अकाउंट नहीं चलाया तब भी आप अपना पैसा वापस ले सकते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कई साल से आपने अपने किसी पुराने बैंक खाते में न पैसा जमा किया, न निकाला तो हो सकता है बैंक ने उसे इनऑपरेटिव कर दिया हो। लेकिन राहत की बात ये है कि खाते में पड़ा आपका पैसा खत्म नहीं होता। यहां तक कि 10 साल तक क्लेम न करने पर रकम के फंड में पहुंच जाए, तब भी आप अपना पैसा वापस ले सकते हैं। जानिए पूरा नियम और पैसे का क्लेम करने का आसान तरीका। कई लोगों के पास एक से ज्यादा बैंक खाते होते हैं। नौकरी बदलने, शहर बदलने या नया बैंक



अकाउंट खुलवाने के बाद पुराना खाता ऐसे ही पड़ा रह जाता है। धीरे-धीरे साल बीत जाते हैं और खाताधारक को याद भी नहीं रहता कि उसमें कुछ पैसे जमा हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के नियम आपके पैसे को सेफ रखते हैं। अगर आपके सेविंग या करंट अकाउंट में दो साल से ज्यादा समय तक आपने यानी ग्राहक ने कोई ट्रांजेक्शन नहीं हुआ है, तो बैंक उसे इनऑपरेटिव यानी इनएक्टिव खाते के तौर पर केटेगरी कर सकता है। यहां यह समझना जरूरी है कि बैंक की तरफ से खाते में ब्याज जमा होना या बैंक के कोई चार्ज काटना ग्राहक की ओर से किया गया ट्रांजेक्शन नहीं माना जाता। यानी सिर्फ ब्याज आने से खाते में आपकी एक्टिविटी नहीं मानी जाएगी। लेकिन इनऑपरेटिव होने का मतलब यह नहीं है कि आपका खाता या पैसा खत्म हो गया। खाते में मौजूद रकम आपकी ही रहती है। अगर आपका पुराना बैंक खाता इनऑपरेटिव हो गया है।

मुकेश अंबानी ने दुनिया की सबसे बड़ी कन्वीनियंस-स्टोर चेन से नाता तोड़ा

# घाटे के बाद 60 स्टोर बंद करने की तैयारी




**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस ग्रुप की रिटेल कंपनी रिलायंस रिटेल और भारत में अपनी पांच साल पुरानी फ्रेंचाइजी डील खत्म करने जा रही हैं। इस पार्टनरशिप के तहत चलाए जा रहे लगभग 60 कन्वीनियंस स्टोर में से ज्यादातर को बंद किया जा रहा है। इसकी वजह यह है कि यह फॉर्मेट लगातार घाटे में चल रहा था। ईटी की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ आउटलेट बंद होने से पहले अपना स्टॉक खत्म कर रहे हैं। 7-इलेवन भारतीय बाजार में अपनी मौजूदगी बनाए रखने के लिए किसी दूसरे भारतीय पार्टनर की तलाश कर सकती है। हालांकि अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। इससे भारत में कन्वीनियंस स्टोरके सामने आ रही मुश्किलों का पता चलता है। देश में लाखों छोटे किराना स्टोर हैं। साथ ही क्विक-कॉमर्स कंपनियां भी मिनटों में सामान घर पहुंचा रही हैं।

कंज्यूमर-सेक्टर कंसल्टेंसी थर्ड आईसाइट के फाउंडर और ष्टश्वह्र देवांग्शु दत्ता ने कहा, 'रिलायंस हर चैनल के जरिए ग्राहकों तक पहुंचना चाहती है।

### किराना स्टोर का खर्च बहुत कम होता

देवांग्शु दत्ता ने कहा कि कॉर्पोरेट द्वारा चलाए जाने वाले कन्वीनियंस स्टोर की तुलना में किराना स्टोर का खर्च बहुत कम होता है और मार्जिन की उम्मीदें भी अलग होती हैं। रिलायंस का इस फॉर्मेट से बाहर निकलना इस बात का संकेत है कि इस पर नए सिरे से विचार करने की जरूरत है।

### ब्रांडेड स्टोर चलाने की लागत

इस बारे में रिलायंस और सवालों का जवाब नहीं दिया। रिलायंस और 2021 में हाथ मिलाया था। इस पार्टनरशिप का मकसद रिटेल नेटवर्क के जरिए दुनिया की सबसे बड़ी कन्वीनियंस-स्टोर चेन को भारत में लाना था। लेकिन बिजनेस उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। इसकी वजह यह थी कि ब्रांडेड स्टोर चलाने में ज्यादा लागत आती है। फाइनेंशियल स्टेटमेंट के अनुसार, कन्वीनियंस रिटेल वेंचर ने मार्च 2026 को खत्म हुए साल में लगभग 92 करोड़ (.10.6 मिलियन) का रेवेन्यू और लगभग 90 करोड़ का नेट लॉस दर्ज किया। 7-इलेवन की जापानी पैरेंट कंपनी दुनिया भर में 85,000 से ज्यादा स्टोर चलाती है। रिलायंस हर चैनल के जरिए ग्राहकों तक पहुंचना चाहती है, लेकिन आखिर में सस्टेनेबिलिटी मायने रखती है। क्विक कॉमर्स का दबाव बढ़ा है, क्योंकि दोनों ही फॉर्मेट एक जैसे सामान बेचते हैं और तुरंत जरूरत वाली चीजें उपलब्ध कराते

# 12वीं की मार्कशीट पर 1 करोड़ तक का लोन मिलेगा

### क्या एक करोड़ रुपये का एजुकेशन लोन मिल सकता है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 12वीं के बाद हाई एजुकेशन यानी कि उच्च शिक्षा के लिए काफी पैसों की जरूरत होती है। यह जरूरत इस बात पर भी निर्भर करती है कि आप किस कोर्स में, कहां पर और कब एडमिशन ले रहे हैं। इस बीच एक सवाल यह कि क्या 12वीं की मार्कशीट पर एक करोड़ रुपये का लोन मिल जाएगा। इसका उत्तर हां में है, लेकिन इसके लिए केवल 12वीं की मार्कशीट से काम नहीं चलेगा बल्कि और भी कई चीजें काफी जरूरी हैं, नहीं तो लोन नहीं मिल पाएगा।

हम यहां एक उदाहरण के लिए मेडिकल की पढ़ाई को ले रहे हैं, इसके साथ ही जानेंगे कि देश के सबसे बड़े




सरकारी बैंकों में से एक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया इसके लिए कितना तक स्टूडेंट लोन दे सकता है और इसकी पात्रता क्या है... हां, एक करोड़ रुपये का एजुकेशन लोन मिल सकता है। यह लोन आपको 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट पास करने और कॉलेज अलॉट होने के आधार पर मिलता है। आप सभी जानते हैं कि मेडिकल की पढ़ाई में कितना अधिक खर्च आता है। इसके लिए लोग एजुकेशन लोन की मदद लेते हैं। एसबीआई बैंक पात्र छात्र या छात्रा को एक करोड़ रुपये तक का एजुकेशन लोन देने की सुविधा प्रदान करता है। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, देश में हाई एजुकेशन के लिए एसबीआई एक करोड़ रुपये तक का लोन दे रहा है। बैंक के अनुसार, अगर आपको मेडिकल कोर्स जैसे एमबीबीएस, एमडी या एमएस की पढ़ाई के लिए लोन लेना है तो आपका एडमिशन द्वारा टॉप 100 स्थान पाए संस्थान में हो रहा हो। अगर आपका एडमिशन इनमें हो रहा है तो आपको मेडिकल कोर्स स्ह्व) के लिए 75 लाख रुपये तक और डेंटल सहित अन्य सभी कोर्स के लिए 50 लाख रुपये तक का लोन मिल सकता है। वहीं, अन्य संस्थानों के लिए यह लोन 50 लाख और 30 लाख रुपये तक का मिल सकता है।

### एजुकेशन लोन के लिए पात्रता क्या है

एजुकेशन लोन के लिए पात्रता अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन हम यहां बात एसबीआई की कर रहे हैं। देश यानी कि भारत में पढ़ाई के लिए या सरकार जैसी संस्थाओं से मान्यता प्राप्त कॉलेजों या विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जाने वाले अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट कोर्स (जिनमें रेगुलर टेक्निकल और प्रोफेशनल डिग्री/डिप्लोमा प्रोग्राम शामिल हैं) और आदि जैसे स्वायत्त संस्थानों द्वारा चलाए जाने वाले रेगुलर डिग्री/डिप्लोमा प्रोग्राम। एरोनॉटिक्स, पायलट ट्रेनिंग और शिपिंग जैसे क्षेत्रों में रेगुलर डिग्री/डिप्लोमा कोर्स, जिन्हें डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन, शिपिंग या संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी से मान्यता मिली हो।

# सिर्फ 2 साल में 10 करोड़ रुपये, भारतीय बाजार की नब्ज पकड़ खड़ी कर दी कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है प्रद्युम्न एनुगुला की। वह हैदराबाद के रहने वाले है। उन्होंने बढ़ते इलेक्ट्रिक वाहनों के दौर में चार्जिंग की झंझट में बड़ा मौका देखा। पेरिस और नीदरलैंड से इंटरनेशनल मार्केटिंग और इलेक्ट्रिक व्हीकल की पढ़ाई करने के बाद भारत लौटकर प्रद्युम्न ने अपने स्टार्टअप की नींव रखी। इसका नाम 'भारत चार्ज' है। बिना किसी बाहरी फंडिंग के पूरी तरह से अपने दम पर खड़े किए गए इस स्टार्टअप ने कम समय में ही करोड़ों की कमाई का आंकड़ा पार कर मिसाल कायम की है। आइए, यहां प्रद्युम्न एनुगुला की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। प्रद्युम्न ने पेरिस से इंटरनेशनल मार्केटिंग में मास्टर डिग्री ली है। नीदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी में उन्होंने ईवी से जुड़ा कोर्स किया है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह साल 2020 में कोरोना महामारी के दौरान भारत लौट आए। देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखकर उन्होंने महसूस



किया कि मजबूत चार्जिंग नेटवर्क की भारी कमी है। इसी कमी को दूर करने के मकसद से उन्होंने साल 2024 में हैदराबाद में 'भारत चार्ज' की स्थापना की। यह स्टार्टअप आज रेजिडेंशियल, कमर्शियल और हाईवे पर चार्जिंग हब विकसित करने का काम कर रहा है।

शुरुआत में कंपनी ने रेस्तरां और मॉल जैसी जगहों पर छोटे एसी चार्जर लगाने से शुरुआत की थी। लेकिन, जैसे-जैसे ईवी का चलन बढ़ा, कंपनी ने पेट्रोल पंपों की तर्ज पर एक साथ कई चार्जर वाले बड़े फास्ट-चार्जिंग हब बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। आज कंपनी 60 किलोवाट से लेकर 480 किलोवाट और उससे अधिक क्षमता वाले डीसी फास्ट चार्जर स्थापित कर रही है। इससे वाहन चालकों को मिनटों में गाड़ी चार्ज करने की सुविधा मिलती है।

### कंपनी का बिजनेस मॉडल

व्यापार को तेजी से फैलाने के लिए स्टार्टअप ने तीन शानदार मॉडल तैयार किए हैं। कंपनी के खुद के स्वामित्व वाला मॉडल, फ्रेंचाइजी मॉडल और प्रोजेक्ट इंवेस्टमेंट मॉडल। इसके तहत कोई भी भूस्वामी या निवेशक 10 लाख रुपये से लेकर 1.5 करोड़ रुपये तक का निवेश करके इस नेटवर्क से जुड़ सकता है। इसके अलावा ग्राहकों की सुविधा के लिए कंपनी ने बिना ऐप डाउनलोड किए सिर्फ क्यूआर कोड स्कैन करके पेमेंट और चार्जिंग शुरू करने की आसान तकनीक भी पेश की है।

### अब करोड़ों की कमाई

यह स्टार्टअप 20-30 लाख रुपये की शुरुआती पूंजी से हुआ था। किसी बड़े निवेशक की मदद के बगैर। वित्तीय मोर्चे पर यह बेहद मजबूत साबित हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 में इसने 5.5 करोड़ रुपये से अधिक का रेवेन्यू कमाया। इसके बाद में कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के शुरुआती महीनों में ही 7 से 8 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यानी सिर्फ दो साल में ही इसने 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई कर ली है।

# सस्ती होने वाली है विलायत की महंगी व्हिस्की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब के शौकीनों के लिए फेस्टिव सीजन में गुड न्यूज है। 15 जुलाई से लागू भारत-ब्रिटेन कॉम्प्रिहेंसिव इकनॉमिक एंड ट्रेड एग्रीमेंट के तहत ब्रिटेन से आयातित शराब पर कस्टम ड्यूटी 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दी गई थी। इससे शराब की कीमत कम हो सकती है। आबकारी विभाग के अधिकारियों के अनुसार दिल्ली में कुछ प्रीमियम व्हिस्की और जिन ब्रांड की कीमतें 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक कम हो सकती हैं।



### बढ़ सकती है ड्यूटी

अगर इसे मंजूरी मिलती है, तो राज्य का टैक्स बढ़ने से शराब की कीमतें बढ़ सकती हैं और कुछ आयातित ब्रांड के मामले में, कम कस्टम ड्यूटी से मिलने वाले फायदे का कुछ हिस्सा खत्म हो सकता है। हालांकि, आबकारी ड्यूटी बढ़ाने के प्रस्ताव पर फैसला लेने में अभी कुछ और समय लग सकता है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली के आबकारी कमिश्नर रवि झा का हाल ही में अरुणाचल प्रदेश तबादला हो गया था।

### कीमतों पर असर

इसकी वजह यह है विदेश से आने वाली शराब की रिटेल कीमत में राज्य की आबकारी ड्यूटी, टैक्स, मार्जिन और अन्य लागत भी शामिल होती हैं। अधिकारी ने कहा कि ग्राहकों को असल फायदा अलग-अलग ब्रांड और उनकी नई कीमतों पर निर्भर करेगा। नई कीमतें इसी महीने लागू हो सकती हैं। उत्तर प्रदेश में भी ऐसी ही प्रक्रिया चल रही है। राज्य में 10 अक्टूबर से यूके के कई शराब ब्रांड की कीमतें कम होने वाली हैं। कुछ प्रीमियम ब्रांड की कीमतों में 5 प्रतिशत से 15 प्रतिशत तक की कमी होने की उम्मीद है। वहीं, दिल्ली में एक और प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है जिससे शराब की कीमतें बढ़ सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार दिल्ली की आबकारी नीति में बदलाव के तहत आबकारी ड्यूटी बढ़ाने पर विचार कर रही है।इसलिए विभाग इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाने से पहले उनके उत्तराधिकारी के कार्यभार संभालने का इंतजार कर सकता है।



# हॉरर-कॉमेडी से डेब्यू करेंगे गोविंदा के बेटे यशवर्धन

गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा जल्द ही बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में अपनी पारी शुरू करने जा रहे हैं। उनकी पहली फिल्म ओरिजिनल हॉरर-कॉमेडी है, जिसे साजिद खान करीब एक दशक बाद निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी के साथ फैमिली ड्रामा भी कहानी का हिस्सा है। फिल्म का निर्माण अमर बुटाला कर रहे हैं और बालाजी इसके स्टूडियो पार्टनर हैं।

## कहानी का संसार काल्पनिक जगह पर बेस्ड होगी

फिल्म की सेटिंग भी इसके जॉनर की तरह अलग है। कहानी किसी वास्तविक शहर या गांव की लोककथा पर आधारित नहीं है, बल्कि एक काल्पनिक छोटे गांव में घटती है। यहां किसी वास्तविक जगह से जुड़ी मान्यता, किंवदंती या स्थानीय हॉरर स्टोरी को आधार नहीं बनाया गया है। इस लिहाज से फिल्म का सिनेमाई संसार पूरी तरह फिक्शनल है। हॉरर को किसी खास वास्तविक जगह से जोड़ने के बजाय कहानी के किरदारों और उनके पारिवारिक हालात से पैदा किया गया है। इसलिए इसे पारंपरिक लोककथा आधारित हॉरर के बजाय फैमिली-सिचुएशनल हॉरर-कॉमेडी के तौर पर देखा जा सकता है।

## नौकरीपेशा युवक का किरदार प्ले करेंगे यशवर्धन

यशवर्धन फिल्म में एक नौकरीपेशा युवक की भूमिका निभा रहे हैं। उसकी जिंदगी की एक बड़ी समस्या शादी है। शादी नहीं हो पाने की वजह से वह निजी और पारिवारिक दबाव से गुजर रहा है। यही स्थिति कहानी में कॉमेडी और फैमिली ड्रामा की जमीन तैयार करती है। इसके बाद कहानी किस तरह हॉरर की तरफ बढ़ती है, यह फिल्म का सस्पेंस है। मेकर्स ने फिलहाल इस हिस्से को जानबूझकर छिपाकर रखा है।

## एक दशक बाद साजिद खान की निर्देशन में वापसी

साजिद खान की यह फिल्म उनके निर्देशन करियर के लिहाज से कमबैक प्रोजेक्ट है। 'हे बेबी' और 'हाउसफुल' जैसी फिल्मों से कॉमेडी जॉनर में पहचान बनाने वाले साजिद इस बार सिर्फ कॉमेडी पर निर्भर नहीं हैं। उन्होंने हॉरर, कॉमेडी और फैमिली ड्रामा को एक ही कहानी में पिरोया है। फिल्म की कहानी और स्क्रीनप्ले पर साजिद खान के साथ अन्य लेखक भी काम कर रहे हैं। यह किसी फिल्म का रीमेक नहीं, बल्कि ओरिजिनल कहानी है।



# 5 साल बाद पर्दे पर तनिशा मुखर्जी की वापसी

मुंबई पाँच साल बाद तनिशा मुखर्जी बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं और इस बार उनके साथ है फिल्ममेकर कपिल कौस्तुभ शर्मा की कहानी ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है। मार्गाओ फाइल्स की सफलता के बाद कपिल अब एक ऐसी कहानी लेकर आ रहे हैं, जो पूरी तरह ज़िंदगी के छोटे-बड़े पलों से जुड़ी है और कई दशकों का सफर तय करती है। यह फिल्म दिखाती है कि वक्त के साथ इंसान, रिश्ते और जज़्बात किस तरह बदलते जाते हैं।

मुंबई की पारसी कम्युनिटी की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म 1990 के दशक से लेकर 2025 तक का सफर तय करती है और इसमें रोमांस, ह्यूमर और इंसानी जज़्बात का खूबसूरत मेल देखने को मिलेगा। फिल्म के सेंटर में हैं तनिशा मुखर्जी, जिनका किरदार ज़िंदगी के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता है। कपिल के लिए तनिशा को कास्ट करना सिर्फ किसी जाने-पहचाने चेहरे को दोबारा पर्दे पर लाने की बात नहीं थी, बल्कि ऐसे एक्टर की तलाश थी, जो अलग-अलग उम्र के पड़ावों में इस किरदार को पूरी ईमानदारी के साथ जी सके। तनिशा की वापसी और फिल्म के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर कपिल कौस्तुभ शर्मा कहते हैं, तनिशा एक ऐसी एक्टर हैं जिनमें एक खास तरह की इमोशनल क्वालिटी है, जो इस किरदार के लिए बहुत जरूरी थी। कहानी ज़िंदगी के अलग-अलग पड़ावों से होकर गुजरती है और मैं चाहता था कि कोई ऐसा कलाकार हो, जो इस सफर में ईमानदारी और गहराई ला सके। ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है मेरे लिए एक बहुत पर्सनल फिल्म है। यह रिश्तों, बदलते वक्त और आम ज़िंदगी की खूबसूरती के बारे में है और मुझे लगता है कि तनिशा ने इस किरदार में एक बेहद खास संवेदनशीलता लाई है।

फिल्म में कपिल की कोशिश सिर्फ कहानी सुनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि असली माहौल और असली लोकेशन्स को पर्दे पर उतारने की भी है। फिल्म के कई हिस्सों की शूटिंग साउथ मुंबई और दादर पारसी कॉलोनी के ऑथेंटिक पारसी घरों में की गई है। फिल्म को डेवलप करते वक्त कपिल ने पारसी कम्युनिटी के लोगों के साथ भी करीब से काम किया, ताकि फिल्म में उनकी संस्कृति, तौर-तरीके और बोलचाल का अंदाज़ पूरी तरह असली महसूस हो। डिटेलिंग पर यह खास ध्यान कपिल के फिल्ममेकिंग अप्रोच का हिस्सा रहा है। अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो से अपने डेब्यू से लेकर डन्नो वाय ना जाने क्यों, डन्नो वाय 2... लाइफ इज़ अ मोमेंट और लव इज़ लव जैसी फिल्मों तक, कपिल ने अलग-अलग विषयों और फॉर्मेट्स में कहानियां कही हैं। लेकिन उनकी कहानियों में इंसानी रिश्ते हमेशा एक अहम हिस्सा रहे हैं। ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है में कपिल ने कई जिम्मेदारियां अपने कंधों पर ली हैं। फिल्म को लिखने और डायरेक्ट करने के साथ-साथ वह इसे प्रोड्यूस भी कर रहे हैं और इसमें एक्टिंग भी कर रहे हैं। वह फिल्म में एक पारसी किरदार निभा रहे हैं, जिसका सफर अलग-अलग उम्र के पड़ावों से होकर गुजरता है। इसी वजह से कहानी के बड़े उम्र वाले हिस्सों के लिए उन्हें फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन से भी गुजरना पड़ा है।

इस फिल्म के पीछे कपिल की अपनी सिनेमाई यादों का भी खास कनेक्शन है। ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है नाम 1978 की फिल्म खट्टा मीठा के मशहूर गाने से इंस्पायर है। यही वह फिल्म थी, जिसने कपिल को बचपन में पर्दे पर पारसी दुनिया से रूबरू कराया था। फिल्म की एन्सेम्बल कास्ट में तनिशा मुखर्जी के साथ सुष्मिता मुखर्जी, कितू गिडवानी, परवीन दस्तूर, डेलनाज़ ईरानी, तनाज़ ईरानी, शाहरुख सिरस ईरानी, डॉली ठाकोर और अनन्या दत्ता नजर आएंगी। कपिल के लिए यह फिल्म एक ऐसी कहानी कहने का मौका है, जो शोर-शराबे से दूर थोड़ी शांत, ज्यादा इमोशनल और रिश्तों के करीब है। साथ ही, इसके जरिए मुंबई और उसकी पारसी कम्युनिटी की एक ऑथेंटिक झलक भी बड़े पर्दे पर देखने को मिलेगी। ज़िंदगी फिर भी खूबसूरत है को थिएट्रिकल रिलीज से पहले इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल सर्किट में भी ले जाने की तैयारी है।



# रिपोर्टिंग लाइव : पत्रकार बन अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करने निकलीं परिणीति चोपड़ा

परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'शक- ट्रस्ट नो वन' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी आगामी फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' की भी खूब चर्चा है और आज शनिवार को इसका ट्रेलर जारी कर दिया गया है। अभिनेत्री इस बार खनन माफियाओं का पर्दाफाश करने निकली हैं। मगर, मंजिल आसान नहीं है।

## जनता की आवाज बन सवाल पूछने निकलीं परी

ट्रेलर की शुरुआत में परिणीति चोपड़ा को दिखाया गया है। पत्रकार के रूप में वे एक अधिकारी का साक्षात्कार करने पहुंची हैं। एक दुर्घटना का जिक्र करती हैं। अधिकारी लापरवाही से कहता है, 'पुराना पुल था। दुर्घटना हो गई। आप रिपोर्टर एक ही चीज को कितनी बार रगड़ोगे'। दूसरा सवाल होता है, इस वक्त आपके जिले में अवैध रेत खनन की क्या स्थिति है? यह सुन अधिकारी चौंक जाता है और कहता है, 'अवैध खनन को रोकने के लिए कानून बनाया है। कोई सवाल ही नहीं है'। ब्राउन गोल्ड का अवैध कारोबार परिणीति चोपड़ा एक खोजी पत्रकार के रूप में नजर आई हैं। वे अपनी इन्वेस्टिगेशन पर निकलती हैं। मगर, माफियाओं का खौफ है। रिपोर्टिंग के दौरान उन्हें सतर्क किया जाता है कि कैमरा दिख गया तो मारे जाएंगे। वे चौंकती हैं। रेत के लिए? तब उन्हें बताया जाता है कि 'यह ब्राउन गोल्ड है मैडम। इसे मामूली मत समझिए'। धीरे-धीरे अवैध रेत खनन और माफियाओं की मनमानी को लेकर और परतें खुलती हैं। सबूत मिलते हैं। कागजात मिलते हैं। साथ ही होते हैं हमले।

## कब रिलीज होगी 'रिपोर्टिंग लाइव'

खोजी पत्रकारिता के दौरान खौफ भी है और खतरे भी। मगर, इरादे बुलंद हैं। परिणीति बेखौफ होकर निकल जाती हैं। परिवार से कहती हैं, 'इस बार हार गई तो हमेशा के लिए हार जाऊंगी'। चुनौती कम नहीं होतीं। क्या परिणीति माफियाओं का पर्दाफाश कर पाएंगी या हार जाएंगी? इसका खुलासा फिल्म में होगा। फिलहाल ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 09 अक्तूबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। परिणीति के अलावा फिल्म में देवेन भोजानी, अमोल पालेकर, आदिल हुसैन और शेखर सुमन जैसे सितारे हैं।

# बिग बॉस-20 में इमोशनल हुईं माही विज

रियलिटी शो 'बिग बॉस-20' के घर में कंटेस्टेंट माही विज और मैरी कॉम के बीच किचन की राजनीति ने घर का माहौल गरमा दिया है। हाल ही के एपिसोड में माही विज ने अमन गांधी से बात करते हुए यह मुद्दा उठाया कि मैरी कॉम किचन में पक्षपात करती हैं और अपने दोस्तों को ज्यादा खाना देती हैं। इस मुद्दे पर बात करते हुए माही विज काफी इमोशनल नजर आईं। उन्होंने साफ कहा कि उनकी मैरी कॉम से कोई निजी दुश्मनी नहीं है, बस किचन में जो पक्षपात हो रहा है, उससे उन्हें तकलीफ हुई है। अमन से बात करते हुए माही विज ने इस बात को अपने बचपन की यादों से जोड़ा और बताया कि लोअर मिडिल क्लास परिवार से आने की वजह से उन्होंने ऐसी घटनाओं को अलग तरीके से महसूस किया है। उन्होंने कहा, 'मुझे मैरी कॉम से कोई परेशानी नहीं है लेकिन जिस तरह से वह किचन में पक्षपात करती हैं, वह अच्छा नहीं लगता है और मुझे अपने बचपन की याद आने लगती है।' माही ने किचन में हो रहे भेदभाव और राजनीति को लेकर अपनी परेशानी बताते हुए याद किया कि कैसे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति की वजह से उन्हें बचपन में सामाजिक मौकों पर असहज महसूस होता था। उन्होंने कहा कि बचपन के उस दुखद अनुभव के बावजूद, आज भी वह उस रिश्तेदार के बच्चों के साथ अच्छा व्यवहार रखती हैं। उन्होंने कहा, 'मैं लोअर मिडिल क्लास फैमिली से हूं, हम बचपन में कभी रेस्टोरेंट नहीं गए थे और बस रिश्तेदारों के साथ ही गए थे। एक बार मेरी बहन ने उनसे कहा कि मुझे कॉर्न सूप पीना है, तो उन्होंने उससे कहा था कि तेरा बाप दे रहा है पैसे? और आज भी मैं उनके बच्चों के साथ अच्छे से पेश आती हूं और आज उन सबमें मैं सबसे ज्यादा कामयाब हूं।'

'बिग बॉस 20' में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े 16 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को घर में लाया गया है। शो में एमसी मैरी कॉम, कनिका मान, माही विज, कुशाल तंवर, अमन गांधी, ईशा रिखी, अरिश्फा खान, काजी तौकीर, आसिफ खान, आम्रपाली दुबे, रिति तिवारी, उदिति सिंह, तन्मय सिंह उर्फ स्काउट ओपी, रोहेद खान, यंग डीएसए और लव गिल जैसे नाम शामिल हैं।





# पहली फिल्म हो या दसवीं, मेरे लिए स्क्रिप्ट सबसे पहले

**आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह एक पाकिस्तानी जासूस बिलाल अहमद के किरदार में नजर आएंगे, जिसे अपनी याद्दाश्त खोने के बाद यकीन होने लगता है कि वह भारतीय है। फिल्म को लेकर उत्साहित आयुष्मान ने कहा कि वह किसी फिल्म को साइन करते समय यह नहीं देखते कि डायरेक्टर पहली फिल्म बना रहा है या दसवीं। उनके लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है कहानी और उसे लेकर फिल्ममेकर का विजन।**

बता दें कि आयुष्मान अपने करियर में लगातार ऐसी फिल्मों का हिस्सा बने है, जिनमें एंटरटेनमेंट के साथ अलग और मजबूत कहानी भी हो। 'दम लगा के हईशा', 'शुभ मंगल सावधान', 'ड्रीम गर्ल', 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान' और 'डॉक्टर जी' जैसी फिल्मों में काम करने के बाद अब वह 'उड़ता तीर' में राइटर आकाश ए. कौशिक के साथ नजर आएंगे। नए डायरेक्टर्स के साथ काम करने को लेकर आयुष्मान ने कहा, ''मेरे लिए स्क्रिप्ट हमेशा सबसे पहले आती है। मैं यह नहीं देखता कि कोई फिल्ममेकर अपनी पहली फिल्म डायरेक्ट कर रहा है या दसवीं। मैं यह देखता हूं कि उनके पास ऐसी कहानी और विजन है या नहीं, जो मुझे आकर्षित कर सके। मेरे करियर में सबसे यादगार अनुभव नए और अलग तरह के लोगों के साथ काम करने से आए हैं।'' उन्होंने कहा, ''नए फिल्ममेकर्स अपने साथ एक अलग तरह की भूख, ताजगी और हिम्मत लेकर आते हैं। उनमें जानी-पहचानी कहानियों को अलग नजरिए से देखने का साहस होता है। मैंने हमेशा माना है कि अगर किसी कहानी के पीछे विश्वास मजबूत है, तो उसे सपोर्ट किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''हर नया डायरेक्टर सेट पर एक अलग एनर्जी लेकर आता है। 'उड़ता तीर' में मुझे सिर्फ इसका जॉनर ही अपनी तरफ नहीं खींच रहा था, बल्कि आकाश ने जो दुनिया बनाई थी, वह भी मुझे बहुत पसंद आई। ऐसी स्क्रिप्ट मिलना आसान नहीं है, जो भ्रम, मजेदार, इमोशनल जैसी भावनाओं को एक साथ लेकर आए। साथ ही, जो किसी बड़े विचार से जुड़ी हो।''

आयुष्मान ने कहा, ''मैं आकाश के विजन में पूरी तरह उतरना चाहता था और अपने किरदार को खुद को एक ऐसी जगह ले जाने देना चाहता था, जिसकी मैंने पहले से उम्मीद नहीं की थी। फिल्म की यही अलग दुनिया और किरदार मुझे इस प्रोजेक्ट की तरफ लेकर आई।''

## टली उड़ता तीर की रिलीज डेट; मेकर्स ने किया नई तारीख का एलान

अपकमिंग फिल्म 'उड़ता तीर' अपने ट्रेलर और चल रहे प्रमोशन से काफी चर्चा बटोर रही है। फिल्म को लेकर अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। ऐसे में मेकर्स ने बड़ा फैसला लेते हुए इसकी रिलीज डेट बढ़ा दी है। आइए जानते हैं इसकी क्या वजहें हैं? आपको बता दें कि अजय देवगन की फिल्म 'दृश्यम 3' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह फिल्म अगले कुछ दिनों तक अच्छा कलेक्शन करेगी। ऐसे में 'उड़ता तीर' के मेकर्स ने समझदारी भरा फैसला लेते हुए फिल्म की रिलीज की तारीख 9 अक्तूबर से आगे बढ़ा दी है। अब यह फिल्म 23 अक्तूबर को रिलीज होगी।

फिल्म 'दृश्यम 3' के अलावा आज सिनेमाघरों में 'प्रेम कीटाणु' भी रिलीज हुई है। 16 अक्तूबर को यामी गौतम की फिल्म 'नई नवेली' रिलीज होने वाली है। वहीं 16 अक्तूबर को राज कुमार राव की 'प्रहार' भी रिलीज होने वाली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मेकर्स ने अक्तूबर के महीने में रिलीज होने वाली फिल्मों का आकलन किया। उन्होंने इस भीड़ से बचने के लिए और 'उड़ता तीर' को ज्यादा स्क्रीन देने के लिए यह बड़ा फैसला लिया। फिल्म में आयुष्मान खुराना मुख्य भूमिका में हैं, साथ ही सारा अली खान, गुलशन ग्रोवर, मुकुल देव और राम कपूर भी हैं। फिल्म अब 23 अक्टूबर के वीकेंड पर रिलीज होगी। उम्मीद है कि सिनेमाघरों में रिलीज से पहले इसका और प्रमोशन किया जाए।



## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सेना ने दी बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल को एशियन गेम्स 2026 में ब्रॉन्ज मेडल जीतने पर बधाई

**नई दिल्ली।** एशियन गेम्स 2026 में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर स्वदेश लौटे बॉक्सर नरेंद्र बेरवाल को भारतीय सेना ने बधाई दी है। नरेंद्र बॉक्सर होने के साथ-साथ भारतीय सेना में सूबेदार भी हैं और उनका प्रदर्शन एशियन गेम्स में शानदार रहा।



भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर नरेंद्र को बधाई देते हुए लिखा, 'जय से विजय - विजय से विजेता। युद्ध के मैदान से लेकर खेल के मैदान तक, भारतीय सेना के योद्धा देश का मान बढ़ाते रहे हैं। जनरल धीरज सेठ (थल सेना प्रमुख) और भारतीय सेना के सभी अधिकारी एवं जवान, 20वें एशियन गेम्स (आइची-नागोया 2026) में शानदार प्रदर्शन कर भारत का तिरंगा ऊंचा लहराने वाले सूबेदार नरेंद्र बेरवाल को हार्दिक बधाई देते हैं। भारतीय सेना - चैंपियंस तैयार करने की परंपरा।' नरेंद्र ने 90 किलोग्राम वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। नरेंद्र ने एशियन गेम्स में यह लगातार दूसरी बार मेडल जीता है।

### विवाद को लेकर बोले कोच जॉर्ज रोनाल्डो से 'कोई नाराजगी नहीं, टीम के दरवाजे उनके लिए खुले हैं'

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल फुटबॉल टीम के मुख्य कोच जॉर्ज जीसस ने कहा है कि अगर क्रिस्टियानो रोनाल्डो दोबारा नेशनल टीम के लिए खेलना चाहते हैं, तो उनके लिए टीम के दरवाजे खुले हैं। उन्होंने



कहा कि रोनाल्डो को अगली टीम घोषणा से पहले अपने भविष्य और करियर को लेकर फैसला करना होगा। 41 साल के इस अनुभवी खिलाड़ी ने कोच जॉर्ज जीसस के साथ कप्तान की भूमिका को लेकर बढ़ते मतभेद पर सार्वजनिक रूप से बात करने के कुछ ही घंटों बाद नेशनल टीम का कैंप छोड़ दिया था। कैंप छोड़ने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'सही समय आने पर मैं सभी पुर्तगाली लोगों को नेशनल टीम छोड़ने के अपने कारणों के बारे में सच बताऊंगा, जिसके प्रति मैं हमेशा समर्पित रहा हूं।

### स्लो ओवर रेट के कारण आईसीसी ने भारत-वेस्टइंडीज टीम पर लगाया जुर्माना

**दुबई।** न्यू चंडीगढ़ के पीसीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए तीसरे वनडे मुकाबले में स्लो ओवर रेट बनाए रखने के लिए आईसीसी ने भारत और वेस्टइंडीज टीम पर जुर्माना लगाया गया है। शनिवार को हुए आखिरी वनडे में समय की छूट को ध्यान में रखते हुए भारत को चार ओवर और



वेस्टइंडीज को दो ओवर कम फेंकने का दोषी पाया गया। इसके बाद भारतीय टीम पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत और वेस्टइंडीज पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (जो न्यूनतम ओवर-रेट उल्लंघनों से संबंधित है) के अनुसार, अगर कोई टीम तय समय में ओवर नहीं फेंक पाती है, तो उसके खिलाड़ियों पर हर ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।'

## हम ड्रेसिंग रूम में सुरक्षा का माहौल बनाना चाहते हैं: गौतम गंभीर

# वैभव को करना होगा मौके का इंतजार

**नई दिल्ली।** भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के साथ हुई अपनी बातचीत के बारे में बताया है। गंभीर ने कहा कि उन्होंने 15 वर्षीय खिलाड़ी को समझाया कि अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कभी-कभी खिलाड़ी को अपने मौके का इंतजार करना पड़ता है। इस साल जुलाई में सूर्यवंशी इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बने।

उन्होंने 15 साल और 99 दिन की उम्र में अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया और सचिन तेंदुलकर का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड तोड़ा। इसके बाद, वह पुरुषों के इंटरनेशनल क्रिकेट में अर्धशतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने। उन्होंने जिम्बाब्वे के खिलाफ 15 साल और 118 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि, उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ पूरी सीरीज और एशियन गेम्स से पहले जापान के खिलाफ खेले गए एकमात्र टी20 इंटरनेशनल



मुकाबले में खेलने का मौका नहीं मिला। 15 साल के इस बल्लेबाज ने श्रीलंका के खिलाफ एशियन गेम्स के सेमीफाइनल में भारत की प्लेइंग इलेवन में वापसी की, जहां

### भारत-वेस्ट इंडिज के बीच पहला टी-20 आज

उन्होंने 21 गेंदों पर 38 रन बनाकर मैच में अहम भूमिका निभाई।

गंभीर ने 'जियोस्टार' पर कहा, 'यह मेरे लिए भी एक नया अनुभव था। हां, वह अच्छी फॉर्म में थे, लेकिन मैंने उन्हें समझाया कि कभी-कभी, उन खिलाड़ियों की वजह से जिन्होंने लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें अपने मौके का



इंतजार करना पड़ सकता है। एक और बात, सोशल मीडिया या बाहर की बातें प्लेइंग इलेवन तय नहीं करतीं।

' भारतीय मुख्य कोच ने आगे कहा, 'यह पूरी तरह इस बात पर निर्भर करता है कि ड्रेसिंग रूम का समीकरण कैसा है, कौन सा खिलाड़ी कोच और कप्तान क ो मैच जिताने की क्षमता रखता है, तथा टीम की सबसे मजबूत 'प्लेइंग इलेवन' क्या है।

### भारत के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने आमिर जांगू को किया टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ होने वाली पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज आमिर जांगू को टीम में शामिल किया है। उन्हें ज्वेल एंड्रयू की जगह कवर के तौर पर बुलाया गया है, जो वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। शनिवार को न्यू चंडीगढ़ के नए पीसीए स्टेडियम में भारत के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के 36वें ओवर के दौरान नमन धीर का कैच पकड़ते समय एंड्रयू की उंगली में चोट लग गई थी, जिसके बाद उन्हें एक्स-रे के लिए अस्पताल ले जाया गया। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, 'शनिवार को तीसरे वनडे के दौरान ज्वेल एंड्रयू की उंगली में चोट लगने के बाद विकेटकीपिंग की भूमिका के लिए आमिर जांगू को टीम में शामिल किया गया है।



### चाइना ओपन: रोमांचक मुकाबले में डोना वेकिक को हराया

# इगा स्वियातेक ने बनाई राउंड ऑफ 16 में जगह

**बीजिंग।** छह बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक ने सोमवार को यहां चाइना ओपन के राउंड-ऑफ-32 में 30वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी डोना वेकिक को हराया। उन्होंने एक सेट और दो ब्रेक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। इगा स्वियातेक ने शानदार वापसी करते हुए राउंड-ऑफ-16 में जगह बनाई। पोलैंड की स्टार खिलाड़ी पहला सेट 4-6 से हार गई थीं और दूसरे सेट में 2-5 से पीछे चल रही थीं। ऐसा लग रहा था कि वह मैच हार जाएंगी, लेकिन उन्होंने जबरदस्त संघर्ष दिखाया। स्वियातेक ने दूसरे सेट का टाईब्रेकर 7-0 से जीता और फिर निर्णायक सेट में 6-2 से जीत हासिल कर मैच को 4-6, 7-6 (0), 6-2 से अपने नाम कर लिया। जीत के बाद ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए स्वियातेक ने बताया कि उन्हें एक सेट हारने के बाद कैसा महसूस हो रहा था। उन्होंने कहा, 'मैं सच में बहुत चिढ़ गई थी। मुझे लगा कि मैं बुरा नहीं खेल रही थी, लेकिन निश्चित रूप से वह काफी नहीं था। मैंने कुछ गलतियां कीं। मुझे गुस्सा आ रहा था। मैं कुछ बदलना चाहती थी। जाहिर है कि वह काम नहीं कर रहा था। दूसरा सेट शुरू में मुश्किल था। बाद में मैंने समझ लिया कि क्या करना है। मैं इसे लेकर बहुत खुश हूं। '

मैच के तीसरे गेम में स्वियातेक अपनी सर्विस गंवा बैठीं और वेकिक की सर्विस तोड़ने का कोई तरीका नहीं ढूंढ पाईं। आठवीं वरीयता प्राप्त पोलिश खिलाड़ी आखिरकार पहला सेट 4-6 से हार गईं। उनकी वापसी की उम्मीदों को तब और झटका लगा जब दूसरे सेट में वे दो बार अपनी सर्विस हार गईं और 2-5 से पिछड़ गईं। हालांकि, उन्होंने अपना बेहतरीन खेल दिखाया और क्रोएशिया की खिलाड़ी की सर्विस दो बार तोड़कर स्कोर 5-5 कर दिया। दोनों खिलाड़ियों ने अपनी सर्विस बचाए रखी और दूसरा सेट टाई-ब्रेक में चला गया, जिसमें स्वियातेक ने बिना कोई प्वाइंट गंवाए जीत हासिल की। तब तक, मोमेंटम उनके साथ था।

दोनों खिलाड़ियों ने तीसरे सेट की शुरुआत एक-दूसरे की सर्विस तोड़कर की, लेकिन पोलैंड की खिलाड़ी ने 3-2 पर ब्रेक हासिल किया और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने अपनी सर्विस बरकरार रखी और वेकिक की सर्विस तोड़ी, जिससे उन्होंने तीसरा सेट 6-2 से जीता और 2 घंटे 40 मिनट में शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की। अब स्वियातेक का सामना इवा जोविक से होगा।



### कंधे की चोट के कारण इस साल कोर्ट पर नजर नहीं आएंगी पोटपोवा

# बोलीं- शरीर को आराम की जरूरत

**नई दिल्ली।** दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी अनास्तासिया पोटापोवा ने अपने 2026 सीजन को समय से पहले ही खत्म कर दिया है। उन्होंने चोटों से जूझने और करियर की सबसे अच्छी रैंकिंग हासिल करने के मिले-जुले साल के बाद ठीक होने पर ध्यान देने का फैसला किया है। पोटापोवा ने अपने सोशल मीडिया पर इस फैसले की पुष्टि करते हुए कहा कि उनका शरीर लगातार उन्हें आराम करने का संकेत दे रहा था। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, 'मेरा सीजन खत्म हो रहा है। दुर्भाग्य से, हाल ही में मेरा शरीर मुझे बार-बार संकेत दे रहा है कि अब रुकने का समय आ गया है। मेरे लिए यह सबसे साफ संकेत है कि मुझे ब्रेक लेने, अपने शरीर



को ठीक होने के लिए जरूरी समय देने और मजबूती से वापसी करने की जरूरत है। 2027 में मिलते हैं।' पोटापोवा ने यह घोषणा बीजिंग टूर्नामेंट में सिन्जा क्रॉस के खिलाफ अपने शुरुआती दौर के मैच से दाहिने कंधे की चोट के कारण हटने के कुछ दिनों बाद की है।

उन्हें इसके बाद वुहान में खेलना था, लेकिन अब वह नए सीजन के लिए पूरी तरह फिट होने पर ध्यान देंगी। इस फैसले के साथ ही उस सीजन का समापन हो गया जिसमें पोटापोवा ने रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई। उन्होंने साल की शुरुआत लिन्ज से पहले 97वें स्थान पर रहते हुए की थी, लेकिन धीरे-धीरे रैंकिंग में ऊपर चढ़ती गईं और आखिरकार करियर की सर्वश्रेष्ठ 25वीं रैंकिंग तक पहुंचीं, जो अभी भी उनकी मौजूदा रैंकिंग है। उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन क्ले कोर्ट पर रहा। पोटापोवा लिन्ज में फाइनल तक पहुंचीं, 'लकी लूजर' के तौर पर मैड्रिड सेमीफाइनल में जगह बनाई और रोम तथा फ्रेंच ओपन दोनों में चौथे दौर तक पहुंचीं।

नेशंस लीग

# पुर्तगाल ने बनाई क्वार्टर फाइनल में जगह, नॉर्वे को 2-1 से हराया



**नई दिल्ली।** पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना खेल रही पुर्तगाल टीम ने 79वें मिनट में गोंकालो रामोस के विजयी गोल की मदद से नॉर्वे को 2-1 से हराया। क्रिस्टोफर अजेर ने शानदार हाफ-वॉली के जरिए मेहमान टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन दो मिनट बाद ही जोआओ कैंसेलो ने शानदार अंदाज में गोल करके स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद मेजबान टीम ने बढ़त हासिल कर ली। जोआओ फेलिक्स के शानदार पास पर गोंकालो रामोस ने गोल दागा। दो बार नेशंस लीग का खिताब जीत चुकी पुर्तगाल की टीम ने मैच के अंत तक अपनी बढ़त कायम रखी और ग्रुप ए4 में जीत का सिलसिला जारी रखा। हालांकि, मैच के आखिरी मिनटों में फ्रांसिस्को कॉन्सेकाओ को दूसरा पीला कार्ड मिलने के कारण मैदान छोड़ना पड़ा, लेकिन इससे टीम की जीत पर कोई असर नहीं पड़ा। वहीं दूसरी ओर, रासमस होजलुंड और जोशुआ जर्कजी ने अहम भूमिका निभाई और डेनमार्क तथा नीदरलैंड्स ने भी महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

### गोलरहित ड्रॉ रहा जर्मनी और ग्रीस के बीच खेला गया मुकाबला

**थेसालोनिकी (ग्रीस)।** जर्मनी की टीम ने ग्रीस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलकर अपना इंटरनेशनल ब्रेक समाप्त किया। 2026/27 यूईएफए नेशन्स लीग में चार मैचों के बाद जर्मनी के पांच अंक हैं। टीम अपने ग्रुप में नीदरलैंड्स और ग्रीस के बाद तीसरे स्थान पर बनी हुई है। जर्मनी पर अपनी पहली जीत दर्ज करने के एक हफ्ते बाद ग्रीस ने थेसालोनिकी में गोलरहित ड्रॉ खेलकर अपनी अजेय लय जारी रखी। टीम ने पूरे मैच में दबाव झेला, लेकिन हार से बचने में सफल रही। मैच में पहला अच्छा मौका ग्रीस को मिला, जब जियोर्गोस मासौरास के हेडर को



जर्मनी के गोलकीपर जोनास अर्बिग ने शानदार तरीके से रोक दिया। इसके बाद जर्मनी ने पहले हाफ में लगातार हमले किए और 15 शॉट लगाए। ग्रीस के गोलकीपर कोस्टास जोलाकिस ने भी डेविड राउम के खतरनाक शॉट को बचाकर टीम को बढ़त लेने से रोका। दूसरे हाफ में दोनों टीमों को ज्यादा बड़े मौके नहीं मिले। जर्मनी के फिलिप ट्रेउ के पास गोल करने का अच्छा मौका था, लेकिन उनका करीब से लगाया गया हाफ-वॉली शॉट गोल पोस्ट के ऊपर निकल गया। ग्रीस को मैच के दूसरे ही मिनट में गोल करने का बड़ा मौका मिला, लेकिन जियोर्गोस मासौरास के हेडर को जर्मनी के गोलकीपर जोनास अर्बिग ने शानदार बचाव से रोक दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 साल में सबसे गर्म रहा अक्टूबर, एक्यूआई भी सीजन में सबसे खराब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अक्टूबर महीने की शुरुआत सामान्य से अधिक तापमान के साथ हुई है। महीने की शुरुआत से ही अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है। शनिवार को तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिसने इसे पिछले दो वर्षों में अक्टूबर का सबसे गर्म दिन बना दिया। वहीं, रविवार को अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक था। रविवार को दिल्ली में इस सीजन का सबसे खराब एक्यूआई 187 दर्ज किया गया, जो मॉडरेट कैटेगरी के ऊपरी स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, दिन के दौरान कम से कम 19 मॉनिटरिंग स्टेशनों पर खराब एक्यूआई दर्ज किया गया। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि सर्दियों के मौसम में हवा की धीमी गति जैसे हालात के कारण प्रदूषण वाले दिन बढ़ेंगे। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, इस साल 1 और 2 अक्टूबर को दिन का तापमान 35.2 और 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके उलट, पिछले साल पूरे अक्टूबर महीने में सबसे अधिक तापमान 2 अक्टूबर को 35.7 डिग्री सेल्सियस रहा था, पूरे महीने में सिर्फ एक दिन पारा 35 डिग्री के पार गया था। ऐतिहासिक आंकड़ों पर नजर डालें तो अक्टूबर 2024 में 2 तारीख को 37.2 डिग्री, 2023 में 10 तारीख को 35.7 डिग्री और 2022 में 3 तारीख को 35.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रहा था। अक्टूबर में पड़ रही इस तेज गर्मी की वजह बताते हुए मौसम वैज्ञानिक कृष्ण मिश्रा ने कहा कि पिछले 15 दिनों से आसमान पूरी तरह साफ है और कोई बारिश नहीं हुई है। तेज धूप और बारिश की कमी के कारण तापमान लगातार सामान्य से ऊपर बना हुआ है। स्काईमेट वेदर के अनुसार, उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही शुष्क हवाएं भी गर्मी बढ़ाने का काम कर रही हैं। 5 से 7 सितंबर के दौरान तेज बारिश हुई थी, जबकि मानसून की विदाई के बाद 27 सितंबर को सिर्फ हल्की फुहारें पड़ी थीं। मौसम विभाग का अनुमान है कि हवाओं का रुख बदलने से जल्द ही दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी। 6 अक्टूबर से पश्चिमी और उत्तर-पश्चिमी हवाओं की जगह पूर्वी हवाएं चलने लगेंगी, जिससे 6 से 9 अक्टूबर के बीच तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

### मंकी कैप पहनकर आए हमलावर ने महिला को पड़ोसी के घर में घुसकर मारी गोली



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली में बवाना के सुल्तानपुर डबास इलाके में सोमवार सुबह मंकी कैप पहनकर आए हमलावर ने 32 वर्षीय महिला मनीषा को गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी स्कूटी से फरार हो गया। उधर, गंभीर हालत में महिला को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अभी चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर स्थिति की पुष्टि कर रही है। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 9:15 बजे सुल्तानपुर डबास में गोली चलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि मनीषा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता थीं और इलाके में अपनी दुकान पर थीं। बताया कि हमलावर ने उन पर गोली चलाई तो वह जान बचाने के लिए भागकर पड़ोसी के घर में घुस गईं। आरोप है कि हमलावर भी उनके पीछे पड़ोसी के घर में दाखिल हो गया और वहां महिला को गोली मार दी। वारदात के बाद हमलावर स्कूटी से फरार हो गया। मंकी कैप पहने होने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस की कई टीमें मामले की जांच में जुटी हैं।
आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हत्या के पीछे की वजह समेत सभी पहलुओं से जांच कर रही है। मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

# तुरंत एक्शन: भारतीय तटरक्षक बल बने फरिश्ता: अंडमान के पास घायल वियतनामी नागरिक को बचाया

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में समुद्र के बीच एक बार फिर भारतीय नौसेना की तत्परता देखने को मिली। 4 अक्टूबर 2026 की सुबह इंदिरा पॉइंट के पास एक व्यापारी जहाज MT Sun 09 पर सवार वियतनामी नागरिक घायल हो गया। समुद्र में अचानक पैदा हुई इस मेडिकल इमरजेंसी की सूचना मिलते ही अंडमान एवं निकोबार कमान ने तेजी से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। नौसेना के एक जहाज को तुरंत घटनास्थल की ओर रवाना किया गया और घायल व्यक्ति को नाव के जरिए जहाज तक पहुंचाकर प्राथमिक उपचार दिया गया।

मेडिकल इमरजेंसी की जानकारी मिलते ही अंडमान एवं निकोबार कमान ने बिना समय गंवाए बचाव अभियान की तैयारी शुरू कर दी। मामला समुद्र के ऐसे हिस्से का था, जहां किसी घायल व्यक्ति को तुरंत अस्पताल पहुंचाना आसान नहीं होता। ऐसे में नौसेना की टीम ने उपलब्ध संसाधनों के साथ तेजी से कार्रवाई की। नौसेना के एक जहाज को इंदिरा पॉइंट के आसपास भेजा गया। वहां पहुंचने के बाद समुद्र में नाव के जरिए ऑपरेशन चलाया गया और घायल वियतनामी नागरिक को सुरक्षित निकाल लिया गया। उसे नौसेना के जहाज पर लाने के बाद तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। मेडिकल टीम ने उसकी हालत पर लगातार नजर रखी और जरूरी चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। प्राथमिक उपचार के बाद घायल व्यक्ति के महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संकेतकों को स्थिर किया गया। इसके बाद उसे आगे के इलाज के लिए सुरक्षित तरीके से कैंपबेल बे पहुंचाया गया। वहां उसे बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई। इस तरह समुद्र में शुरू हुई मदद की प्रक्रिया सुरक्षित चिकित्सा केंद्र तक पहुंचने के साथ पूरी हुई।



अंडमान एवं निकोबार कमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी साझा की। कमान ने कहा कि इस तेज और समन्वित कार्रवाई ने समुद्र में सुरक्षा और लोगों की जान बचाने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को फिर साबित किया है।

## सांसद राधा मोहन दास अग्रवाल के सरकारी आवास में चोरी, गटर का ढक्कन तक चुरा ले गए चोर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के अति-सुरक्षित माने जाने वाले वीआईपी इलाके फिरोजशाह रोड स्थित राज्यसभा सांसद डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल के सरकारी आवास में चोरी का मामला सामने आया है. सांसद का सरकारी आवास कोठी नंबर-18 में है. वारदात के समय सांसद व उनका परिवार दिल्ली में मौजूद नहीं था. घर खाली होने का फायदा उठाकर चोरों ने परिसर में प्रवेश किया और घर के अंदर से सामान चोरी करने के साथ ही बाथरूम की टोंटी व घर के बाहर लगा गटर का ढक्कन भी उखाड़कर ले गए. डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का दिल्ली स्थित पता 18, फिरोजशाह रोड है. बाराखंभा रोड थाना पुलिस को कंट्रोल रूम के माध्यम से सरकारी आवास में चोरी की सूचना मिली. सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पूरे परिसर की जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया. फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घर के अलग-अलग हिस्सों की जांच कर फिंगरप्रिंट व अन्य जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं. शुरुआती जांच में घर से एक टैबलेट व कुछ जरूरी सामान चोरी होने की जानकारी सामने आई है.

## बारापुला फेज-3 पर फिर भीषण जाम, ट्रैफिक पुलिस के दावों की खुली पोल; हजारों लोग परेशान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली में बारापुला फेज-3 के मयूर विहार से एम्स जाने वाली लेन पर तीन दिनों तक राहत के बाद सोमवार से फिर वाहन चालकों को भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, मयूर विहार लाल बत्ती के पास से ट्रैफिक डायवर्ट किया जा रहा है। वाहनों को अक्षरधाम भेजा जा रहा है। वहां से गूगल वाहन चालकों को बारापुला के लिए गाइड कर रहा है। बारापुला फेज-3 पर सराय काले खां व एम्स जाने वाले मार्ग पर जाम लगा तो मयूर विहार की ओर उलटे आने लगे वाहन चालक, ट्रैफिक हुआ आमने-सामने। जागरण इस साढ़े तीन किलोमीटर के हिस्से को जाम से राहत दिलाने के लिए सभी प्रमुख प्वाइंट पर ट्रैफिक पुलिस तैनात किए गए हैं। मयूर विहार से एम्स वाली लेन पर समस्या जस की तस बनी हुई है।

बता दें कि गांधी जयंती, पहला शनिवार और फिर रविवार को सरकारी-गैरसरकारी कार्यालयों प्रतिष्ठानों के बंद रहने के चलते पूरी दिल्ली की सड़कों पर ट्रैफिक कम रहा। तीन दिन के अवकाश के बाद अब फिर से दिल्ली का सड़कों पर दबाव बढ़ गया। आश्रम से लेकर सराय काले खां, मयूर विहार से एम्स जाने वाली लेन भीषण जाम की चपेट में है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, मयूर विहार की ओर आने वाली तीन लेन वाली रोड सराय काले खां तक आती है। इसके आगे यानी सराय काले खां से एम्स तक रोड दो ही लेन है।

वहीं, लूप के सहारे सराय काले खां और स्लिप रोड के जरिए डीएनडी लूप, दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे, आश्रम एक्टेंशन व महारानी बाग रोड की ट्रैफिक भी एम्स की ओर जाने के लिए इस पर आकर मिलती है। इसके चलते भीषण जाम की स्थिति बन रही है। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, वाहन चालकों को गूगल पर रियल टाइम अपडेट अगले दो दिनों में मिलने लगेगा। वहीं सिग्नल लगाने और मर्जर प्वाइंट को ठीक करने में सप्ताहभर से अधिक समय लग सकता है। तब तक के लिए स्टाफ लगाकर यातायात को नियंत्रित कराने का प्रयास किया जा रहा है।

**लोगों के दस्तावेजों की जांच बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों की ओर से की जा रही है**

# दिल्ली के रंजीत नगर में एसआईआर को लेकर विशेष कैंप, बीएलओ और अधिकारी कर रहे समस्याओं का समाधान



**नई दिल्ली , एजेंसी।** दिल्ली के रंजीत नगर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विशेष कैंप लगाया गया है। कैंप में मतदाता सूची और एसआईआर से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। यहां पहुंचने वाले लोगों के दस्तावेजों की जांच बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों की ओर से की जा रही है। मतदाता सूची में नाम, पता या अन्य जानकारी में सुधार से जुड़ी समस्याओं को लेकर लोगों को मौके पर ही जरूरी जानकारी और सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कैंप में लोगों को एसआईआर की प्रक्रिया, फॉर्म भरने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा, बीएलओ से एसआईआर की प्रक्रिया, लोगों की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान को लेकर बातचीत भी की जा रही है। प्रशासन की ओर से लोगों को यह सुनिश्चित करने के लिए सहायता दी जा रही है कि प्रक्रिया के दौरान पात्र मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। एआरओ शिवकुमार शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि एसआईआर को लेकर पहले से ही तैयारी की गई थी। उन्होंने कहा कि 31 अगस्त से 30 सितंबर तक फॉर्म 6 और 7 भरने की प्रक्रिया निर्धारित थी, लेकिन लोगों की सुविधा को देखते हुए इसकी समय सीमा बढ़ा दी गई है। अब लोग 30 अक्टूबर तक अपना फॉर्म भर सकते हैं। इसके बाद 30 नवंबर तक संबंधित प्रक्रिया पूरी की जाएगी और 4 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना है, उन्हें फॉर्म 6 दिया जाता है। बीएलओ और कर्मचारी फॉर्म भरने में भी लोगों की मदद कर रहे हैं। वहीं, फॉर्म 7 का इस्तेमाल मतदाता सूची से नाम हटाने के लिए किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी है या कोई मतदाता किसी दूसरी जगह चला गया है, तो ऐसे मामलों में भी निर्धारित प्रक्रिया के तहत फॉर्म 7 का इस्तेमाल किया जाता है। शिवकुमार शर्मा ने बताया कि फॉर्म 8 का इस्तेमाल मतदाता सूची में पहले से दर्ज जानकारी में संशोधन के लिए किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति अपना नाम एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कराना चाहता है।

# कोलकाता की शर्मिला यूएस हॉल ऑफ फेम में शामिल, इंदिरा नूयी के बाद सम्मान पाने वाली दूसरी महिला

**वाशिंगटन, एजेंसी।** कोलकाता में पली बढ़ी शर्मिला मोना सिन्हा ने अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित प्रतिष्ठित नेशनल विमेंस हॉल ऑफ फेम में शामिल होकर नया इतिहास रच दिया है।

वह पेप्सिको की पूर्व सीईओ इंदिरा नूयी के बाद यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली भारतीय मूल की दूसरी महिला बन गई।

कोलकाता में जन्मी शर्मिला को बचपन में परिवार की तीसरी बेटी बोने पर अक्सर लैंगिक पक्षपात और भारतीय समाज की पुरानी मानसिकता का सामना करा पड़ा था।

उन्होंने बचपन को याद करते हुए बताया कि समाज में बेटों को फायदे का सौदा और बेटियों को नुकसान माना जाता था। इसी भेदभाव को देखते हुए उन्होंने ठान लिया था कि वे उन सभी बंदिशों को तोड़ेंगी जो आमतौर पर लड़कों के लिए आरक्षित रखी जाती है।

सिन्हा का सफर दुनिया बदलने के बड़े इरादों के साथ शुरू नहीं हुआ था, इसकी शुरुआत परिवार, उम्मीदों और गरीबी के ऐसे अनुभव से हुई जिसने उन पर गहरी छाप छोड़ी। कोलकाता में मदर टेरेसा के अनाथालय में एक वॉलंटियर के तौर पर काम करते हुए, उन्हें सिर्फ अपने आस-पास की कमी या अभाव ही नहीं, बल्कि एक और परेशन करने वाली बात भी महसूस हुई अनाथालय में लड़के कम थे, उन्हें बताया गया था कि छोड़े गए लड़कों को आसानी से गोद ले लिया जाता था। यानी अनाथ बच्चों के मामले में भी जेंडर ही उनका भविष्य तय कर रहा था।

किशोरावस्था में उन्हें पता चला कि उनकी दादी ने आजादी के आंदोलन के दौरान महिलाओं को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई थी। इसने उन्हें व्यवस्था को चुनौती देने की प्रेरणा दी। 18 साल की उम्र में वे उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गईं। उन्होंने मैसाचुसेट्स के प्रतिष्ठित स्मिथ



कॉलेज से इकोनॉमिक्स व आर्ट हिस्ट्री से ग्रेजुएशन और कोलंबिया बिजनेस स्कूल से एमबीए किया। उन्होंने मॉर्गन स्टेनली में इन्वेस्टमेंट बैंकर के रूप में शुरुआत की और बाद में प्रॉक्टर एंड गैंबल, यूनिलीवर और एलिजाबेथ आर्डेन जैसी बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम किया। सिन्हा ने अपनी कॉर्पोरेट और मैनेजमेंट स्किल्स का इस्तेमाल सामाजिक भलाई के लिए किया। उन्होंने वीमेन मूविंग मिलियंस नेटवर्क का नेतृत्व किया, जिसके सदस्यों ने महिलाओं के कल्याण के लिए करीब 1 बिलियन डॉलर का फंड प्रतिबद्ध किया। वे टू किल ए टाइगर जैसी ऑस्कर नॉमिनेटेड डॉक्यूमेंट्री की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी रही हैं। 2022 से शर्मिला मोना सिन्हा अंतरराष्ट्रीय संगठन इक्वालिटी नाउ की ष्टश्वह्र के रूप में काम कर रही हैं, जो बाल विवाह, यौन हिंसा और महिलाओं के कानूनी अधिकारों के लिए वैश्विक स्तर पर लड़ाई लड़ रहा है।

### सिन्हा ने मां की सीख की याद

सम्मान समारोह के दौरान दिए गए भावुक भाषण में शर्मिला ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी मां की सीख को दिया। उन्होंने याद किया कि कैसे कोलकाता में उनकी मां रोज सुबह किसी जरूरतमंद के लिए मुट्ठी भर चावल अलग निकालकर रख देती थी।
शर्मिला ने कहा,मैं इस असाधारण सम्मान को सिर्फ़ अपना नहीं मानती। मैं इसे मुट्ठी भर चावल की तरह स्वीकार करती हूँ, जो मुझे इस जिम्मेदारी के साथ सौंपे गए हैं कि मैं इसे आगे बढ़ाऊं। शर्मिला मोना सिन्हा का नेशनल विमेंस हॉल ऑफ फेम में शामिल होना यह साबित करता है कि अगर किसी बेटी को सही मौका दिया जाए और उस पर बंदिशे न लगाई जाएं तो वह दुनिया के सबसे बड़े मंच पर भी अपनी पहचान बना सकती है। शर्मिला की कहानी भी अब एक जानी पहचानी भारतीय-अमेरिकी कहानी में जुड़ गई है। इंदिरा नूयी के बाद, भारत की एक और बेटी अमेरिका की महिला नेताओं की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हो गई है।

## जापान में बवाल: ओकिनावा में महिला की हत्या के आरोप में अमेरिकी मरीन गिरफ्तार

**टोक्यो , एजेंसी।** जापान के ओकिनावा में एक स्थानीय महिला की कथित हत्या और लूट के मामले में एक अमेरिकी मरीन को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के बाद जापान में खासकर ओकिनावा के लोगों में भारी नाराजगी है। अमेरिकी सैन्य ठिकानों की मौजूदगी को लेकर पहले से असंतोष के बीच इस घटना ने विवाद को और बढ़ा दिया है। ओकिनावा प्रीफेक्चरल पुलिस के मुताबिक, 20 वर्षीय अमेरिकी मरीन को शनिवार तड़के नाहा शहर के एक होटल में 39 वर्षीय महिला की हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया। आरोपी फुतेंमा एयर स्टेशन पर तैनात है। उस पर महिला का बटुआ और बैकपैक ले जाने का भी आरोप है। जापानी समाचार एजेंसी क्योदो के अनुसार, महिला का शव होटल के कमरे में मिला। शुरुआती जांच में आशंका है कि उसकी गला दबाकर हत्या की गई। पुलिस के मुताबिक, सीसीटीवी फुटेज में आरोपी महिला के साथ होटल में प्रवेश करता दिखाई दिया। कुछ समय बाद वह अकेले होटल से बाहर निकला। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात नाहा के मनोरंजन क्षेत्र में आरोपी को अकेले घूमते हुए देखा गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। ओकिनावा के नवनिर्वाचित गवर्नर जेंता कोजा ने घटना पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस घटना से ओकिनावा के लोगों को बड़ा झटका लगा है और अमेरिकी सैन्य ठिकानों के पास रहने वाले लोगों में डर बढ़ गया है। उन्होंने अमेरिकी सैनिकों के अनुशासन और प्रशिक्षण पर भी सवाल उठाए।

जापान की प्रधानमंत्री सानाए ताकाइची ने भी घटना को बेहद दुखद और गंभीर अपराध बताया। उन्होंने कहा कि जापान सरकार ने अमेरिकी पक्ष के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। साथ ही जांच में पूरा सहयोग देने, अमेरिकी सैनिकों पर कड़ा अनुशासन लागू करने और भविष्य में ऐसी घटनाएं रोकने की मांग की गई है। विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने अमेरिकी राजदूत जॉर्ज ग्लास को तलब कर घटना पर जापान का आक्रोश जताया।

अमेरिका ने जांच में सहयोग का भरोसा दिया

अमेरिकी राजदूत ग्लास ने पीड़िता के परिवार के प्रति संवेदना जताई और कहा कि अमेरिका जापान की राष्ट्रीय और स्थानीय सरकारों के साथ जांच में सहयोग कर रहा है। अमेरिकी मरीन कॉर्प्स ने भी कहा कि आरोपी ओकिनावा में तैनात 3 मरीन एक्सपेडिशनरी फोर्स का सदस्य है और जांच में जापानी अधिकारियों का पूरा सहयोग किया जा रहा है।

**ओकिनावा में पहले से है अमेरिकी सैन्य मौजूदगी को लेकर नाराजगी:** जापान में करीब 50 हजार अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इनमें लगभग आधे ओकिनावा में रहते हैं। अमेरिकी सैन्य ठिकानों के कारण यहां के लोग लंबे समय से शोर, प्रदूषण और अपराध जैसी समस्याओं की शिकायत करते रहे हैं। 1995 में तीन अमेरिकी सैनिकों पर 12 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म का आरोप लगा था। इस घटना के बाद ओकिनावा में अमेरिकी सैन्य मौजूदगी के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए थे। स्थानीय पुलिस के अनुसार, पिछले साल अमेरिकी सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़े मामलों में 100 से अधिक गिरफ्तारियां हुई थीं। फुतेंमा एयर स्टेशन भी लंबे समय से विवाद का विषय रहा है। घनी आबादी वाले इलाके में स्थित इस बेस को हटाने की मांग होती रही है। जापान सरकार ने इसे ओकिनावा के हेनोको इलाके में स्थानांतरित करने की योजना बनाई है, लेकिन परियोजना में काफी देरी हुई है।

## इस्राइली सेना की कार्रवाई: युद्धविराम के बीच खान यूनिस में हमला, हमास के कमांडर समेत दो लड़ाके ढेर

**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने रविवार (स्थानीय समय) को कहा कि उसने गाजा पट्टी के खान यूनिस इलाके में अलग-अलग हमलों में हमास की मिलिट्री विंग के एक कमांडर और ग्रुप की ऑब्जर्वेशन यूनिट के एक लड़ाके को मार गिराया।

टेलीग्राम पर एक बयान में, आईडीएफ ने कहा कि उसने रविवार को पहले खान यूनिस इलाके में हमला किया। हमास की मिलिट्री विंग के कमांडर मुआद जमाल अबू नुसेरा को मार गिराया। इसमें कहा गया है कि शनिवार को एक अलग हमले में, उसने महमूद इब्राहिम डिब अलयान को मार गिराया, जिसे उसने हमास की ऑब्जर्वेशन यूनिट का लड़ाका बताया।

आईडीएफ के अनुसार,अलयान की पहचान हाल ही में 'येलो लाइन' इलाके में आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ गतिविधियों को आगे बढ़ाने और हमास की क्षमताओं को बहाल करने के लिए काम करने वाले व्यक्ति के तौर पर हुई थी। आईडीएफ ने कहा कि यह युद्धविराम समझौते का व्यवस्थित उल्लंघन था। आईडीएफ ने कहा कि हमलों से पहले नागरिकों को होने वाले नुकसान को कम करने के लिए कदम उठाए गए थे, जिसमें सटीक हथियारों और हवाई निगरानी का इस्तेमाल शामिल था।आईडीएफ ने आगे कहा कि समझौते के अनुसार दक्षिणी कमान के तहत सैनिक इलाके में तैनात हैं और वे उन खतरों के खिलाफ अभियान जारी रखेंगे जिन्हें उसने 'तत्काल खतरे' बताया है। इससे पहले, आईडीएफ ने कहा कि उसने खान यूनिस इलाके में भी हमला किया और साक्र नबील मूसा कैसी को मार गिराया, जिसे उसने हमास का नुखबा लड़ाका बताया। आईडीएफ ने कहा कि कैसी 7 अक्तूबर के नरसंहार के दौरान इस्राइली इलाके में घुस आया था।



## ब्राजील चुनाव : पहले दौर में लूला से आगे रहे फ्लावियो बोल्सोनारो, 25 अक्टूबर को होगा दूसरा मुकाबला

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** ब्राजील के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर में 98.81 प्रतिशत वोटों की गिनती पूरी होने तक बोल्सोनारो को 47.24 प्रतिशत वोट मिले, जबकि लूला को 44.91 प्रतिशत वोट हासिल हुए। पहले दौर में दक्षिणपंथी उम्मीदवार फ्लावियो बोल्सोनारो मौजूदा राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से आगे रहे। हालांकि, वह सीधे जीत के लिए जरूरी 50 प्रतिशत वोट हासिल नहीं कर सके। अब दोनों उम्मीदवारों के बीच 25 अक्टूबर को दूसरे दौर का मुकाबला होगा। ब्राजील की चुनाव व्यवस्था के मुताबिक, पहले दौर में जीतने के लिए किसी उम्मीदवार को 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट हासिल करना जरूरी है। दोनों में से कोई भी इस आंकड़े तक नहीं पहुंच सका, इसलिए अब दोनों दूसरे दौर में आमने-सामने होंगे। पहला दौर फ्लावियो बोल्सोनारो के लिए मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है। वह ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के बेटे हैं। पूर्व दक्षिणपंथी नेता जायर बोल्सोनारो पिछले चुनाव के नतीजे को सैन्य तख्तापलट के जरिए पलटने की नाकाम कोशिश की साजिश रचने के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद 27 साल की जेल की सजा काट रहे हैं। पहले दौर का मुकाबला शुरू से ही करीबी रहने की उम्मीद थी। हालांकि, चुनाव प्रचार के दौरान ओपिनियन पोल में लूला मामूली बढ़त बनाए हुए थे। इसके बावजूद फ्लावियो बोल्सोनारो का प्रदर्शन उम्मीद से बेहतर रहा और इससे दूसरे दौर से पहले ब्राजील की राजनीतिक तस्वीर काफी बदल गई है। पहले दौर के नतीजे बोल्सोनारो के लिए फायदेमंद भी साबित हो सकते हैं, क्योंकि दूसरे दौर में जगह नहीं बना पाने वाले कई उम्मीदवार दक्षिणपंथी खेमे से थे। अगर बोल्सोनारो इन उम्मीदवारों के समर्थकों का वोट अपने पक्ष में लाने में कामयाब रहते हैं, तो 25 अक्टूबर के मुकाबले में यह अहम साबित हो सकता है। वहीं, लूला अब अपने मौजूदा वोटरों का समर्थन बनाए रखने के साथ-साथ उन लोगों को भी अपने पक्ष में लाने की कोशिश करेंगे, जिन्होंने पहले दौर में बाहर हो चुके उम्मीदवारों को वोट दिया था।



## संक्षिप्त समाचार

### जैनामोड़ में दुर्गा पूजा समिति का गठन, रवि शंकर सिंह अध्यक्ष और मनोज सिंह बने सचिव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जैनामोड़ में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी दुर्गा पूजा के सफल और व्यवस्थित आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से नई पूजा कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी में रवि शंकर सिंह को अध्यक्ष, मनोज सिंह को सचिव और हरप्रीत सिंह (विक्की) को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आगामी दुर्गा पूजा को श्रद्धा, भक्ति और आपसी सहयोग के साथ भव्य रूप से आयोजित करने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों ने नई कमेटी के पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं और पूजा आयोजन में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक में पूजा की तैयारियों और आयोजन को व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। मौके पर अर्जुन सिंह, हीरालाल महतो, नारायण उपाध्याय, उपेंद्र हेम्ब्रम, जितेंद्र सिंह, उमाशंकर सिंह, पंकज जायसवाल, सुधीर उपाध्याय, राजकुमार गुप्ता, दीपक सिंह, सुरेश प्रसाद, राजू तिवारी, दिनेश बरनवाल, विजय बरनवाल, मुन्ना बरनवाल, सरवन कुमार, अशोक महतो, सुनील सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



### सेल बोनस के खिलाफ बीजीएच कर्मियों का प्रदर्शन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सेल में बोनस राशि को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। 32 हजार रुपये बोनस तय किए जाने के विरोध में बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के आह्वान पर बोकारो जेनरल अस्पताल के कर्मचारियों ने विभागाध्यक्ष कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सेल और बीएसएल प्रबंधन के साथ एनजेसीएस प्रतिनिधियों के खिलाफ भी नाराजगी जताई। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि सेल प्रबंधन मनमाने तरीके से बोनस फॉर्मूला लागू कर रहा है और इसके बाद एनजेसीएस प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बोनस राशि तय की जा रही है। कर्मचारियों का कहना था कि सेल ने 1.94 करोड़ टन कच्चे इस्पात का उत्पादन और करीब 13 हजार करोड़ रुपये का परिचालन लाभ हासिल किया है। इसके बावजूद बोनस राशि केवल 32 हजार रुपये तय करना कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। सभा को संबोधित करते हुए यूनियन के महासचिव हरिओम ने कहा कि एनजेसीएस में शामिल प्रतिनिधि कर्मचारियों द्वारा निर्वाचित नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ये प्रतिनिधि प्रबंधन द्वारा मनोनीत हैं और कर्मचारियों के हित में उचित समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि संगठन अब इस मामले को अदालत में ले जाने की तैयारी कर रहा है। प्रदर्शन के दौरान बीजीएच प्रबंधन पर अस्पताल कर्मचारियों के साथ भेदभाव किए जाने का मुद्दा भी उठाया गया। वक्ताओं ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग की। विरोध प्रदर्शन को यूनियन अध्यक्ष दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष कृष्ण रजवार और उपमहासचिव माणिक मुंडा सहित अन्य पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कर्मचारियों ने बोनस के मुद्दे पर अपना विरोध जारी रखने की बात कही।



### पर्व-त्योहार पर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था होगी मजबूत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी पर्व-त्योहार के दौरान बढ़ने वाली भीड़, यातायात दबाव और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बोकारो एसपी नाथू सिंह मीणा ने बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। एसपी कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में शहर की प्रमुख समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में चास में ट्रैफिक जाम और अतिक्रमण की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वहीं बेरमो के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जांच चौकी की व्यवस्था और बाजार क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ाने पर भी विचार-विमर्श हुआ। एसपी ने कहा कि यातायात और अतिक्रमण से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम का सहयोग भी लिया जाएगा। एसपी ने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के साथ आवासीय परिसरों में भी सुरक्षा के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाने पर जोर दिया। शहर के प्रमुख प्रवेश और निकास मार्गों पर रात्रि में निगरानी करने वाले कैमरे लगाने की योजना पर भी चर्चा हुई। इससे किसी आपराधिक घटना के बाद संदिग्धों की पहचान और गतिविधियों की निगरानी में पुलिस को मदद मिलेगी। पर्व-त्योहार के दौरान बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए बाइक पेट्रोलिंग समेत पुलिस गश्त को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। आम लोगों की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने की तैयारी भी की जा रही है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोग तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकें। चैंबर ऑफ कॉमर्स की ओर से बैठक में दिए गए सुझावों को शामिल करते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से एक व्यवस्थित प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



### धनबाद के निर्यात को हार्ड कोक से आगे बढ़ाने पर जोर

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उप विकास आयुक्त सन्नी राज की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय निर्यात प्रोत्साहन समिति की समीक्षा बैठक हुई। 'जिलों को निर्यात केंद्र बनाने' की पहल के तहत आयोजित बैठक में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के निर्यात आंकड़ों की पिछले वित्त वर्ष से तुलना करते हुए जिला निर्यात कार्ययोजना की समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि धनबाद के निर्यात को केवल हार्ड कोक तक सीमित नहीं रखना है, बल्कि स्थानीय उत्पादों और औद्योगिक वस्तुओं के नए बाजार विकसित करने होंगे। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि हार्ड कोक के अलावा इंजीनियरिंग सामान, कास्टिंग, फर्नेस लाइनिंग और विनिर्माण उपकरणों के निर्यात पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में स्थानीय टमाटर और मौसमी सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने की योजना पर भी काम किया जा रहा है। बैठक में चिरकुंडा की पांच फैक्ट्रियों द्वारा नेपाल, भूटान, अफ्रीका, बांग्लादेश, कुवैत और ओमान समेत विभिन्न देशों में किए जा रहे निर्यात पर चर्चा हुई। बैठक में नए सूक्ष्म एवं लघु निर्यातकों के लिए जोखिम प्रबंधन, औद्योगिक समूहों में क्षमता विस्तार और तकनीकी उन्नयन के लिए ऋण सुविधा, किसान उत्पादक संगठनों को निर्यात के लिए तैयार करने तथा डाक नेटवर्क के माध्यम से ई-कॉमर्स निर्यातकों को परिवहन सहायता देने पर विचार हुआ।

# पीएल खातों की राशि का दिसंबर तक उपयोग नहीं होने पर प्रत्यर्पण की कार्रवाई करें : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिला कोषागार, बोकारो का निरीक्षण कर वित्तीय कार्यों, अभिलेखों के संधारण एवं विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कोषागार के विभिन्न कक्षों, शौचालय एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साफ-सफाई एवं रख-रखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए इसे निरंतर बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मासिक लेखा पंजी का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि वित्तीय कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए गठित जिला स्तरीय समिति उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिवेदन का अवलोकन कर हस्ताक्षरित रूप से संधारित करने को कहा।



**पीएल खातों की राशि के उपयोग की करें नियमित समीक्षा**

उपायुक्त ने विभिन्न विभागों के पीएल खातों में उपलब्ध राशि एवं उसके उपयोग की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के पीएल खातों में राशि उपलब्ध है और उसका निर्धारित समय-सीमा में उपयोग नहीं किया जा रहा है, उन्हें आवश्यक पत्र जारी कर राशि के उपयोग के संबंध में निर्देशित किया जाए। दिसंबर तक राशि का उपयोग नहीं होने पर नियमानुसार राशि प्रत्यर्पित कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

**अवैध निकासी मामले में कार्रवाई का विवरण रखें अभिलेख में**

पुलिस शीर्ष में पूर्व में हुई अवैध निकासी के संदर्भ में उपायुक्त ने अब तक की गई सुधारात्मक कार्रवाई का पूर्ण विवरण संचिका में लिपिबद्ध रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की ऑडिट टीम के समक्ष संबंधित कार्रवाई एवं अभिलेख प्रस्तुत किए जाएं।

**एसी बिल के समायोजन में तेजी लाने का निर्देश**

उपायुक्त ने एसी बिल के लंबित समायोजन को लेकर सभी संबंधित डीडीओ के साथ बैठक कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कोषागार के कार्यों में वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता एवं वित्त विभाग - महालेखागार द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुपालन पर विशेष जोर दिया। साथ ही अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम का भी निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, एसी सुनील चन्द्र, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चन्द उरांव, एसएओ पंकज दुबे, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## आप का प्रदर्शन, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी की झारखंड प्रदेश और बोकारो जिला इकाई की ओर से सोमवार को महात्मा गांधी चौक पर वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में प्रदेश मीडिया सह प्रभारी कुमार राकेश, जोनल प्रभारी विधान चंद्र राय और जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा सहित पार्टी के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कुमार राकेश ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर देश में बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आंकड़ों को केंद्रीकृत कर निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों के अधिकार सीमित किए गए हैं। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त से इस्तीफे की मांग की। जोनल प्रभारी विधान चंद्र राय ने आरोप लगाया कि भाजपा की मिलीभगत से चुनाव आयोग ने देशभर में मतदाताओं के नाम मनमाने तरीके से काटे हैं। उन्होंने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ पार्टी का आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक मुख्य चुनाव आयुक्त इस्तीफा नहीं देते। जिला संयोजक धर्मेंद्र शर्मा ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा ही नहीं, बल्कि उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी होनी चाहिए। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता मिथिलेश गिरि, मनौवर अंसारी, एसके झा, अशोक कुमार, सतीश गुप्ता, सुमन सिंह मिट्ठू, भगवान सिंह कुशवाहा, धर्म पाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन का अभियान तेज, सितंबर में 534 मामलों में चार्जशीट दाखिल

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अभियान का असर दिखने लगा है। धनबाद पुलिस ने सितंबर माह में 534 मामलों में चार्जशीट और अंतिम प्रतिवेदन न्यायालय में समर्पित किया है। पुलिस के अनुसार, कई मामलों में अनुसंधान पूरा होने के बावजूद कागजी प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण न्यायालय में प्रतिवेदन दाखिल करने में देरी हो रही थी। इसे दूर करने के लिए थाना स्तर पर लंबित मामलों की लगातार समीक्षा और निगरानी की व्यवस्था की गई। इस अभियान में अभियोजन कोषांग की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। अभियोजन कोषांग ने जिले के सभी थाना प्रभारियों और अनुसंधानकताओं के साथ समन्वय कर लंबित कांडों की समीक्षा की। जिन मामलों में अनुसंधान पूरा हो चुका था, उनमें आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कराकर समय पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कराई गई। इससे मामलों को न्यायिक प्रक्रिया में आगे बढ़ाने में तेजी आई है। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि लंबित कांडों का गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान करते हुए समयबद्ध तरीके से न्यायालय में प्रतिवेदन समर्पित किया जाए। उन्होंने शेष लंबित मामलों की भी प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पुलिस के अनुसार, सितंबर में 534 मामलों में चार्जशीट और अंतिम प्रतिवेदन दाखिल किया जाना लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन और न्यायिक प्रक्रिया को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## जैन मिलन के संस्थापक सदस्य मदन लाल डागा का निधन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के जाने-माने व्यवसायी और जैन मिलन के संस्थापक सदस्य मदन लाल डागा का देर रात निधन हो गया। उनके निधन की खबर से जैन समाज सहित बोकारो के सामाजिक और व्यावसायिक जगत में शोक की लहर है। जैन मिलन के सचिव आलोक जैन ने बताया कि मदन लाल डागा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का उन्होंने हमेशा निर्वहन किया। जैन मिलन के गठन और उसकी सामाजिक गतिविधियों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। जैन मिलन के अध्यक्ष संजय बैद ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने एक समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता और मार्गदर्शक को खो दिया है। उन्होंने कहा कि मदन लाल डागा की सेवाओं और योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

## चास अंचल कार्यालय में हंगामा और मारपीट का आरोप, चार युवक हिरासत में

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चास अंचल कार्यालय में सोमवार को जमीन विवाद से जुड़े मामले को लेकर हंगामा और मारपीट की स्थिति उत्पन्न हो गई। घटना के बाद पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है। मामले को लेकर चास अंचल कार्यालय के सीओ सेवा राम ने चास थाना में शिकायत दी है। सीओ सेवा राम के अनुसार, बिलुलिया के चार से छह युवक जमीन विवाद से संबंधित मामले को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे थे। वे तत्काल अपने मामले का निष्पादन कराने की मांग कर रहे थे। सीओ ने बताया कि मामले से संबंधित मेल उसी दिन कार्यालय को प्राप्त हुआ था। वहीं, झारखंड सरकार के ऑफलाइन प्रमाणपत्र से संबंधित कार्य में कर्मचारी व्यस्त थे। युवकों को कुछ देर इंतजार करने के लिए कहा गया, लेकिन वे कथित तौर पर आक्रोशित हो गए और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना पर पुलिस को बुलाया गया। सीओ के अनुसार, घटना के दौरान अंचल कार्यालय के बीडीओ भी उनके चैंबर में मौजूद थे। इधर, हिरासत में लिए गए युवकों ने सीओ के आरोपों से इनकार किया है। उनका आरोप है कि काम करने के एवज में उनसे रुपये की मांग की गई थी। इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और बाद में उन पर गलत आरोप लगाया गया। सीओ सेवा राम ने रुपये मांगने के आरोप को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने युवकों के साथ मारपीट के आरोप से भी इनकार किया। सीओ ने बताया कि घटना की सच्चाई सामने लाने के लिए कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## बेलगड़िया में विस्थापित परिवारों ने बताईं समस्याएं, बिजली-पानी की किल्लत और जर्जर मकानों पर चिंता

**कतरास/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झरिया के अग्नि और भू-धंसान प्रभावित क्षेत्रों से विस्थापित कर बेलगड़िया टाउनशिप में बसाए गए परिवारों की समस्याएं एक बार फिर सामने आई हैं। सोमवार को पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बेलगड़िया का दौरा कर विस्थापित परिवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय लोगों ने बिजली और पानी की समस्या के साथ जर्जर हो चुके आवासों की स्थिति से अवगत कराया। विस्थापित परिवारों ने बताया कि बेहतर और सुरक्षित भविष्य की उम्मीद में उन्हें यहां बसाया गया था, लेकिन वर्तमान में उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई मकानों के दरवाजे और अन्य ढांचागत हिस्से भी क्षतिग्रस्त होने की बात सामने आई। विजय कुमार झा ने मौके पर संबंधित प्रभारी से बात कर बिजली और पानी की समस्या की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण बिजली-पानी की व्यवस्था प्रभावित है। इस पर झा ने नाराजगी जताते हुए कहा कि लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर बसाना मात्र पुनर्वास नहीं है। विस्थापित परिवारों को सम्मानजनक जीवन के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना भी सरकार और संबंधित एजेंसियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों को कम से कम 15 दिनों तक बेलगड़िया में रहकर यहां की स्थिति को देखना चाहिए। इससे उन्हें विस्थापित परिवारों की समस्याओं को नजदीक से समझने और बिजली-पानी जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में काम करने में मदद मिलेगी। दौरे के दौरान वार्ड संख्या दो के पार्षद मोहम्मद शहाबुद्दीन, समाजसेवी गौतम मंडल, बंटी दत्ता सहित करीब 50 स्थानीय लोग मौजूद थे। लोगों ने विस्थापित कॉलोनी में बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग की।



## सेल ने बनाया रिकॉर्ड, पहली छमाही में इस्पात उत्पादन और बिक्री में शानदार प्रदर्शन

**बोकारो/नई दिल्ली/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही और सितंबर 2026 में उत्पादन, बिक्री और दक्षता के क्षेत्र में कई नए रिकॉर्ड बनाए हैं। कंपनी ने अप्रैल से सितंबर के दौरान गर्म धातु, कच्चे इस्पात और तैयार इस्पात का अब तक का सर्वश्रेष्ठ छमाही उत्पादन दर्ज किया। इस अवधि में कंपनी ने 1.02 करोड़ टन गर्म धातु, 96 लाख टन कच्चा इस्पात और 83.9 लाख टन तैयार इस्पात का उत्पादन किया। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में इनमें क्रमशः दो, एक और एक प्रतिशत की वृद्धि हुई। कुल बिक्री योग्य इस्पात में तैयार इस्पात की हिस्सेदारी भी बढ़कर 89.2 प्रतिशत हो गई। उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात के उत्पादन में भी कंपनी ने नया रिकॉर्ड बनाया। पहली छमाही में करीब 20 लाख टन उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात का उत्पादन हुआ, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। लौह अयस्क उत्पादन में 13 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इसकी बिक्री 190 प्रतिशत बढ़कर 26.71 लाख टन हो गई। इस दौरान भारतीय रेलवे को लंबी रेल और पहिया-धुरा की आपूर्ति में भी क्रमशः सात और तीन प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने करीब 1.45 लाख टन भंडार और लगभग 1080 करोड़ रुपये की उधारी कम की। सितंबर में सेल ने 16.9 लाख टन बिक्री योग्य इस्पात की बिक्री की, जो सितंबर महीने का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कंपनी के ब्रांडेड सरिया की बिक्री भी 1.5 लाख टन से अधिक रही। सितंबर में तैयार इस्पात की हिस्सेदारी बढ़कर 92 प्रतिशत हो गई। लौह अयस्क की सितंबर में बिक्री 134 प्रतिशत बढ़कर 4.92 लाख टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची। कंपनी ने इस महीने करीब 1.92 लाख टन भंडार और 208 करोड़ रुपये की उधारी कम की। सेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. ए.के. पंडा ने कहा कि पहली छमाही और सितंबर की रिकॉर्ड उपलब्धियां कार्यबल की दक्षता, नवाचार और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले इस्पात पर बढ़ते जोर के साथ सेल देश की औद्योगिक प्रगति में और अधिक योगदान देने के लिए तैयार है।



## केंद्रीय विद्यालय में राष्ट्रीय युवा सांसद प्रतियोगिता, विद्यार्थियों ने निभाई सांसदों की भूमिका

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-4 में 37वीं राष्ट्रीय युवा सांसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसद की कार्यवाही, कानून निर्माण की प्रक्रिया और संसदीय व्यवस्था की बारीकियों से परिचित कराना है। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने संसद की कार्यवाही का जीवंत प्रदर्शन किया। किसी विद्यार्थी ने लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाई, तो कोई नेता प्रतिपक्ष और सांसद के रूप में नजर आया। विद्यार्थियों ने सदन की कार्यवाही के अनुरूप विभिन्न मुद्दों पर चर्चा और बहस में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संसदीय नियमों और प्रक्रियाओं का पालन करते हुए अपनी बात रखने का अभ्यास किया। आयोजकों के अनुसार, युवा सांसद प्रतियोगिता विद्यार्थियों को केवल मंच प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों, नेतृत्व क्षमता, तार्किक सोच और अभिव्यक्ति कौशल का विकास किया जाता है। संसद की कार्यवाही का प्रत्यक्ष रूप से अनुकरण करने से विद्यार्थियों को यह समझने का अवसर मिलता है कि सदन में जनहित से जुड़े मुद्दों पर किस तरह चर्चा होती है और कानून बनाने की प्रक्रिया किस प्रकार आगे बढ़ती है। प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों ने इस अनुभव को ज्ञानवर्धक और उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही को करीब से समझने और सांसदों की भूमिका निभाने से उन्हें संसदीय व्यवस्था को बेहतर ढंग से जानने का अवसर मिला। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 5 और 6 अक्टूबर को किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में संसदीय प्रक्रिया की समझ विकसित करने के साथ उन्हें जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



## औद्योगिक क्षेत्रों की मूलभूत सुविधाएं होंगी मजबूत, सात दिनों में सड़क मरम्मत का प्रस्ताव

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में औद्योगिक क्षेत्रों की बिजली, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट और कनेक्टिविटी जैसी मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। सोमवार को उपायुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक बियाडा अजय नाथ झा की अध्यक्षता में औद्योगिक प्रतिनिधियों के साथ समन्वय बैठक हुई। इसमें विभिन्न औद्योगिक संगठनों और इकाइयों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं और सुझाव रखे। उपायुक्त ने कहा कि उद्योगों के सुचारू संचालन के लिए बिजली, पानी और मजबूत आधारभूत संरचना जरूरी है। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था को मीटर आधारित और पारदर्शी बनाने तथा वास्तविक खपत के आधार पर बिलिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पाइपलाइन लीकेज और तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिम्मेदार एजेंसी तय करने को कहा गया। औद्योगिक क्षेत्रों में पानी, बिजली, सड़क, स्ट्रीट लाइट और अन्य सुविधाओं की प्रत्येक तीन माह में समीक्षा तथा वर्ष में एक बार आय-व्यय और कार्यों की समेकित रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट के लिए संयुक्त सर्वे कर मैप तैयार करने तथा दुर्घटना संभावित स्थानों को प्राथमिकता देने को कहा गया। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों की सड़कों की मरम्मत, नवीकरण, कल्वर्ट और नई कनेक्टिविटी की जरूरत का स्थलवार प्रस्ताव सात दिनों में देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने भारी वाहनों के आवागमन को ध्यान में रखते हुए भविष्य की जरूरत के अनुसार सड़कों को विकसित करने, पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण के लिए उपयुक्त स्थलों की पहचान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजना केवल मौजूदा समस्याओं के समाधान तक सीमित न रहे, बल्कि अगले 25 से 50 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर टिकाऊ व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, बियाडा के अधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारी और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।




## उत्तर-पुस्तिकाएं दिखाकर विद्यार्थियों को बताई गई कमियां, अभिभावकों ने सराही पारदर्शी व्यवस्था

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर, 3सी बोकारो में सोमवार को अर्द्धवार्षिक परीक्षा की मूल्यांकित उत्तर-पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखायी गयीं। कक्षा अरुण से द्वादश तक के विद्यार्थियों को उनकी उत्तर-पुस्तिकाएं उपलब्ध कराकर परीक्षा में प्राप्तांक, प्रदर्शन और विषयवार कमियों से अवगत कराया गया। आचार्यों ने विद्यार्थियों को उनकी गलतियों में सुधार के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। उत्तर-पुस्तिकाओं के अवलोकन के दौरान विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन को समझा और परीक्षा में हुई त्रुटियों के बारे में आचार्यों से जानकारी ली। विद्यालय की इस पहल से विद्यार्थियों में आत्ममूल्यांकन की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में करीब 60 प्रतिशत अभिभावकों की उपस्थिति रही। अभिभावकों ने विद्यालय की पारदर्शी व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उत्तर-पुस्तिकाएं देखने से उन्हें अपने बच्चों की वास्तविक शैक्षिक प्रगति और विषयवार कमियों की जानकारी मिलती है। उपप्रधानाचार्य राजेश कुमार पांडेय ने कहा कि ऐसी गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्ममूल्यांकन की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम हासिल करना नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की प्रक्रिया को मजबूत बनाना है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने कहा कि परीक्षा के बाद उत्तर-पुस्तिकाएं विद्यार्थियों को दिखाना शैक्षिक प्रक्रिया में पारदर्शिता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे विद्यार्थी अपनी गलतियों को समझकर उनमें सुधार कर सकते हैं और आगामी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी कर सकते हैं। विद्यालय के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि मूल्यांकन के बाद उत्तर-पुस्तिकाओं का अवलोकन कराने से शैक्षिक व्यवस्था अधिक प्रभावी और उत्तरदायी बनती है। इससे विद्यालय, विद्यार्थी और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK